* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

08 अक्टूबर, 2023
अश्विन, शुक्ल पक्ष, नवमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 348

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में अदालतों को संवेदनशील होना चाहिए : सुप्रीम कोर्ट






# एशियाई खेल : शतक के साथ भारत ने रचा इतिहास



- देश की झोली में 107 मेडल, आखिरी दिन आर्चरी, क्रिकेट, बैडमिंटन और कबड्डी में आया सोना

एजेंसी

**हांगझोऊ।** 'चक दे इंडिया...'। भारतीय खिलाड़ियों ने वह कर दिखाया, जिसकी शायद कुछ वर्ष पहले कल्पना नहीं की जा सकती थी। देश ने एशियाई खेलों में इतिहास रच दिया है। भारत के अब तक 28 गोल्ड सहित 107 मेडल हो गये हैं। इससे पहले 2018 के जकार्ता एशियाई खेल में भारत ने सबसे ज्यादा 70 मेडल जीते थे।

## शनिवार को छह मेडल

भारत ने एशियन गेम्स के मेंस कबड्डी इवेंट का गोल्ड मेडल जीत लिया। भारत ने विवादों से घिरे फाइनल मैच में इरान को 33-29 से हरा दिया। दोनों टीमें जब 28-28 की बराबरी पर थीं, तब पॉइंट्स को लेकर विवाद हो गया। मैच सस्पेंड करना पड़ा था। विवाद सुलझने के बाद मुकाबला फिर शुरू हुआ और भारत ने गोल्ड जीत लिया। भारत को शनिवार को गोल्ड मेंस क्रिकेट, आर्चरी (2 गोल्ड), बैडमिंटन और वीमेंस कबड्डी में मिले।

## मेडल पर एक नजर

**चेस में मिले सिल्वर:** चेस में भारतीय मेंस चेस टीम ने सिल्वर मेडल जीता। अर्जुन और हरिकृष्ण पी ने फिलीपींस के खिलाफ राउंड 9 के अपने-अपने मैच जीते।

**रेसलिंग में भारत को मिला सिल्वर:** दीपक पुनिया मेंस के फाइनल में ईरान के हसन यजदानी चराती के खिलाफ 10-0 से हार गये। पुनिया को सिल्वर से संतोष करना पड़ा।

**कबड्डी वीमेंस और मेंस टीम को गोल्ड:** भारतीय वीमेंस कबड्डी टीम ने चाइनीज ताइपे को फाइनल में 26-25 से हरा कर गोल्ड जीता। वहीं मेंस टीम ने ईरान को 33-29 से हरा कर गोल्ड जीता।

**हॉकी में भारतीय वीमेंस टीम ने जीता ब्रांज:** वीमेंस हॉकी में भारतीय वीमेंस टीम ने ब्रांज जीता। वीमेंस टीम ने जापान को 2-1 से हराया था।

**बारिश में धुला क्रिकेट फाइनल:** अफगानिस्तान के साथ खेले जा रहे मेंस क्रिकेट का फाइनल मैच बारिश की वजह से रद्द कर दिया गया। भारत को टॉप सीडिंग टीम होने की वजह से विजेता घोषित किया गया।

**बैडमिंटन में जीता गोल्ड:** बैडमिंटन के मेंस डबल्स इवेंट में सात्विक-चिराग की जोड़ी ने भारत को गोल्ड दिलाया।

**तीरंदाजी इवेंट्स में दो गोल्ड, एक सिल्वर, एक ब्रांज:** भारत को पहला मेडल आर्चरी के कंपाउंड इंडिविजुअल वीमेंस में अदिति गोपीचंद स्वामी ने दिलाया। वहीं, भारत को दूसरा मेडल भी इसी इवेंट में मिला। ज्योति सुरेखा वेन्नम ने गोल्ड के हुए मुकाबले में साउथ कोरिया की सो चैवोन को 149-145 से हराया। चैवोन को सिल्वर से संतोष करना पड़ा।

## प्रधानमंत्री मोदी मिलेंगे खिलाड़ियों से



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एशियाड में जीते सभी खिलाड़ियों से 10 अक्टूबर को मिलेंगे। मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके लिखा-एशियाई खेलों में भारत के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि! भारत के लोग इस बात से रोमांचित हैं कि हम 100 पदकों तक पहुंच गये हैं। मैं सभी एथलीटों को हार्दिक बधाई देता हूं। हर एक प्रदर्शन ने इतिहास रचा है और हमारे दिलों को गर्व से भर दिया है। मैं 10 अक्टूबर को हमारे एशियाई खेलों के दल की मेजबानी करने और हमारे एथलीटों के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हूं।

## मुख्यमंत्री हेमंत ने खिलाड़ियों को दी बधाई



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एशियाई खेल में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि एशियन गेम्स में विभिन्न खेलों में ऐतिहासिक कुल 107 पदक जीत कर टीम इंडिया ने शानदार प्रदर्शन कर देश का मान-सम्मान बढ़ाया है। इस अवसर पर सभी खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। आप सभी का भविष्य उज्ज्वल हो यही कामना करता हूं।




# पंचायत की प्रताड़ना से परेशान तपन दास ने की आत्महत्या

- पंचों ने थूक चटवाया, अर्धनग्न कर घुमाया, खुद को बताता रहा निर्दोष
- पुलिस ने भी नहीं लिया एक्शन

अरविंद सिंह

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** तपन दास पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए उसके साथ मारपीट की गयी। गांव में अर्धनग्न कर घुमाया गया, थूक चटवाया गया। वह खुद को निर्दोष बताता रहा, लेकिन किसी ने उसकी बात नहीं सुनी। इस पूरी घटना से आहत तपन ने घर आकर आत्महत्या कर ली। घटना धनबाद के भलजोरिया के पिठाकियारी गांव की है।

## तपन खुद को बताता रहा निर्दोष



तपन की मौत के बाद उसके परिजनों ने बताया कि गांव के ही एक व्यक्ति ने 26 सितंबर को तपन पर उसकी पत्नी से जोर-जबरदस्ती करने का आरोप लगाया। शाम में गांव में बैठक हुई और गांव के कथित पंच ने उसे अपमानित किया। हम पंचों से हाथ जोड़ कर सबूत मांगते रहे। हमने कहा कि उन पर गलत आरोप लगा है। तपन ने किसी से जोर-जबरदस्ती की है तो उसका सबूत दीजिए। तपन ने गिड़गिड़ाते हुए कहा भी कि मेरी मेडिकल जांच करा ली जाये, मैं गलत नहीं हूं, लेकिन किसी ने उनकी नहीं सुनी। इस घटना के बाद वह काफी परेशान थे और उन्होंने खुदकुशी कर ली।

## खुदकुशी से पहले बनायी वीडियो, बताया कौन जिम्मेवार

तपन ने खुदकुशी से पहले एक वीडियो बनायी, जिसमें उन्होंने खुदकुशी के लिए पंचों को ज़िम्मेवार ठहराया है। उन्होंने अपने अपमान और मारपीट की बात भी वीडियो में कही है। तपन पर महिला रिश्तेदार से जोर-जबरदस्ती का आरोप लगा कर उसके साथ बदसलूकी की गयी। वह अपने साथ हुई मारपीट, थूक चटवाने की घटना से आहत था। तपन ने इस मामले में थाने में शिकायत भी की थी लेकिन पुलिस ने समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की। तपन ने बताया था कि उसके ऊपर झूठा आरोप लगा कर प्रताड़ित किया गया है।

## पुलिस ने समय रहते नहीं की कार्रवाई, परिजनों ने लगाये आरोप

पुलिस की कोई कार्रवाई ना करने से परेशान होकर तपन ने 3 अक्तूबर को जहर खा लिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। मौत के बाद परिजनों ने भी पुलिस और पंचों पर गंभीर आरोप लगाये। गिरफ्तारी की मांग को लेकर निरसा थाना के गेट पर एंबुलेंस में शव के साथ प्रदर्शन किया। पुलिस ने मामले में मृतक के भांजे कृष्णा गोस्वामी और उसकी पत्नी को हिरासत में लिया। लोगों का कहना था कि पुलिस पंचों को गिरफ्तार नहीं कर रही है।

# मुख्यमंत्री देवघर और जामताड़ा जिला में सिंचाई योजना का कल करेंगे शिलान्यास

- 13,164 हेक्टेयर भूमि को सिंचित करने के लिए है मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना, 27 पंचायत की 1,11,174 आबादी को होगा लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** देवघर और जामताड़ा जिलांतर्गत सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना का शिलान्यास 9 अक्टूबर को होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन देवघर से इसका शिलान्यास करेंगे। इस योजना का निर्माण 484.35 करोड़ रूपये से होगा। शिलान्यास समारोह को लेकर तैयारी पूर्ण कर ली गयी है।

**क्या है योजना :** देवघर और जामताड़ा जिला अंतर्गत सारठ, करो, विद्यासागर और जामताड़ा प्रखंड में नदी तल से अधिक ऊंचाई पर खेती योग्य भूमि में पारंपरिक नहर प्रणाली से सिंचाई संभव नहीं हो रही है। इस प्रणाली में खेती योग्य भूमि का बहुत ज्यादा भू-अर्जन के कारण भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से जल लिफ्ट कर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना तैयार की गयी है। इसके जरिए पंपिंग के लिए जल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सिकटिया ग्राम के समीप अवस्थित अजय बराज के अपस्ट्रीम से पंप मोटर से जल पाइपलाइन के माध्यम से सिंचित क्षेत्र में चकवार सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराया जायेगा। प्रस्तावित पटवन क्षेत्र में मुख्य रूप से धान के अतिरिक्त सरसों, मूंग, गेहूं और मक्का की खेती भी संभव हो सकेगी। खेती और पशुओं को पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अधिक वर्षा होने और खेतों में जल की जरूरत सीमित होने की स्थिति में पानी को स्थानांतरित कर नजदीक के तालाबों को भरने का प्रावधान किया है, ताकि ग्रामीणों को तालाबों के माध्यम से हमेशा जल मिल सके।

## चार प्रखंड के किसानों को होगा लाभ

इस योजना के क्रियान्वयन के फलस्वरूप देवघर और जामताड़ा जिला चार प्रखंड की 27 पंचायतों में निवास करनेवाले 1,11,174 आबादी को लाभ होगा। इसमें 13,930 अनूसूचित जाति और 26,346 अनूसूचित जनजाति के लोग भी निवास करते हैं। योजना से सारठ प्रखंड के छह करों प्रखंड के छह विद्यासागर प्रखंड के 12 और जामताड़ा प्रखंड की तीन पंचायत के किसानों को लाभ होगा। योजना का कार्य तीन वर्ष में पूर्ण करने का लक्ष्य तय किया गया है।




# इजराइल का हमास के खिलाफ जंग का एलान

एजेंसी

**तेल अवीव।** इजराइल पर फिलिस्तीनी संगठन हमास के हमलों के बाद प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जंग का एलान कर दिया है।

कैबिनेट के साथ इमरजेंसी मीटिंग के बाद उन्होंने कहा-ये जंग है और हम इसे जरूर जीतेंगे। दुश्मनों को इसकी कीमत चुकानी होगी। इसके बाद इजराइली सेना ने हमास के ठिकानों पर फाइटर जेट्स से हमले किये हैं। इससे पहले हमास ने शनिवार सुबह करीब 6:30 बजे इजराइल की राजधानी तेल अवीव समेत सात शहर में पांच हजार रॉकेट दागे। हालांकि, इजराइल की सेना का कहना है कि गाजा पट्टी से 2,200 रॉकेट फायर किये गये। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, ये रॉकेट रिहायशी इमारतों पर गिरे। अब तक 22 लोगों की मौत हो गयी है और 545 घायल हुए हैं।



## प्रधानमंत्री ने कहा- भारत इजराइल के साथ

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। इजराइल में बिगड़ते हालात के बीच इंडियन एंबेसी ने वहां मौजूद अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्हें सतर्क और सुरक्षित रहने को कहा गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि मुश्किल घड़ी में भारत इजराइल के लोगों के साथ है।




## न्यूज रील्स

### मिलेट्स से बने प्रोडक्ट्स पर अब टैक्स नहीं

नयी दिल्ली। जीएसटी काउंसिल की 52वीं बैठक में बिना ब्रांड के 70 फीसदी मिलेट्स वाले आटे पर जीएसटी नहीं लेने का फैसला लिया गया है। वहीं मिलेट्स वाले ब्रांडेड आटे पर 18 से घटा कर 5 फीसदी कर दिया गया है। वहीं मोलासिस पर जीएसटी 28 से घटा कर 5 फीसदी किया गया है। पाउडर के रूप में मिलेट्स यानी मोटे अनाज जैसे- ज्वार, बाजरा और रागी आदि से बने फूड को टैक्स से छूट दी गयी है। अभी इन पर 18 फीसदी टैक्स लगता है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्रूज शिप्स पर जीएसटी हटाया गया। इस पर पहले 5 फीसदी टैक्स लगता था।

### भारत पी20 में निज्जर का मुद्दा उठायेगा

नयी दिल्ली। भारत और कनाडा के बीच आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर तनाव बढ़ता जा रहा है। इस बीच भारत 13-14 अक्टूबर को होने वाली पी20 समिट में कनाडा के सामने ये मुद्दा उठाने वाला है। पी20 देशों के संसदीय अध्यक्षों के शिखर सम्मेलन में कनाडा सीनेट के स्पीकर रेमोंडे गग्ने शामिल होंगे।

# 500 करोड़ दो और बिश्नोई को छोड़ो वरना...

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मेल पर धमकी के बाद एजेंसियां अलर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** एक ईमेल के जरिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमले और अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम को उड़ाने की धमकी दी गयी है। केंद्रीय एजेंसियां अलर्ट हैं और फौरन जांच शुरू कर दी गयी है। इमेल भेजने वाले शख्स ने 500 करोड़ रुपये के अलावा जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की रिहाई की भी मांग की है। सूत्रों ने बताया है कि शुरूआती तकनीकी जांच के आधार पर मुंबई पुलिस को इमेल के बारे में सूचित किया गया है। इमेल भेजने वाले को पकड़ने की कोशिशें जारी है। गुजरात पुलिस के अलावा एनआइए भी इस मामले की जांच कर रही है। देशभर की पुलिस के साथ जानकारी साझा की जा रही है। वानखेड़े स्टेडियम में विश्व कप के पांच मैचों की मेजबानी के लिए मुंबई पुलिस ने सुरक्षा बढ़ा दी है।



## सिख फॉर जस्टिस तो नहीं?

एजेंसियां टेंशन में हैं, क्योंकि पिछले हफ्ते आतंकवादी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) ने भी इसी तरह की धमकी दी थी। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या इस मेल के पीछे भी एसएफजे का हाथ है? दिलचस्प यह है कि दो हफ्ते पहले कनाडा में गैंगस्टर सुक्खा दुनिके की हत्या की जिम्मेदारी लेने के बाद से बिश्नोई एसएफजे के रेडार पर है। सूत्रों का कहना है कि इस एंगल से देखने पर लगता है कि यह मेल ध्यान भटकाने की कोशिश भी हो सकती है। फिलहाल पुलिस और एजेंसियां इमेल भेजने वाले के आइपी एड्रेस का पता लगाने की कोशिश कर रही हैं।

## इमेल में क्या है

सूत्रों के मुताबिक इमेल में कहा गया है कि तुम्हारी सरकार से हमें 500 करोड़ और लॉरेंस बिश्नोई चाहिए, नहीं तो कल हम नरेंद्र मोदी के साथ नरेंद्र मोदी स्टेडियम भी उड़ा देंगे। हिंदुस्तान में सब कुछ बिकता है। हमने भी कुछ खरीद लिया है। कितना भी सिक्योर कर लो, हमसे नहीं बचा पाओगे। अगर बात करनी है तो इस मेल पर ही बात करना।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 08 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in



# कहीं भाजपा के लिए दूसरा 'झारखंड' न बन जाये मध्यप्रदेश

## ■ भाजपा के सबसे लंबे समय तक सीएम रहे चौहान से नाराज हैं लोग

## ■ डैमेज कंट्रोल में जुटा भाजपा आलाकमान, चौहान पर नहीं खेलेगा दोबारा दांव

**आजाद सिपाही विशेष**

**मध्यप्रदेश का चुनावी परिदृश्य बेहद रोचक होता जा रहा है। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक के बाद मध्यप्रदेश में भी शिवराज सिंह चौहान की सरकार ए भ्रष्टाचार मामलों से घिरती जा रही है। चौहान सरकार के खिलाफ बढ़ते गुस्से की वजह से भाजपा को और अधिक समस्याओं का सामना कर पड़ रहा है। पार्टी नेतृत्व को इस बात की आशंका है कि उसका यह मजबूत गढ़ कहीं 'दूसरा झारखंड' न बन जाये, क्योंकि मध्यप्रदेश में इस समय लगभग वही स्थिति है, जो झारखंड में 2019 में थी। झारखंड के लोग भाजपा से नहीं, बल्कि उस समय के मुख्यमंत्री रघुवर दास से नाराज थे, इसलिए उन्होंने भाजपा को सत्ता से बाहर कर दिया। मध्यप्रदेश में भी लगभग यही स्थिति है। लोग शिवराज सिंह चौहान और उनकी सरकार से खासे नाराज हैं। भाजपा के लिए राहत की बात यह है कि आलाकमान को भी समय रहते इसका आभास हो गया है। यही कारण है कि वह झारखंड की तरह मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान को एक बार फिर थोपने की बात नहीं कर रही है। इसलिए भाजपा ने इस बात के साफ संकेत दे दिये हैं कि इस बार सत्ता शीर्ष पर शिवराज सिंह चौहान की ताजपेशी की संभावना नहीं है। लेकिन भाजपा का यह डैमेज कंट्रोल कितना कारगर होगा, यह तो समय बतायेगा, लेकिन आलाकमान ने उसी डैमेज कंट्रोल के तहत मंत्रियों, सांसदों को भी चुनावी मैदान में उतरा है। सीएम शिवराज सिंह चौहान भी अब समझ गये हैं कि उनकी पारी खत्म होने को है, इसलिए वह आम सभाओं में लोगों से चुनाव लड़ने और अपने विकल्प के बारे में राय लेने लगे हैं। इस तरह मध्यप्रदेश का चुनावी परिदृश्य बेहद रोमांचक दौर में पहुंच गया है। क्या है मध्यप्रदेश का चुनावी परिदृश्य और भाजपा की संभावनाएं, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

देश की सियासी गतिविधियों का केंद्र बने पांच चुनावी राज्यों में से एक मध्यप्रदेश इन दिनों सुर्खियों में है, क्योंकि यहां बीच के करीब 11 महीने को छोड़ कर पिछले 18 साल से भाजपा सत्ता में है, लेकिन इस बार वह पूरी तरह बैकफुट पर नजर आ रही है। भाजपा के लिए मध्यप्रदेश एक पहेली बन गया है। उसे इस बात का डर सता रहा है कि यदि सब कुछ ऐसे ही चलता रहा, तो यहां भी झारखंड वाली कहानी दोहरायी जा सकती है। कर्नाटक चुनाव का असर मध्यप्रदेश में दिख रहा है। उसी असर का परिणाम है कि भाजपा का कोई बड़ा नेता मध्यप्रदेश की सभाओं में यह घोषणा नहीं कर रहा है अगर दोबारा सत्ता मिली, तो शिवराज सिंह चौहान ही मुख्यमंत्री बनेंगे। योजनाओं का जिक्र तो किया जा रहा है, लेकिन मुख्यमंत्री की उपलब्धि को लेकर कोई बड़ा बयान नहीं दिया जा रहा।

### क्या है झारखंड की कहानी

झारखंड में 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा सत्ता से बाहर हो गयी। उस समय रघुवर दास मुख्यमंत्री थे। वह राज्य के पहले गैर-आदिवासी मुख्यमंत्री थे। 2014 में सत्ता संभालने के बाद उनकी सरकार ने कई ऐसे फैसले लिये, जिससे लोगों में नाराजगी थी। सरकारी अधिकारियों की कार्यशैली से भाजपा नेता और कार्यकर्ता अपने को अपमानित महसूस कर रहे थे। किसी भी नेता में यह साहस नहीं था कि वह अपनी वाजिब बात को भी एसपी-डीसी के समक्ष रख सके। तत्कालीन मुख्य सचिव की कार्यशैली से भी नेता-कार्यकर्ता अपमानित महसूस कर रहे थे। इस नाराजगी की भनक पार्टी के स्थानीय नेताओं को तो थी, लेकिन दिल्ली आलाकमान शायद इससे वाकिफ नहीं था। यही कारण था कि झारखंड की चुनावी सभा में पीएम से लेकर अमित शाह तक लगातार यह कहते रहे कि दोबारा रघुवर दास ही मुख्यमंत्री बनेंगे। इसका कितना नकारात्मक असर पड़ा यह इसी बात से समझा जा सकता है कि अबकी बार 65 पार का नारा देनेवाले रघुवर दास खुद चुनाव हार गये। जहां से वे आते हैं, उस कोल्हान क्षेत्र से भाजपा को एक भी सीट नहीं मिली। खूंटी की दो सीट छोड़ कर पूरा का पूरा आदिवासी बेल्ट भाजपा के हाथ से निकल गया। 2019 में भाजपा को सत्ता से बाहर होना पड़ा।



### मध्यप्रदेश का वर्तमान परिदृश्य

मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान पिछले 16 साल से मुख्यमंत्री हैं। वह सबसे लंबे समय तक सीएम रहनेवाले भाजपा के पहले नेता हैं। 2018 में भाजपा सत्ता से बाहर हो गयी थी, लेकिन महज एक साल बाद ही बागियों के दम पर उसने सत्ता हासिल कर ली और शिवराज सिंह चौहान फिर सीएम बन गये। लेकिन इस बार एक के बाद एक सर्वेक्षण के नतीजों में सामने आया है कि मौजूदा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में चुनाव हुए, तो भाजपा को 70 से 75 से अधिक सीटें नहीं आयेंगी और पार्टी की स्थिति बहुत खराब हो सकती है। यानी कर्नाटक की तरह ही अभी तक यहां एंटी इनकंबेंसी फैक्टर काम कर रहा है।

### शिवराज सरकार से लोग बेहद नाराज

दरअसल, मध्यप्रदेश की स्थिति भाजपा के लिए पहेली बन गयी है। पार्टी सत्ता विरोधी लहर से तो जूझ रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर यह लहर पार्टी के खिलाफ न होकर शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ है। लोग चौहान से नाराज होने के अलावा उनकी नीरस कार्यशैली से तंग आ चुके हैं। इसके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय सहित पार्टी के कम से कम आधा दर्जन वरिष्ठ नेता चौहान के लिए एक और कार्यकाल के पक्ष में नहीं हैं।

### शिवराज की विदाई लगभग तय

इन नतीजों ने भाजपा को चिंता में डाल दिया है। सबसे लंबे समय तक सीएम रहनेवाले नेता को पूरी तरह हाशिये पर धकेल देना उसके लिए मुश्किल हो रहा है, हालांकि पार्टी ने इसके साफ संकेत दे दिये हैं। हालांकि शिवराज को जनवरी में ही हटाया जाना था, लेकिन संघ के दबाव के चलते उनको कुछ महीने दिये गये। तब शिवराज ने राज्यभर में विकास यात्रा की शुरुआत की, लेकिन वह बुरी तरह फ्लॉप रही, जिससे उनका ग्राफ पूरी तरह गिर गया।

### उत्तराधिकारी की दुविधा

भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने हाल ही में मध्यप्रदेश में सत्ता विरोधी लहर को मात देने के लिए चौहान के संभावित प्रतिस्थापन के रूप में कई नामों पर चर्चा की, लेकिन विभिन्न कारणों से एक नेता पर सहमति नहीं बन सकी है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल और नरेंद्र सिंह तोमर के साथ मध्यप्रदेश के मंत्री कमल पटेल और भूपेंद्र सिंह के नामों पर चर्चा हुई। प्रह्लाद पटेल का नाम सूची से हटा दिया गया, क्योंकि उन्हें केंद्रीय मंत्री और पूर्व भाजपा अध्यक्ष नितिन गडकरी के करीबी सहयोगी के रूप में देखा जाता है। शेष तीन नामों को यह महसूस करते हुए हटा दिया गया कि उनमें से किसी के पास कमलनाथ का मुकाबला करने लायक अपील और करिश्मा नहीं है।

### पार्टी की इस कमजोरी को भांप चुके हैं शिवराज

इधर जब से यह साफ हो गया है कि भाजपा शिवराज सिंह चौहान को एक और कार्यकाल नहीं देने जा रही है, तब से चौहान लगातार इमोशनल कार्ड खेलने लग गये हैं। वह जानते हैं कि भाजपा के पास उनके उत्तराधिकारी के रूप में कोई दमदार चेहरा नहीं है, इसलिए वह पहले दौर में आम सभाओं में लोगों से कह रहे थे कि उनके जाने के बाद उनकी याद लोगों को बेचैन कर देगी। इसके बाद वह सभाओं में लोगों से यह राय लेते फिर रहे हैं कि उन्हें चुनाव लड़ना चाहिए या नहीं और उन्हें सीएम पद की दावेदारी करनी चाहिए या नहीं। उनके इस रुख से भाजपा नेतृत्व की परेशानी और चिंता, दोनों बढ़ गयी है।

शिवराज सिंह चौहान को लेकर भाजपा की परेशानी पिछले कुछ सालों से बनी हुई है। बागी पूर्व विधायकों और पूर्व मंत्रियों को दरकिनार करने की तुलना में निचले स्तर के पार्टी कार्यकर्ताओं में बढ़ता असंतोष भाजपा को अधिक परेशान कर रहा है। शिवराज सिंह चौहान के लंबे कार्यकाल ने प्रदेश में संगठन को पूरी तरह खोखला कर दिया है। इसलिए पार्टी एकबारगी उन्हें खारिज करने का खतरा उठाने से हिचक रही है। लेकिन इतना तय है कि यदि इस बार भाजपा ने शिवराज का मोह नहीं त्यागा, तो उसे झारखंड जैसा झटका झेलने के लिए तैयार रहना होगा।

---

## राजनीतक हलचल

# क्या झारखंड में होगी जातीय जनगणना

जातीय जनगणना के मामले में झारखंड सरकार भी बिहार की राह पर चलना चाहती है, लेकिन राज्य की मौजूदा परिस्थितियों में फिलहाल इस पर फैसला लिये जाने के आसार कम ही दिखाई पड़ते हैं। वैसे यह मुद्दा 2024 में अप्रैल-मई में संभावित लोकसभा और इसके बाद अक्टूबर-नवंबर में झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान सियासी फिजां उछलेगा जरूर। बयानबाजी भी खूब होगी लेकिन परिणाम क्या होगा यह तो वक़्त पर छोड़ देते हैं।

### कास्ट सर्वे के समर्थन में सीएम हेमंत

मुख्यमंत्री हेमंत सोरन का कहना है कि वो इस बात के हिमायती हैं कि जिस समूह की जितनी आबादी है, उसे उसी के अनुसार अधिकार मिलना चाहिये। झारखंड के सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल तीनों पार्टियां झामुमो, कांग्रेस और राजद इसकी पक्षधर हैं। एनडीए गठबंधन में शामिल आजसू पार्टी भी जातीय जनगणना की मांग उठा रही है। राज्य की प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा फिलहाल इस मुद्दे पर चुप है। सीएम हेमंत सोरेन कहते हैं कि जाति आधारित जनगणना के मुद्दे पर दो साल पहले ही राज्य में सभी दलों की सहमति बनी थी। इसके बाद सर्वदलीय शिष्टमंडल के सदस्यों ने सितंबर 2021 में दिल्ली जाकर इससे संबंधित मांग पत्र गृह मंत्री को सौंपा था। हम चाहते हैं कि केंद्र सरकार की ओर से इस पर पहल हो। पत्र में कहा गया था कि संविधान में सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के विकास के लिए विशेष सुविधा और आरक्षण की व्यवस्था की गई है।

### पार्टी जातीय गणना के पक्ष में है: राजेश ठाकुर

झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर कहते हैं, हमारे शीर्ष नेता राहुल गांधी स्पष्ट कर चुके हैं कि विभिन्न जातियों को उनकी जनसंख्या के आधार पर आरक्षण का लाभ मिलना चाहिये। पार्टी जातीय गणना के पक्ष में है।

### राज्य सरकारों को अपने बूते गणना करानी चाहिए: आलमगीर

कांग्रेस विधायक दल के नेता और ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम बिहार सरकार की पहल को सराहनीय बताते हुए कहते हैं, जब केंद्र सरकार इसे लागू नहीं कर रही है,तो देश की राज्य सरकारों को अपने बूते गणना करानी चाहिए।

### आयोग में न तो कोई अध्यक्ष है न सदस्य

आयोग का अध्यक्ष झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू को बनाये जाने का प्रस्ताव था, पर लाभ के पद को लेकर अड़चन खड़ा होने से उनकी नियुक्ति टल गई। इसके बाद से पिछले एक महीने से मामला ठंडे बस्ते में है। अब तो, हालत ये है कि जिस पिछड़ा वर्ग आयोग को निकाय चुनाव में पिछड़ों के आरक्षण के लिए ट्रिपल टेस्ट सर्वे करना है, उस आयोग में न तो कोई अध्यक्ष है न सदस्य।

### जातीय जनगणना के आसार नहीं लगते

अक्टूबर का पहला सप्ताह खत्म होने को है और त्योहारों का समय शुरू। दशहरा, दीपावली, छठ जैसे त्योहारों की श्रृंखला शुरू हो रही है, जो दिसंबर में क्रिसमस तक जारी रहेगी। इसके बाद फरवरी 2024 से लोकसभा चुनाव के पूर्व मतदाता सूची पुनरीक्षण, बूथों का निर्धारण, मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण आदि की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। लोकसभा चुनाव खत्म होंगे तो विधानसभा के चुनाव की तैयारी शुरू हो जाएगी। जाहिर है इन परिस्थितियों में 2024 के अंत तक राज्य में जातीय जनगणना के आसार नहीं लगते। 2024 के अंत में राज्य में बनने वाली नई सरकार निर्भर करेगा कि झारखंड में जातीय गणना को लेकर उसका स्टैंड क्या होगा। बहरहाल, तब तक यह मसला सियासी तौर पर जरूर उछलता रहेगा।

---

# शिवराज पीएम मोदी पर दबाव बनाने के लिए जनता से पूछ रहे हैं चुनाव लड़ू या नहीं लड़ू : कमलनाथ



मध्य प्रदेश विधानसभा नजदीक है और नेताओं के बयान इसे रोचक बना रहे हैं। इसी कड़ी में कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व सीएम कमलनाथ ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर बड़ा हमला बोला है। कमलनाथ ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मध्य प्रदेश भाजपा में हताशा चरम पर है। पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का नाम लेना बंद कर दिया। उन्हें मुख्यमंत्री की दौड़ से बाहर कर दिया। इसके जवाब में प्रधानमंत्री पर दबाव बनाने के लिए, पहले तो मुख्यमंत्री ने जनता के बीच यह पूछना शुरू कर दिया कि मैं चुनाव लड़ूं या नहीं लड़ूं? अब सीधे पूछ रहे हैं कि मोदी जी को प्रधानमंत्री होना चाहिए या नहीं? कमलनाथ ने कहा कि पीएम और सीएम की जंग में, भाजपा में जंग होना तय है। जिन्हें टिकट मिला, वह लड़ने को तैयार नहीं है और जो टिकट की रेस से बाहर हैं, वह सबसे लड़ते फिर रहे हैं।

## सीएम बनूं या नहीं : शिवराज



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पिछले हफ्ते सीहोर में दो जनसभा की। तीन अक्टूबर को शिवराज ने अपने विधानसभा क्षेत्र बुदनी में जनता से पूछा कि मैं चुनाव लड़ूं या नहीं? उसके बाद चार अक्टूबर को उन्होंने बुरहानपुर में कहा कि मैं देखने में दुबला-पतला हूं, पर लड़ने में तेज हूं। उन्होंने सीहोर में कहा था कि मैं चला जाऊंगा तो बहुत याद आऊंगा। शुक्रवार को डिंडौरी में जनता से पूछा कि सरकार कैसी चल रही है, सीएम बनूं या नहीं? इन बयानों पर जब मीडिया ने उनसे सवाल पूछा, तो जवाब मिला इसे समझने के लिए गहरी दृष्टि चाहिये।

# 70 वर्षों में ओबीसी कमीशन का विरोध करने वाले बतायें 60 साल में क्या किया : ज्योतिरादित्य सिंधिया



प्रियंका गांधी द्वारा छत्तीसगढ़ में जातिगत जनगणना कराने के बयान पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पलटवार किया है। सिंधिया ने कहा है कि जिस पार्टी ने कभी भी पिछड़े वर्गों के लिए कुछ नहीं किया। 70 वर्षों में पिछड़ा वर्ग कमीशन भी आया तो मोरारजी देसाई के कार्यकाल में आया और कांग्रेस ने उसका विरोध किया। फिर लागू हुआ तो वीपी सिंह की सरकार में लागू हुआ और कांग्रेस ने विरोध किया। सिंधिया ने कहा अगर अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग के लिए कुछ किया है, तो वह पीएम नरेंद्र मोदी ने किया है। जहां 60 प्रतिशत मंत्रिमंडल के सदस्य एससी एसटी और ओबीसी से आते हैं। आरक्षण देने का कदम उठाया है पीएम मोदी ने उठाया है। 65 वर्ष राज किया है देश में उन्होंने पिछड़े वर्गों के लिए क्या किया है। यह चाहते हैं कि चुनाव के उत्सव में पूरे देश में नया विषय उठाया जाये। लेकिन वह विकास की बात जनता के सामने करें कि उन्होंने किया क्या है।

---

# आखिर नीतीश टेंशन में क्यों हैं



बिहार में नीतीश कुमार मुसलामानों में अपना खोया जनाधार वापस लाने की कोशिश में जुट गये हैं। इसे लेकर वह टेंशन में भी हैं। शनिवार को उन्होंने जेडीयू से जुड़े मुस्लिम नेताओं से अपने आवास पर मुलाकात की। बैठक में आए मुस्लिम लीडरान की बातें सुनीं और राज्य सरकार द्वारा उनके लिए चलाई जा रही योजनाओं-कार्यक्रमों की जानकारी दी। यह तो सिर्फ मुलाकात का बहाना था। सच कहें तो जेडीयू से लगातार कटते गए मुस्लिम मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करना नीतीश का मूल मकसद था। साल 2020 में हुए बिहार विधानसभा चुनाव में जेडीयू ने 11 मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट दिया था। आश्चर्यजनक बात यह रही कि उनमें से एक भी उम्मीदवार चुनाव नहीं जीत पाया। यह जेडीयू के लिए बड़ा सेट बैक था। साल 2015 का विधानसभा चुनाव जेडीयू ने महागठबंधन के साथ लड़ा था। महागठबंधन में आरजेडी, जेडीयू और कांग्रेस शामिल थे। तब 23 मुस्लिम विधायक चुने गए थे। साल 2000 के बाद यह पहला मौका था, जब इतनी संख्या में मुस्लिम विधायक जीते। साल 2000 के चुनाव में 29 मुस्लिम विधायक निर्वाचित हुए थे। साल 2015 में सबसे ज्यादा 11 मुस्लिम विधायक राजद से थे। कांग्रेस के 27 विधायकों में छह, और जेडीयू के 71 में पांच विधायक मुस्लिम चुने गए थे। भाजपा में तो मुस्लिम विधायकों की चर्चा ही बेमानी है। इसलिए कि भाजपा ने मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट ही नहीं दिया था। अलबत्ता असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के पांच मुस्लिम विधायक जरूर पहली बार में जीत गये थे। मुस्लिम वोट पहले कांग्रेस को जाते थे। बिहार में समाजवादी दलों के उत्थान के साथ कांग्रेस हाशिये पर चली गई। तब मुस्लिम वोटर आरजेडी के साथ आ गये। सीएम रहते लालू प्रसाद यादव ने राम मंदिर निर्माण का अलख जगाने निकले लालकृष्ण आडवाणी का रथ रोक कर उन्हें गिरफ्तार करा लिया था। बाबरी विध्वंस के मुखर आलोचकों में लालू यादव भी थे। इससे भी आरजेडी के प्रति मुसलमानों का भरोसा बढ़ा। नीतीश कुमार ने 2017 में महागठबंधन का साथ छोड़ दिया और बीजेपी के साथ सरकार बना ली। शायद यही वजह रही कि मुस्लिम कम्युनिटी ने उनको भरोसेमंद नहीं माना और 2020 के विधानसभा चुनाव में उन्हें सबक सिखा दिया। नीतीश 2020 में बीजेपी के साथ चुनाव लड़े। जेडीयू से 11 मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट दिया गया, लेकिन एक भी नहीं जीत पाया। मुस्लिम वोट अमूमन गैर भाजपा दलों के पाले में जाते रहे हैं। यानी बिहार में ये वोट कांग्रेस, आरजेडी और जेडीयू को मिलते हैं। इस बीच एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी ने बिहार की राजनीति में एंट्री मार दी है। पिछले विधानसभा चुनाव में उनके पांच विधायक निर्वाचित हुए थे। बाद में आरजेडी ने उनमें से चार को अपने साथ कर लिया। उसके बाद बिहार में विधानसभा के उपचुनावों में ओवैसी का जलवा दिखा। उनका कोई कैंडिडेट जीता तो नहीं, लेकिन वोट काट कर हराने में उनके उम्मीदवारों की बड़ी भूमिका रही।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.4 °c | 21.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.32 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.43 बजे |


आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 08 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in




### केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री ने जमशेदपुर में आदि महोत्सव का किया शुभारंभ

# आदि महोत्सव जनजातीय संस्कृति और परंपराओं को अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहुंचाने का मंच है : अर्जुन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के तहत ट्राइबल कोऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ट्राइफेड) ने शनिवार को भव्य आदि महोत्सव की शुरुआत की है। महोत्सव का उद्घाटन केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद विद्युत वरण महतो, विधायक (जमशेदपुर पूर्वी) सरयू राय, चाणक्य चौधरी (उपाध्यक्ष (कॉर्पोरेट मामले), टाटा स्टील) और सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में बिस्टुपुर गोपाल मैदान जमशेदपुर झारखंड में हुआ। समारोह में लोगों ने इस सांस्कृतिक रूप से समृद्ध कार्यक्रम में आनंद और महत्व को जोड़ा और इस आयोजन को एक यादगार और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध अनुभव बनाने में अपना योगदान दिया।

इस अवसर पर केंद्रीय जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा आदि महोत्सव हमारे देश की जनजातीय संस्कृति, परंपराओं और कला को राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय बाजारों में पहुंचाने का एक प्रमुख मंच है। यह हमारे आदिवासी पूर्वजों, विभिन्न अद्वितीय आदिवासी समुदायों की संस्कृति, उनकी जीवनशैली और स्वयं आदिवासियों के योगदान का उत्सव है। जमशेदपुर में आयोजित यह महोत्सव विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) और वन धन केंद्र लाभार्थियों सहित लगभग 336 जनजातीय कारीगरों और कलाकारों की मेजबानी कर रहा है। देश के कोने कोने से आये मेरे आदिवासी भाई बहनों के संगीत, कला, चित्रकला और व्यंजनों के अलावा, आदि महोत्सव कारीगरों से मिलने, उनके जीवन जीने के तरीके के बारे में जानने और जनजातीय संस्कृति एवं परंपराओं से रूबरू होने का यह अवसर है। यह आदि महोत्सव एक भारत, श्रेष्ठ भारत की अनुभूति को पूर्ण करता है।

इस वर्ष यह महोत्सव विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) और वन धन केंद्र लाभार्थियों सहित 336 आदिवासी कारीगरों और कलाकारों की प्रतिभा को उजागर करेगा। इस कार्यक्रम में झारखंड के 30 कारीगरों के स्टॉल, लगभग 11 वीडीवीके के स्टॉल और 5 व्यंजन स्टॉल शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में 15 व्यंजन स्टालों सहित अन्य राज्यों के 68 कारीगरों के स्टालों का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया जायेगा। इसमें कपड़ा, पेंटिंग, आभूषण, धातु, बेंत और बांस और व्यंजन जैसी विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया जायेगा। विभिन्न मंत्रालय और उनके विभाग भी इस आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लेंगे।


SHARDA GLOBAL SCHOOL
Affiliated to C.B.S.E. (10+2), New Delhi
BUKRU, KANKE, RANCHI
ADMISSION OPEN (SESSION 2024-25)
Registration forms for admission in Pre-Nursery to Std. IX are available on payment of Rs. 1100/- and 1300/-. Forms can be filled and submitted online at our website : www.shardaglobalschool.com from 11th October to 14th October 2023. Forms are also available at School Office, Timing 8:00 AM to 1:00 PM.
Last date of Form submission is 19th October 2023.
Hostel facility available for Boys (Class III - Onwards)
BPL category candidates can apply with valid documents as per the Government rules for Pre-Nursery
For details contact us at : 7542983222, 9771435100, 9931069966
E-mail: shardaglobalschool@gmail.com
Principal


## आजसू पार्टी के संगठन विस्तार को लेकर बैठक आज

**रांची (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी महाधिवेशन के बाद संगठन को धार देने की कवायद शुरू कर दी है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने बताया कि आठ अक्टूबर को केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की अध्यक्षता में पार्टी के सांसद, विधायकों, पूर्व मंत्रियों, जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सभी जिला अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष और प्रमुख नेताओं के साथ संगठन विस्तार पर चर्चा के लिए महत्वपूर्ण बैठक होगी। यह बैठक रांची के हरमू, रांची स्थित पार्टी केंद्रीय कार्यालय में सुबह 10 बजे से होगी। बैठक में महाधिवेशन में लिये गये नवनिर्माण संकल्प समागम के निर्णयों पर चर्चा होगी। साथ ही महाधिवेशन के विचार को व्यवहार में लाने के लिए भावी कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श भी किया जायेगा।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** नौकरी-व्यापार में अवरोध, परिश्रम से आवश्यक कार्य में सफलता मिलेगी।

**वृष** प्रॉपर्टी खरीदने के संयोग बनेगा, किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।

**मिथुन** कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण, बकाये रकम की प्राप्ति होगी।

**कर्क** महत्वकांक्षा पूरी होगी, नौकरी में बदलाव होने का संयोग बन सकता है।

**सिंह** रोजी-रोजगार में सफलता, रुका हुआ काम पूरा होगा, शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी।

**कन्या** बाधित उन्नति,महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

**तुला** परिवार में संतान के विवाहादि शुभ मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा।

**वृश्चिक** जमीन-जायदाद संबंधी काम बनेगा, संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**धनु** शक्षा संबंधी कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय।

**मकर** आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगा,रोग-ऋण-शत्रुबाधा से छुटकारा का, परिवार में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।

**कुंभ** इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा,परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा।

**मीन** सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

# बाबूलाल ने मुख्यमंत्री को लिखी चिट्ठी, टेंडर में गड़बड़ी का आरोप

### ऊर्जा विभाग में भ्रष्टाचार और सरकारी राशि का दुरुपयोग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को चिट्ठी लिखी है। इस चिट्ठी में बाबूलाल मरांडी ने ऊर्जा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितता का जिक्र किया है। मुख्यंमत्री को लिखी इस चिट्ठी में बाबूलाल ने टेंडर का जिक्र करते हुए बताया है कि इसमें कैसे अनियमितता बरती जा रही है।

**सरकारी राशि का दुरुपयोग :** इस चिट्ठी में बाबूलाल ने लिखा है कि झारखंड ऊर्जा संचरण ने पुनः एक निविदा निकाली है, जिसे जेएसइआरसी के द्वारा अनुमोदित नहीं किया गया है, क्योंकि जेएसइआरसी के अनुसार अभी इसकी कोई आवश्यकता नहीं है। दो ग्रिड सब स्टेशन यथा चांडील और कोडरमा के लिए निविदा निकाली गयी है जिसकी, अनुमानित लागत क्रमशः 169 कड़ोड़ और 213 करोड़ रुपये हैं। जेएसइआरसी के अनुमोदन के बिना निविदा निकालना सरासर सरकारी राशि का दुरूपयोग है, क्योंकि भविष्य में बिजली दर निर्धारण के समय यह खर्च न्यायसंगत नहीं होने के कारण इसको उचित खर्च नहीं माना जायेगा और इस पर जेएसइआरसी के द्वारा टैरिफ निर्धारण में कोई विचार नहीं किया जायेगा।



### नियम के विरुद्ध कार्य

बाबूलाल ने चिट्ठी में उच्चतम न्यायालय के आदेश का भी जिक्र किया है। उन्होंने लिखा जेएसइआरसी के द्वारा 175 करोड़ रुपये का थ्रेस होल्ड लिमिट तय किया गया है। यदि उसके ऊपर कोई कार्य का निष्पादन होना है, तो उसे टीबीसीबी के माध्यम से होना है, ना की आरटीएम के माध्यम से, परंतु 213 करोड़ रुपये के कार्य कराये जा रहे हैं, जो नियम विरुद्ध है।

### कानून को ताक में रख कर लिया जा रहा है फैसला

बाबूलाल ने इसके अलावा कई जगहों पर टेंडर का जिक्र करते हुए कहा, बलियापुर और अन्य जगहों के लिए निविदा निकाली गयी है, जिस पर खरएफ्ऊ का अनुमोदन नहीं प्राप्त किया गया है। इस कार्य को भी जेएसइआरसी के द्वारा अनुमति देने से मना किया जा चुका है। ये सारे कार्य नियम कानून को ताक पर रख कर किया जा रहा है। आप ऊर्जा विभाग के मंत्री भी हैं और बिना आपकी कृपा दृष्टि के अधिकारी इतनी बड़ी अनियमितता का नित प्रतिदिन नया कीर्तिमान कैसे बना सकता है?

### बाबूलाल के आरोप पर ऊर्जा विभाग के ट्रांसमिशन एमडी ने रखा पक्ष

# आरोप लगाने के पहले एप्रुवल लेटर का अध्ययन करवा लेना चाहिए था

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पूर्व सीएम एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के आरोप पर ऊर्जा विभाग ट्रांसमिशन निगम के एमडी केके वर्मा ने पक्ष रखा है। एमडी ने ऊर्जा संचरण निगम के एक टेंडर को लेकर उठाये गये सवाल और भ्रष्टाचार को पक्ष रखा है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी पूर्व सीएम रह चुके हैं, यह आरोप लगाने से पहले उन्हें पूरा पीपीए एक बार पढ़ लेना चाहिए, या फिर किसी जानकार से पढ़वा लेना चाहिए। उनसे इतनी हल्की बात की उम्मीद नहीं की जा सकती है।

श्री वर्मा ने कहा कि आरोप लगाने से पहले बिजली अफसरों से बात कर लेनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि पतरातू के पूरे प्रोजेक्ट की कड़ी मॉनिटरिंग होती है। 2016 में ही नियामक आयोग ने इसे रूल एंड रेगुलेशन के तहत एप्रुव कर दिया था। बिजली दर और टैरिफ की रेट 3.10 रुपये तक फिक्स हो चुकी है। मेहता भी अभी हैं, उनसे भी बात की जा सकती थी, मगर बिना जाने या समझे किसी तरह का आरोप लगा देना पूरी तरह से गलत है।

श्री वर्मा ने कहा कि बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया है कि जेएसइआरसी के अनुमोदन के बिना टेंडर निकला है और यह सरकारी राशि का दुरुपयोग है। अगर भविष्य में बिजली दर निर्धारण के समय यह खर्च न्यासंगत नहीं हुआ, तो जेएसइआरसी टैरिफ निर्धारण पर कोई विचार नहीं करेगा। श्री वर्मा ने कहा कि बहुत अजीब बात है बिना जानकारी लिए यह बातें कही गयीं।

श्री वर्मा ने झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग का 26 फरवरी 2016 का एप्रुवल लेटर जारी किया और कहा कि बाबूलाल को इस पत्र को पढ़ना चाहिए था। आयोग के एप्रुवल लेटर को मंगवा लेना चाहिए था। पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड जेबीवीएनएल की ज्वाइंट वेंचर कंपनी है। एक-एक चीज का काम सेंट्रल स्तर पर कड़ी मॉनिटरिंग के तहत किया जा रहा है। एनटीपीसी राज्य की कंपनी नहीं, बल्कि एक सेंट्रल पावर सेक्टर की कंपनी है।

## भारतीय खिलाड़ियों ने देश को गौरवान्वित किया : राज्यपाल

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि इतिहास में पहली बार भारतीय दल ने एशियन गेम्स में 100 मेडल जीते हैं। राज्यपाल ने शनिवार को ट्वीट कर कहा कि सभी खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल से प्रत्येक देशवासी को गौरवान्वित किया है। सभी को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं। राज्यपाल ने कहा कि एशियाई खेलों के महिला कंपाउंड आर्चर स्पर्धा में ज्योति सुरेखा वेन्नम ने स्वर्ण पदक जीत कर देशवासियों को गौरवान्वित किया। इस शानदार उपलब्धि के लिए उन्होंने ज्योति को हार्दिक बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही एशियन गेम्स के कंपाउंड तीरंदाज प्रवीण ओजस देवताले और अभिषेक वर्मा ने स्वर्ण और रजत पदक जीत कर देशवासियों को गौरवान्वित किया। इस शानदार उपलब्धि के लिए राज्यपाल ने दोनों को हार्दिक बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## विहिप की शौर्य जागरण यात्रा आज

रांची (आजाद सिपाही)। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल द्वारा पूरे देश में शौर्य जागरण यात्रा के लिए रथ का भ्रमण करवाया जा रहा है। रांची में रथ का आगमन रविवारको होगा। शोभायात्रा विश्व हिंदू परिषद रांची के अध्यक्ष रोहित पांडे के नेतृत्व में निकाली जा रही है। रांची के विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल इनका जोरदार स्वागत करेंगे। रांची पहाड़ी मंदिर से धुर्वा के लिए रथ के साथ बाइक रैली भी निकाली जायेगी।

### उच्च न्यायालय ने भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव पर दर्ज प्राथमिकी को किया निरस्त

# किसी निर्दोष व्यक्ति को फर्जी मुकदमे में गलत नीयत से फंसाने पर हस्तक्षेप करना ही पड़ता है : उच्च न्यायालय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी की पीठ ने भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव के ऊपर लातेहार के बालूमाथ थाने में दायर प्राथमिकी को निरस्त कर दिया। मंटू राम ने प्रतुल शाहदेव पर मारपीट करने, जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने तथा हत्या का प्रयास करने का आरोप लगा कर बालूमाथ थाने में प्राथमिकी दर्ज की थी। गवाहों की सूची में एजाज अंसारी, पूर्व पत्रकार आदर्श रविराज आदि का नाम दिया था। प्रतुल ने अपने आवेदन में खुद को निर्दोष बताते हुए कहा था किउनके द्वारा शासन-प्रशासन के गठबंधन से चंदवा के अभिजीत



प्लांट में चलाये जा रहे स्क्रैप के लूट के खिलाफ आवाज उठाने के कारण स्क्रैप माफिया की शह पर यह प्राथमिक की दर्ज की गयी।

प्रतुल की ओर से वरीय अधिवक्ता और पूर्व महाधिवक्ता अजीत कुमार ने दलील देते हुए इस पूरी प्राथमिकी को स्क्रैप माफिया की साजिश बताया। अजीत कुमार ने दस्तावेज पेश कर कोर्ट में शिकायतकर्ता और गवाहों के आपराधिक इतिहास को भी दिखाया। उन्होंने प्राथमिकी दर्ज करने में छह महीने के विलंब पर भी बड़ा प्रश्न उठाया। न्यायालय ने अपने आदेश में प्राथमिकी को निरस्त करते हुए कहा की अगर किसी निर्दोष व्यक्ति को अदालत के सामने बदनीयती से गलत प्राथमिकी दर्ज कर फसाया जायेगा तो अदालत को हस्तक्षेप करना ही पड़ता है। उच्च न्यायालय ने कहा कि पूरी प्लानिंग करके शिकायतकर्ता ने प्राथमिक में ऐसी घटनाओं का उल्लेख किया है, जिनसे लगायी गयी धाराओं को बल मिल सके। अदालत ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि यह प्राथमिकी एक सोची समझी प्लानिंग के तहत की गयी है।

## प्रकाश साहू सहित तीन उग्रवादियों के विरुद्ध सीसीए की कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पीएलएफआइ के सुप्रीमो दिनेश गोप के खास माने जानेवाले प्रकाश साहू सहित तीन उग्रवादियों के विरुद्ध सीसीए की कार्रवाई की गयी है। प्रकाश साहू के अलावा लखन गोप उर्फ जितेंद्र गोप और पौलूस टोपनो उर्फ अमित पर यह कार्रवाई की गयी है। वे हत्या, रंगदारी, पुलिस पार्टी पर हमला, लेवी वसूली के लिए हमला जैसे बड़े आपराधिक मामलों में संलिप्त रहे है। झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 की धारा 12 (2) के तहत कार्रवाई का प्रस्ताव दिया गया था। सीसीए के प्रस्ताव पर मंजूरी मिलने के बाद उन पर अधिनियम की धारा 12 (2) के तहत कार्रवाई की गयी है। प्रकाश साहू पर संगठन के लिए काम करने और क्षेत्र में लॉजिस्टिक सहयोग पहुंचाने, व्यापारियों को डरा धमका कर लेवी वसूलने, संगठन का प्रचार प्रसार करने, सिम कार्ड उपलब्ध कराने सहित कई गंभीर आरोप है।

# शिक्षा विभाग की पहल से 80 उत्कृष्ट विद्यालयों समेत 41 अन्य स्कूलों में लागू होगी 'हर्ष जोहार पाठ्यचर्या

- बच्चों के अंदर सोशल इमोशनल लर्निंग के तहत जीवन कौशल को किया जायेगा विकसित
- हर्ष जोहार पाठ्यचर्या को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए 121 विद्यालयों के 1210 शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के शिक्षा विभाग द्वारा 80 उत्कृष्ट विद्यालयों और और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को मिला कर कुल 121 स्कूलों में हर्ष जोहार कार्यक्रम के तहत 'हर्ष जोहार पाठ्यचर्या' को लागू करने की पहल की जा रही है। इसे लेकर 80 उत्कृष्ट विद्यालयों और कस्तूरबा विद्यालयों में से प्रत्येक विद्यालय से 10 शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संपूर्णा प्रोजेक्ट के तहत हर्ष जोहार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी के तहत राज्य के 121 स्कूलों में बच्चों के अंदर सोशल इमोशनल लर्निंग, एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग, इंटरैक्टिव सेशंस, सेफ स्पेस फॉर लर्निंग, आदि के माध्यम से जीवन कौशल विकसित किया जायेगा। यह पाठ्यक्रम 6 से 12वीं तक के बच्चों के लिए होगा। हर्ष जोहार पाठ्यचर्या के तहत बच्चों के अंदर भावनात्मक लचीलापन विकसित करने, महत्वपूर्ण विचार कौशल, जिम्मेदार निर्णय लेने, आत्म जागरूकता, आत्म सम्मान, विकासोन्मुख मानसिकता, सकारात्मक संबंध स्थापित करने और उसे बनाये रखने, दूसरों के प्रति सहानुभूति रखने जैसे जीवन कौशल विकसित किये जायेंगे।

# ट्रांसफर-पोस्टिंग : रामबदन सिंह आवास बोर्ड के नये कार्यपालक अभियंता बने

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के नगर विकास एवं आवास विभाग की ओर से शनिवार को ट्रांसफर-पोस्टिंग की गयी है। इसकी अधिसूचना जारी कर दी गयी है। इनमें से एक की सेवा उनके पैतृक विभाग को वापस कर दी गयी है। कुछ अधिकारी पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत थे, उनकी पोस्टिंग की गयी है।

**झारखंड राज्य आवास बोर्ड के कार्यपालक अभियंता बने रामबदन सिंह :** झारखंड राज्य आवास बोर्ड में कार्यपालक अभियंता के पद पर पदस्थापन के लिए अधिसूचित सुरेश यादव को मानगो नगर निगम में उपनगर आयुक्त के पद पर पदस्थापित किया गया है, इधर, पथ निर्माण विभाग से सेवाप्राप्त और पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत रामबदन सिंह को झारखंड राज्य आवास बोर्ड में कार्यपालक अभियंता के पद पर पदस्थापित किया गया है।

**चास नगर निगम में सहायक नगर आयुक्त बनीं प्रियंका कुमारी:** पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत सहायक अभियंता कौशलेश कुमार यादव को झारखंड खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार (धनबाद) में सहायक अभियंता के पद पर पदस्थापित किया गया है। धनबाद नगर निगम में परीक्ष्यमान सहायक नगर आयुक्त प्रियंका कुमारी को चास नगर निगम में सहायक नगर आयुक्त के पद पर पदस्थापित किया गया है। रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार में सहायक अभियंता रहे नवल किशोर प्रसाद की सेवा उनके पैतृक विभाग जल संसाधन विभाग को वापस कर दी गयी है।

**चास नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त मुक्ति किड़ो :** हुसैनाबाद नगर पंचायत में परीक्ष्यमान कार्यपालक पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित गोपेश कुंभकार को फुसरो नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित किया गया है। हजारीबाग नगर निगम में परीक्ष्यमान सहायक नगर आयुक्त मुक्ति किड़ो को चास नगर निगम में सहायक नगर आयुक्त के पद पर पदस्थापित किया गया है। हजारीबाग नगर निगम में परीक्ष्यमान सहायक नगर आयुक्त अशोक कुमार हांसदा को गिरिडीह नगर निगम का सहायक नगर आयुक्त बाया गया है।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 08 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in



## डीएवी में अर्द्धवार्षिक परीक्षा का परीक्षाफल घोषित



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** शनिवार को डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा में अर्धवार्षिक परीक्षा में तीसरी कक्षा से बारहवीं तक की परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्राचार्य ने रिजल्ट प्रदान किया। प्राचार्य ने उन्हें अभिप्रेरित किया व बच्चों में उत्साह व पढ़ाई के प्रति उत्साह की भावना जागृत की। उन्होंने कहा कि बच्चे अच्छा प्रदर्शन करने के बारे में अन्य बच्चों से सीखते हैं। परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन नहीं करने वाले बच्चे इन उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों से सीख कर आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे। उन्होंने बच्चे के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और सभी बच्चों और अभिभावकों को बधाई दी। इस रिजल्ट वितरण समारोह का मंच संचालन विद्यालय की शिक्षिका ज्योति व लक्ष्मी गुप्ता ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में परीक्षा नियंत्रक विनीत कुमार सिंह और सुपरवाइजरी हेड मौसुमी मल्लिक, अमीता सिन्हा, मोहम्मद अली, लक्ष्मी गुप्ता, ज्योति सिंह का योगदान सराहनीय रहा।

## झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा की प्रखंड इकाई का गठन



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो स्थित सुमित्रा एंड कार्तिक सिंह मॉडर्न पब्लिक स्कूल परिसर में शनिवार को झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा की प्रखंड इकाई का गठन को लेकर बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता अल्पसंख्यक मोर्चा के वरीय नेता मो खलील ने किया जबकि संचालन बीस सूत्री सदस्य मो जावेद ने किया। बैठक में मुख्य रूप से झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष नौसाद आलम, संगठन सचिव अफजल मियां मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष साकीर अहमद, सचिव मो सोहराब, उपाध्यक्ष समीम अंसारी, यासीन अंसारी, जावेद अंसारी, संगठन सचिव रफीक अंसारी, संयुक्त सचिव फयाज अंसारी, एरकानअहमद, कोषाध्यक्ष साहजहां अंसारी व निगरानी समिति में समसुल अंसारी, मंजूर आलम, शाबीर अली, सुलेमान अंसारी का चयन किया गया। जिला अध्यक्ष नौसाद आलम ने सरकार द्वारा चलाये जा रहे विकास योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया तथा कहा कि राज्य की हेमंत सरकार के द्वारा किए जा रहे विकास योजनाओं को देख कर केंद्र सरकार ईडी को लगा कर हेमंत सरकार को बदनाम करने पर तुली है। हम सभी को एकजुट होकर कर प्रयास करने की जरुरत है ताकि अगामी लोकसभा और विधानसभा में झामुमो की जीत हो सके। मौके पर नौसाद अंसारी, रफीक अंसारी, एरकान अहमद, आजाद शाह, अफसर अंसारी, मो सालारुद्दीन, सुलेमान अंसारी, इरफान अहमद, मो अमजद, मंजूर अंसारी, नवाब अंसारी, समसुल अंसारी, यासीन अंसारी, मकसूद अंसारी, मो राजू, अतहर अंसारी, मो जावेद आलम, साहजहां अंसारी, करीम अंसारी, शाबीर अली मौजूद थे।

## बारिश से जनजीवन बाधित, कई घर गिरे



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में पिछले चार दिनों में हुई बारिश से प्रखंड में आम जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। इस बारिश से खरीफ फसलों के फायदा के साथ-साथ जल स्रोतों में पानी लबालब भर गया है। घरके अगल बगल काफी जल का जमाव हो गया है। जल जमाव के कारण गरीब परिवारों को भारी संकट से गुजरना पड़ रहा है। क्षेत्र में कई मकान गिर गया कई मकान क्षतिग्रस्त हो गया है। मरकच्चो प्रखंड के दसारो खुर्द पंचायत स्थित ग्राम दसारो निवासी हबीजन खातून पति कारू मियां का कच्चा मकान गुरुवार की सुबह गिर गया। घर के अंदर कई आवश्यक सामान दब गया। इससे कई तरह के संकट सामने आ गया है। यहां तक की रहने के लिए दिक्कत हो गई है।

## सरस्वती पब्लिक हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में सरस्वती पब्लिक हाई स्कूल डंडाडीह में आयोजित क्विज प्रतियोगिता और इंग्लिश डिक्टेशन कंपटीशन में विजयी छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिवार की ओर से पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया गया। उक्त प्रतियोगिता में वर्ग 6 के छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि इंग्लिश एजुकेशन कंपटीशन में आर्यन कुमार प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं इंग्लिश डिक्टेशन कंपटीशन में द्वितीय स्थान पर आदित्य जायसवाल, तृतीय स्थान पर सोमेन मोदी रहे। उक्त दोनों प्रतियोगिता में सौम्या कुमारी, काजल कुमारी, नाजिया परवीन, हिना परवीन, अनुष्का कुमारी, रोशनी मोदी, पूर्णिमा कुमारी, रामा रानी, आर्यन कुमार, आदित्य जयसवाल, सोमेन मोदी, इमरान खान, नकुल राणा, मेरी कुमारी, आकांक्षा कुमारी सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य अर्जुन चौधरी और संचालन औरंगजेब खान ने किया। मौके पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य रामदेव यादव, सुखदेव पांडेय, विनोद चौधरी, संदीप तिवारी, विपिन यादव, सुनील पांडेय, गुड्डू, शालिग्राम पांडेय, प्रवीन सिंह, विवेक साहू, स्वीटी, दिनेश राम, कुमारी संतोषी, कुमारी ममता, कुमारी डोली कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में गांधी जयंती के अवसर पर आइडियल प्रोग्रेसिव स्कूल पावर हाउस में आयोजित विभिन्न खेल कूद प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कृत होने वाले छात्र-छात्राओं में एंजल, रोशनी, डॉलि, करीना, मिस्टी, सुनीता, रिया, रूपाली, सबिया, रचना, बिंदु, आनंद, ज्योति, वर्षा, पायल, कोमल, मैंसी, प्रिया, खुशी, अनविका, सिंपी, कर्तव्य, परवीन, ऋषिका, खुशबू, राजनंदनी, आर्यन सहित कई लोगों का नाम शामिल है। विद्यालय के निदेशक तन्हाई चंद्र यादव प्राचार्य रामकिशन यादव ने छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर शिक्षक राजेंद्र राम, राजेंद्र यादव, रंजीत कुमार राणा, शिव शंकर यादव, दीपक पांडेय, मुकेश कुमार, यूनुस अंसारी, शंभू कुमार राणा, चमेली शर्मा, उपेंद्र साहू, अंजली कुमारी, अजय कुमार यादव, यसोदा कुमारी, गुलाफसा खातून, संदीप कुमार सिंह, सुनील कुमार, धीरज कुमार, किशोर कुमार, रोशन कुमार शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

## फुटबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट का पूर्व विधायक ने किया उद्घाटन



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में बिरसा किसान क्लब तिलोकरी के तत्वावधान में फुटबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट का उद्घाटन पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, प्रमुख अंजू देवी ने फीता काटकर तथा फुटबॉल में किक मारकर किया। बताते चलें कि हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बिरसा की संकल्प के तत्वावधान में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुकाबला हजारीबाग के लोकिया तथा कोडरमा जिला के लोकाय टीम के बीच खेला गया। पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि खेल मानव जीवन का अभिन्न अंग है। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय, उपाध्यक्ष निर्मला देवी, स्थानीय पंचायत के मुखिया इंद्रदेव यादव, राजेंद्र यादव, राजकुमार यादव, पंसस अशोक सिंह, अरुण राणा, कैलाश लाल बर्णवाल, संतोष पांडेय, त्रिवेणी पांडेय, रामेश्वर यादव, इंद्रदेव ठाकुर, मैच के संरक्षक मोहन राणा सहित कई लोग मौजूद थे।

### भव्य आयोजन के साथ दुधमटिया वन महोत्सव रक्षाबंधन के साथ संपन्न

# वन प्रेमियों ने वृक्षों का किया रक्षाबंधन

**कॉलेज स्कूल के सैकड़ों विधार्थी हुए वन महोत्सव में शामिल किया रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत**

**हमलोगो की तरह जंगली जानवरों का घर जंगल ही है इसे बचाना हमसबो का कर्तव्य है: जेपी पटेल**

**वन हमारी राष्ट्रीय संपदा है इसे रक्षा करना हम सबों का कर्तव्य है: प्रमुख**

ज्योतिष पंडा

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया का दुधमटीया वन महोत्सव झारखंड का विख्यात मेला है। शनिवार को टाटीझरिया के दूधमटिया में वन पर्यावरण मेला प्रत्येक वर्ष विशाल मेला और रक्षाबंधन के लिए जाना जाता है प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुबह धुधमटिया वन देवी की पूजा में डीएफओ सौरभ चंद्रा, महादेव महतो, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, मूलचंद ठाकुर, परमेश्वर यादव, मुकेश साव, कैलाश पति सिंह, मिथलेश पाठक, महेश अग्रवाल सुरेश यादव, चंदन ठाकुर, रजनीकांत चौधरी, मनोज कुमार सिंह, सुधा कुमारी, चोलो यादव, रंजित कुमार, संजीत कुमार मथुरा साव, राजू यादव, बट्टू चौधरी, ज्योतिष पंडा, कुलेश्वर यादव, अनिल अग्रवाल गुलाब महतो सहित सैकड़ों वन प्रेमी ने पूजा में शामिल हुए और पर्यावरण संस्थापक महादेव महतो डीएफओ सौरभ चंद्रा टाटीझरिया मुखिया सुरेश यादव। सांसद प्रतिनिधि, कैलाश पति सिंह जिला शिक्षा सांसद प्रतिनिधि मिथलेश पाठक कोडरमा लोकसभा सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल परमेश्वर यादव ने लाल धागा बांधकर वन महोत्सव सह रक्षाबंधन का शुभारंभ किया दुधमटीया वन पर्यावरण के संस्थापक महादेव महतो ने कहा कि दुधमटिया वन की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर है। सन 7 अक्टूबर 1995 इस्वी से इस वन में पेडों को लाल डोर बांध पर्यावरण संरक्षण का मॉडल वन विभाग समेत विभिन्न समितियों ने दूधमटिया वन को हमारे बुजुर्गों ने संरक्षित कर रखा है। लाखों पेड के घना जंगल से टाटीझरिया प्रखंड की पहचान है इस वन में शीशम, सागवान, सखूवा जैसे कीमती बहुमूल्य लकड़ियां है प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकी, प्रदर्शनी किया वन विभाग के अधिकारी भी पर्यावरण मेला में मुस्तैद रहे क्या कहते हैं। मांडू विधायक और टाटीझरिया प्रमुख मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा की आज मैं दुधमटीया में वन प्रेमी को देखकर खुशी मिलती है आज मैं महादेव महतो को धन्यवाद देता हूं जो की यह वृक्ष का रक्षाबंधन कर पेड़ कटने से बचाने का संकल्प के साथ वन पर्यावरण मेला का शुभारंभ किया है मैं पूर्व सांसद टेकलाल महतो का भी नमन करता हूं एक-एक पौधे लगाइये और पुण्य का भागी बने जंगल को काटने से बचाये।



### कई विद्यालय के बच्चे हुए शामिल

इस वन महोत्सव में प्रखंड विद्यालय के कई विद्यार्थी शामिल हुए बहुत से बच्चे अपने अपने कला का प्रदर्शन करते दिखे कोई बंदर, तो कोई भालू, के रूप में दिखे पेड़ो। पर लिखा हुआ था मैं भी आपकी तरह जीव हूं मुझे मत काटो, मैं शुद्ध हवा देता हूं। पर्यावरण मेला में बच्चो के लिए खिलोने की दुकानें, तारामाची झुला, ब्रेकडांस ने बच्चो का मन मोह लिया टाटीझरिया थाना प्रभारी ने अपने दल बल के साथ मेला में घूमते रहे जगह-जगह पर प्रशासन से लेकर वन विभाग मुस्तैद रहे संस्थापक पर्यावरणविद महादेव महतो आरसीसी एफ सतीश चंद्र, रेंजर सुरेश राम, वनपाल संजीत, प्रमुख संतोष मंडल उप प्रमुख रवि वर्नवाल, परमेश्वर प्रसाद यादव, रविंद्र यादव, कैलाश पति सिंह, मिथलेश पाठक, राजू यादव, सुरेंद्र प्रसाद यादव, खेमलाल महतो, मुकेश साव, दिनेश खंडेलवाल, मनीष चौधरी, शंभू सिंह तिलकधारी सिंह, जगदीशचंद्र यादव, मूलचंद ठाकुर, लक्ष्मण यादव ,गौतम कुमार, अनिल प्रसाद, रवींद्र साव, शंभू सिंह, गुलाब महतो, सुजीत वर्नवाल, कुलेश्वर यादव, चोलो प्रजापति, वनपाल संजीत दास, वनरक्षी विकास कुमार, उदय कुमार केसरी, रवि कुमार, असलम अंसारी, परमेश्वर महतो, कुंदन कुमार, सोमनाथ कुमार, सहित सैकड़ों वन प्रेमी शामिल है।

# दो मेथड पेपर के लिए बोर्ड ऑफ स्टडीज का गठन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले विभिन्न बी.एड महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं द्वारा विनोबा भावे विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के समक्ष प्रदर्शन किया गया। आंदोलन का नेतृत्व एमडी मिराज, जीवन यादव, अभिषेक राज कर रहे थे। छात्रों द्वारा आरोप लगाया गया कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा मांगों पर केवल आश्वासन दिया जा रहा है। 8 मई को छात्रों के प्रदर्शन के बाद बीएड पाठ्यक्रम में दो मेथड करने के संबंध में 3 दिनों में कमेटी का निर्णय आने का आश्वासन दिया गया था, परंतु सप्ताह भर बीत जाने के बावजूद भी किसी प्रकार का कोई निर्णय नहीं आया। विवश होकर विभिन्न महाविद्यालयों के बी.एड प्रशिक्षुओं द्वारा 20 मई को फिर से प्रदर्शन किया गया। वि.भा.वि कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक व एम.एड के प्रमुख ने प्रदर्शनकारियों से कहा की आपके मांग पर कार्यवाही की जा रही है तर्क संगत व विभिन्न तकनीकी पहलुओं को देख कर निर्णय लिया जायेगा। परंतु कई महीने बीत जाने के बाद भी कोई निर्णय युनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा नहीं लिया गया। बताते चले कि विनोबा भावे विश्वविद्यालय में बीएड पाठ्यक्रम में केवल एक ही मेथड पेपर की पढ़ाई होती है जबकि अन्य विश्वविद्यालयों में 2 मेथड पेपर के अनुसार पढ़ाई कराई जाती है इस विषय को लेकर छात्र काफी आशंकित व चिंतित थे उसको लेकर कई महीने से छात्र अपने मांग को शासन के समक्ष रखने का काम कर रहे थे। प्रदर्शनकार्यों के प्रतिनिधि मंडल से विश्वविद्यालय प्रशासन मिला मांगों पर सकारात्मक कदम उठाते हुए बीएड पाठ्यक्रम में दो मेथड पेपर के लिए बोर्ड आफ स्टडीज का गठन किया गया और वर्तमान सत्र से ही दो मेथड पेपर की पढ़ाई लागू होगी। प्रदर्शन में संत कोलंबस कॉलेज, देव कॉलेज, धर्मबंधु कॉलेज, एसबीएम कॉलेज के आदि कॉलेजों के छात्र पहुंचे थे। मुख्य रूप से जीवन यादव, देव विकास, रिया बाला डे, अभिषेक राज, एमडी मिराज, विक्रम कुमार, आशीष आनंद, ज्योति ईशा बारला, रवि कुमार, विष्णु कुमार, अमनप्रीत कौर, अमृता, दिलदार अंसारी, सौएब अख्तर, आदर्श, बंटी कुमार, गुलाम सरवर सैकड़ों छात्र उपस्थित थे।

# डीसी ने लक्ष्मीपुर गांव का किया दौरा, ग्रामीणों से की बातचीत

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने डोमचांच प्रखंड के लक्ष्मीपुर गांव का दौरा किया, जहां ग्रामीण महिलाओं ने उपायुक्त का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। तत्पश्चात उपायुक्त ने गांव के चौक पर अवस्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके बाद उपायुक्त ने ग्रामीणों के साथ ग्राम सभा की और उनसे बातचीत की। ग्राम सभा के माध्यम से उपायुक्त महोदया ने ग्रामीणों की समस्याओं को भी जाना और संबंधित पदाधिकारियों को योजना का लाभ देने हेतु निर्देशित किया। ग्राम सभा के दौरान ग्रामीणों ने उपायुक्त महोदया को राशन नहीं मिलने की बात कही, जिसपर उपायुक्त ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को राशन वितरण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये, उन्होंने कहा कि सभी लोगों को समय पर राशन मिले, सुनिश्चित करेंगे और स्थलीय जांच करते हुए इसकी मॉनिटरिंग करेंगे। ग्रामीणों द्वारा राशन कार्ड बनाने को लेकर बात रखी गयी, जिसपर दो लाभुकों को राशनकार्ड बनाने के लिए जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिए। साथ ही दो विधवा महिलाओं को विधवा पेंशन से अच्छादित करने को कहा गया। ग्रामीणों के द्वारा उपायुक्त को गांव के चौक के पास चबूतरा बनाने की मांग रखी गयी, जिसपर उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी डोमचांच को गांव के चौक के पास चबूतरा बनाने के साथ साथ सोलर लाइट लगाने को कहा गया। मौके पर उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी गौतम भगत, जिला कृषि पदाधिकारी ब्रह्मदेव साह, पणन सचिव अभिषेक आनंद, प्रखंड विकास पदाधिकारी उदय कुमार सिन्हा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार व अन्य मौजूद रहे।

### अल्ट्रासाउंड के विरोध में बड़कागांव में चलाया गया छापामारी अभियान

# बड़कागांव में लड़कों के अनुपात में लड़कियां घट रही हैं: चिकित्सा प्रभारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** अवैध अल्ट्रासाउंड के विरोध में बड़कागांव में चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अविनाश कुमार के नेतृत्व में छापामारी अभियान चलाया गया। यह छापामारी जांच टीम द्वारा की गयी। जिसमें से बड़कागांव हजारीबाग रोड स्थित डाकघर के पास अवैध तुलसी पैथोलॉजी और नर्सिंग होम और भोला साव के घर में फर्जी तरीके से चलाये जा रहे नवजीवन अल्ट्रासाउंड में छापेमारी की गयी। जांच टीम के बारे में सूचना मिलते ही अवैध अल्ट्रासाउंड के संचालक दिलीप कुमार और नवजीवन अल्ट्रासाउंड के संचालक नौ दो ग्यारह हो गये। दोनों संचालकों को फोन किया गया लेकिन वे नहीं आये।

**जांच टीम बनाई गई**

पीएम पोर्टल में ग्रामीण द्वारा शिकायत किये जाने पर एक जांच टीम बनायी गयी। जिसमें से अंचला अधिकारी बालेश्वर राम, चिकित्सा प्रभावित डॉक्टर अविनाश कुमार, बड़कागांव के थाना प्रभारी विनोद तिर्की, ए एस आई अभय सिंह, स्वास्थ्य केंद्र के अकाउंटेंट आलोक कुमार, आशीष कुमार शामिल थे। ये टीम बड़कागांव पुलिस बल के साथ छापामारी की।



### ग्रामीणों ने की थी पीएम पोर्टल में शिकायत

इस संबंध में चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अविनाश कुमार ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा पीएम पोर्टल में ट्वीट कर शिकायत की गयी थी कि बड़कागांव के तुलसी पैथोलॉजी नर्सिंग होम में अवैध रूप से अल्ट्रासाउंड चलाया जा रहा है और लिंग जांच की जाती है। नर्सिंग होम में संबंधित विशेषज्ञ डॉक्टर भी नहीं रहते हैं। झोलाछाप डॉक्टरों से इलाज करायी जाती है। इसके अलावे नवजीवन अल्ट्रासाउंड फर्जी तरीके से कागज पर चलाया जा रहा है। चिकित्सा प्रभारी ने बताया कि अल्ट्रासाउंड चलाने के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर होनी चाहिए लेकिन कागज में डॉक्टर का नाम है। क्लीनिक में विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं रहते हैं। प्रभारी डॉक्टर अविनाश कुमार ने यह भी बताया कि अवैध तरीके और फर्जी तरीके से अल्ट्रासाउंड चलाने वालों पर बड़कागांव थाना में मामला दर्ज की जायेगी।

### अवैध संचालकों पर होगी बड़ी कार्रवाई

बड़कागांव स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभावित डॉक्टर अविनाश कुमार ने बताया कि बड़कागांव प्रखंड में जितने भी अवैध नर्सिंग होम है और अल्ट्रासाउंड है, सभी संचालकों पर कानूनी कार्रवाई की जायेंगी। उन्होंने कहा कि लिंग जांच होने से बड़कागांव में लिंगानुपात घट रहा है। अर्थात् लड़कों के अनुपात में लड़कियां काम हो रही है। जो चिंता का विषय है। अगर इस पर रोक नहीं लगाया गया, तो हरियाणा जैसा हाल हो जायेगा।

## केरेडारी में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट 11 से

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी केरेडारी इकाई के कार्यकर्ताओं की एक बैठक शनिवार को केरेडारी पंचायत भवन में आयोजित की गयी। इस बैठक में आगामी 11 अक्टूबर से नमो फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरूआत 11 अक्टूबर से केरेडारी के कृषि फॉर्म मैदान में आयोजित किया गया। टूर्नामेंट में केरेडारी प्रखंड के सभी 16 पंचायतों से कुल 32 टीम भाग लेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से सदर विधायक मनीष जायसवाल के सौजन्य से इस फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है मौके पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार, बद्री नारायण सिंह, बैजनाथ तिवारी, उपेन्द्र सिंह, शेर सिंह, अमित प्रसाद गुप्ता, कुणाल किशोर दुबे, बालगोविन्द सोनी, प्रीतम साहू, श्याम ओझा, नरेश महतो, विकास कुमार, मो कासिम, संतोष राम, ज्ञानी कुमार, अरविन्द दास व नितीश दास सहित कई कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

## राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में कोडरमा के छात्रों ने लाया प्रथम स्थान



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** राज्य स्तरीय खेलो झारखंड के अंतर्गत कबड्डी प्रतियोगिता में राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय कोडरमा के छात्रों ने जिले का प्रतिनिधित्व कर प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रौशन किया। उल्लेखनीय रहे उक्त प्रतियोगिता रांची के टानाभगत स्टेडियम में आयोजित की गयी थी। प्रतियोगिता में सफल इन प्रतिभागियों में बिट्टू कुमार यादव, गौतम कुमार और शुभम कुमार का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार ने सभी विजेता प्रतिभागियों तथा शारीरिक शिक्षिका अर्चना सिंह को बधाई दी, और कहा कि इस उपलब्धि के लिए विद्यालय की शारीरिक शिक्षिका अर्चना सिंह का विशेष योगदान रहा। जिन्होंने मुख्य कोच की भूमिका का निर्वहन करते हुए छात्रों को प्रशिक्षण दिया। विजेता टीम में शामिल प्रतिभागी बिट्टू कुमार यादव, शुभम कुमार, गौतम कुमार, नवाज दिलशान, सागर कुमा, रुद्रा कुमार, सौरभ कुमार, फरहान खान, प्रिंस कुमार, नयन राज, सतीश कुमार, अर्नब शामिल थे।

## एक्सपोजर विजिट में पुणे गये प्रमुख का महाराष्ट्र में विधायक और जिप अध्यक्ष ने किया भव्य स्वागत



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** झारखंड के प्रमुख एक्सपोजर भीजीट में पुणे गये हुए हैं। वहां इनलोगों ने प्रसिद्ध समाजसेवी अन्ना हजारे से भी मिलकर कई टिप्स लिए। इसी क्रम में महाराष्ट्र के जुन्नर विधानसभा के विधायक अतुल बांके और जिप अध्यक्ष भाऊ देव बाड़े द्वारा प्रमुखों का जोरदार स्वागत किया गया। इनके सम्मान में जिप कार्यालय में पुरुष नृतकों द्वारा झूमते हुए बाजा-गाजा के साथ भव्य तरीके से सम्मानित किया गया। इसके बाद नेताओं द्वारा बारी-बारी से इन्हें पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। टाटीझरिया प्रमुख सह जिलाध्यक्ष सह प्रमुख संघ के प्रदेश महासचिव संतोष मंडल और जिला महासचिव कटकमदाग प्रमुख कुमारी विनीता, गांडेय प्रमुख राजकुमार पाठक समेत अन्य को जनता की सेवा के कई टिप्स दिये गये। इन्हे बताया गया कि आपकी यह पहली सीढ़ी है, जनसेवा करते हुए आप हमसे भी आगे बढ़ सकते हैं, जरूरत है ईमानदारी पूर्वक काम करने की।

## 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष ने कम राशन देने पर डीलरों को दी चेतावनी



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में इन दिनों राशन कटौती का मामला जोरो पर है। राशन डीलरों के द्वारा लाभूको को निर्धारित मात्रा से कम राशन बांटने की सूचना मिल रही है। यह बात बीससुत्री प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद ने कहा। उन्होंने डीलरों को कड़े शब्दों में हिदायत देते हुए कहा कि जो भी डीलर लाभूकों को कम राशन देते पकड़े गये, उन डीलरों पर विभागीय कार्रवाई कराई जायेगी। उन्हें किसी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रखंड के सभी पंचायत में डोर-टू-डोर निरिक्षण किया जायेगा जो भी डीलर दोषी पाये जायेंगे उनका लाइसेंस रद्द कराया जायेगा। जानकारी हो कि कुछ दिन पूर्व जतघघरा गांव के ग्रामीणों ने 4 माह का राशन डीलर के द्वारा नहीं बांटी गयी थी। जिसके पश्चात वहां लाभूकों ने प्रखंड मुख्यालय का घेराव किया था।

## कैंप लगाकर बीमा योजना से लाभुकों को जोड़ा

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा जिला अन्तर्गत निति आयोग द्वारा चिन्हित आकांक्षी प्रखंडो में तीन अक्टूबर से नौ अक्टूबर तक संकल्प सप्ताह मनाया जा रहा है। इस संकल्प सप्ताह में हर दिन एक विशिष्ट-विकास थीम को लेकर सर्वांगीण विकास का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में कोडरमा जिले के दोनों आंकांक्षी प्रखंड मरकच्चो और जयनगर में जे.एस.एल.पी.एस द्वारा बीमा कैंप लगाकर लोंगो को सामजिक सुरक्षा योजना जैसे- सुरक्षा बीमा और प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा से जोड़ा जा रहा है।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 08 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in



### बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल के 30वें वार्षिक अधिवेशन का आयोजन

# भारत की विविधता को एकरूपता में बदलने का प्रयास: प्रदीप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के गोला रोड स्थित गणक मैरेज हॉल के सभागार में शनिवार को बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल के 30 वें वार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत शुभारंभ पूर्वांचल बीमा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कॉमरेड प्रदीप मुखर्जी और संघ के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से झंडोत्तोलन कर किया। इससे पूर्व बीमा कर्मचारी संघ के सदस्यों ने केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में रैली निकाली।

अधिवेशन को संबोधित करते हुए पूर्वांचल बीमा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कॉमरेड प्रदीप मुखर्जी ने केंद्र सरकार को जनविरोधी बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान मोदी सरकार का एकमात्र एजेंडा देश के सारे संसाधन को पूंजीपतियों के हवाले कर देना है। आज महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार चरम पर है। सांप्रदायिक विभाजन के जरिये समाज में उन्माद और हिंसा को प्रोत्साहित किया जा रहा है। लगभग सभी संवैधानिक संस्थाएं विवाद में है। अपने मुनाफे की हवस की पूर्ति के लिए पूंजीपति वर्ग द्वारा मेहनतकशों का शोषण किया जा रहा है। राष्ट्रीय मौद्रिकरण के जरिये 6 लाख करोड़ रुपए, जमीन, रेल मार्ग, स्टेशन हवाई अड्डे, बंदरगाह, ईंधन पाइपलाइन तथा सार्वजनिक क्षेत्र की अन्य परिसंपत्तियों को सरकार ने देने का लक्ष्य रखा है। सरकार पूंजी जुटाने के लिए अमीरों पर कर लगाने के बजाय, इन्हीं साधनों का सहारा ले रही है। आजादी के 77 वर्ष बाद हम देख रहे हैं कि, हमारे संविधान के स्तंभ धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र, आर्थिक संप्रभुता और सामाजिक न्याय पर हमला हो रहा है। मणिपुर इसका ज्वलंत उदाहरण है, जो वस्तुतः गृह युद्ध में है। भारत की विविधता को एकरूपता में बदलने का प्रयास किया जा रहा है। संघीय ढांचे और लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई राज्य सरकारों के संवैधानिक अधिकारों को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। इन स्थितियों में देश के छात्र युवा महिलाएं मजदूर किसान द्वारा मोदी सरकार की विनाशकारी नीतियों के खिलाफ सामूहिक संघर्ष से एकमात्र विकल्प है। उन्होंने कहा कि अंधाधुन उदारीकरण के दौर में देश के सारे सार्वजनिक क्षेत्र को बेचे जाने के क्रम में 17 मई 2022 को एलआईसी के 3.5 प्रतिशत शेयर का विनियोजन कर इसके निजीकरण की ओर सरकार कदम बढ़ा रही है।




**एलआइसी ने समर्पित सेवाओं से बीमा करने वाली जनता का विश्वास और प्रशंसा अर्जित की है:** उन्होंने कहा कि भारत के इस सर्वाधिक महत्वपूर्ण वित्तीय संस्थान के विनिवेशीकरण का देश में चौतरफा विरोध जारी है। एलआइसी ने समर्पित सेवाओं के माध्यम से बीमा करने वाली जनता का विश्वास और प्रशंसा अर्जित की है।

**तमाम प्रतिकूल परिस्थितियों में भारतीय जीवन बीमा व्यवसाय के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रदर्शन कर रही:** अधिवेशन को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ के संयुक्त सचिव धर्मराज महापात्र ने कहा कि मौजूदा समय संकट का है। वर्तमान सरकार सार्वजनिक उपक्रमों के प्रति विनाशकारी नीतियां अपना रही है।

**अधिवेशन को इन लोगों ने भी किया संबोधित**

अधिवेशन को संबोधित करते हुए आरपीएस चंदेल, लियाफी के कन्हैया सिंह, महाराणा प्रताप, एक्टू के बैधनाथ मिस्त्री, क्लास वन फेडरेशन के मनोज साव,, हेमंत चंदेल सहित कई वक्ताओं ने कहा कि भारतीय जीवन बीमा निगम ऐसी संस्था है जिसने अपने स्थापना काल से ही देश और देश की जनता के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके बावजजूद ऐसी संस्था को भारत सरकार निजीकरण की राह पर धकेल रही है। हम बीमा कर्मचारी इस बात की घोषणा करते हैं कि भारतीय जीवन बीमा निगम इसके 40 करोड़ पॉलिसी धारकों की संपत्ति है और किसी भी सूरत पर हम इसे निजीकरण की राह पर नहीं जाने देंगे।

## लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने लगाया टीकाकरण शिविर



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** विश्व लायंस सेवा सप्ताह के तहत लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा द्वारा ट्रेकर स्टैंड भुरकुंडा स्थित राज नर्सिंग होम में शनिवार को टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 15 नवजात शिशुओं और 5 गर्भवती महिलाओं को वैक्सीन दिया गया। साथ कहा गया कि नवजात शिशुओं व महिलाओं के लिए टीकाकरण जरूरी है। यह कई बीमारियों से बच्चों व गर्भवती महिलाओं को बचाता है। मौके पर कल्ब की अध्यक्ष माला शर्मा ने कहा की लायंस स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार काम कर रही है। इसी सोच के साथ शिविर में नवजात शिशु और माता को वेक्सीनेसन करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया की लायंस क्लब भुरकुंडा के द्वारा नि:शुल्क टीकाकरण राज नर्सिंग होम में निरंतर जारी है। जो प्रत्येक सप्ताह लगाया जाता है। इसमें नवजात जीरो से 15 साल के बच्चों और गर्भवती माता का टीकाकरण कराया जाता है। सचिव रेखा वर्णवाल ने बताया की वर्तमान समय में बीमारी से बचाव के लिए नवजात शिशु और माता को वैक्सीन लगवाना आवश्यक है। शिविर को सफल बनाने में लायंस क्लब की अध्यक्ष माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल, कोषाध्यक्ष अंजू देवी, लायन राजेंद्र महतो, विजय वर्णवाल, अशोक सिन्हा, संजय कुमार सिंह, प्रमोद शर्मा, निर्मल अग्रवाल, अखिलेश शर्मा आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## जेएम कॉलेज की छात्रा अंजली का गणतंत्र दिवस पूर्व परेड के लिए राज्य स्तर पर चयन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जेएम कॉलेज भुरकुंडा की छात्रा अंजली कुमारी का विश्वविद्यालय स्तर पर गणतंत्र दिवस पूर्व परेड के लिए राज्य स्तर पर चयन हुआ है। अंजली राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक की स्वयंसेविका और सेमेस्टर चार राजनीति शास्त्र प्रतिष्ठा की छात्रा है। अंजली का चयन विनोवा भावे विश्वविद्यालय में 9 सितंबर को कई कठिन प्रतियोगिता के आधार पर चार छात्राओं का चयन हुआ है जिसमें से एक अंजली भी शामिल है। इन सभी छात्राओं को आगामी 20 से 29 नवंबर तक उत्तराखंड हरिद्वार स्थित देव संस्कृत विश्वविद्यालय में प्रशिक्षण दिया जायेगा। इनके चयन पर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ शीला सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य विद्यानंद तिवारी ने अंजली को बधाई देते हुए कहा की राष्ट्रीय सेवा योजना और अंजली के कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है। अंजली के चयन पर महाविद्यालय के प्राचार्य विद्यानंद तिवारी, प्रो प्रमोद सिंह, डॉ शम्मा बेगम, प्रो अनिल सिंह सहित कॉलेज परिवार के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## ए ला एंगलाइज विद्यालय में कराटे सह योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बिरसा चौक स्थित ए ला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में शनिवार को कराटे सह योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे कोच सेंसई कंचन दास के देख-रेख में कक्षा 4 से 5 तक समस्त छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट का गुर सिखाया गया। साथ ही कराटे के फायदों से बच्चों को अवगत कराते हुए काता, कुमिते, फाइट और बोंकाई का प्रशिक्षण दिया गया। वहीं योग में सूर्य नमस्कार सहित अन्य आसनो का योगाभ्यास कराया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों के स्वास्थ्य का भी पूरा ख्याल रखा जाता है। उन्होंने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास व हर क्षेत्र में अव्वल बनाने के लिए विद्यालय प्रबंधन सार्थक कदम उठाती रहेगी। उन्होंने कहा की कराटे से शारीरिक व मानसिक विकास तो होता ही है इससे शरीर चुस्त-दुरूस्त भी रहता है। शिविर में यामिनी कुजूर, मानसी, मिस्टी, परी, राशि, निखत, शैल्वी, लक्ष्मी, संजना, सुहानी, सुफिया, सपना टुडू, संजना, श्रृष्टि, शीतल, काजल, साक्षी, अनुस्क स्वाति, शिवानी, आर्यन, इकरा, आयुष, देवेंद्र, अनीष, अमन, शुभम, अमन रजा, जुनैद सहित 120 छात्र-छात्राओं ने कराटे व योग का योगाभ्यास किया।

## त्यौहार को देखते हुए खाद्य प्रतिष्ठानों में चलाया गया सघन जांच अभियान

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** डीसी चंदन कुमार के निर्देश पर शनिवार को आगामी त्यौहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीप श्रीवास्तव के द्वारा शनिचरा बाजार और बाजार समिति स्थित दुकानों में सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के क्रम में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों में साफ सफाई, एफएसएसएआइ लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन और उपयोग किया जा रहे सामग्रियों की जांच की गयी। एफएसएसएआइ का लाइसेंस नहीं पाये जाने वाले कुल 28 दुकानों को नोटिस जारी किया गया और 7 दिनों के अंदर लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन करने का निर्देश दिया गया। जांच अभियान के दौरान मेडिकल ऑफिसर डॉ सत्य प्रकाश, सब इंस्पेक्टर नवीन कुमार, असिस्टेंट निशांत निखिल और पुलिस बल शामिल थे।

# रामगढ़ की रजरप्पा भैरवी नदी में बहे पटना के दो युवक, पुजारी और स्थानीय लोगों की मदद से आधे घंटे में किया गया रेस्क्यू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखंड के रामगढ़ जिले में स्थित देश के प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिका मंदिर स्थित भैरवी नदी के तेज बहाव के लेपेटे में बिहार के दो युवक आ गये। दामोदर भैरवी संगम स्थल के पास दोनों युवकों ने बचते-बचाते एक गड्ढे में किसी तरह चट्टान को पकड़ा और खड़े होकर जान बचाने की गुहार लगाने लगे। यह देख स्थानीय और मंदिर न्यास समिति के पुजारी ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों युवकों को सकुशल नदी की तेजधार से बाहर निकाला।

बताया जा रहा है कि पटना से श्रद्धालुओं की एक टोली शनिवार को मां छिन्नमस्तिका के दर्शन करने के लिए पहुंची थी, जिसमें से एक युवक भैरवी नदी में नहाने के लिए चला गया और चट्टान पर उसका पैर फिसल गया। देखते ही देखते युवक बहने लगा। अपने मित्र को डूबता देख दूसरा युवक उसे बचाने के लिए नदी में कूद गया और देखते ही देखते दोनों युवक पानी के तेज बहाव में आ गये। किसी प्रकार वे युवक नदी से ही बचाओ-बचाओ की आवाज लगाने लगे। इसी बीच स्थानीय युवकों की एक टोली और मंदिर न्यास समिति के पुजारी ने आवाज देते हुए युवकों को देखा और नदी के आसपास मौजूद चट्टान को पकड़ने के लिए कहा। किसी तरह दोनों ने भैरवी नदी संगम के ठीक ऊपर किसी तरह चट्टान को पकड़ने में सफलता पायी और पत्थर को पकड़ कर खड़े हुए। स्थानीय लोगों के साथ मिल कर मंदिर के पुजारी ने एकता का परिचय देते हुए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। इसी बीच रस्सी के सहारे स्थानीय युवक पिंटू भैरवी नदी की तेज धार में दोनों युवकों के पास पहुंचा। फिर एक-एक करके दोनों को रस्सी से बांध कर भैरवी नदी की तेज धार से निकाल कर बाहर ले आया। उनके सकुशल बाहर आने पर वहां मौजूद लोगों ने इतना जरूर कहा कि इनकी माताओं ने दोनों के लिए जितिया का व्रत किया होगा, तभी मां के आशीर्वाद से दोनों की जान बच गयी। मौत के मुंह से निकल कर आये दोनों युवकों ने मां छिन्नमस्तिका के साथ-साथ सभी लोगों को धन्यवाद दिया। मनीष और अभिषेक बिहार के पटना से यहां पूजा करने के लिए आये थे।

इधर मंदिर के वरिष्ठ पुजारी लोकेश पंडा ने बताया कि बिहार से आए दो युवक अचानक रजरप्पा मंदिर स्थित भैरवी नदी की तेज धार में बहने लगे। हम लोगों के साथ-साथ फूल प्रसाद बेचने वाले स्थानीय लोगों के साथ मिलकर उनका रेस्क्यू किया गया। हालांकि हम लोगों को समय मिल गया और माता का आशीर्वाद था, तभी दोनों युवकों की जान बच गई। पुजारी ने कहा कि अगर थोड़ी सी चूक हुई होती तो अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता था। मंदिर न्यास समिति और पुलिस प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं को नदी की तेज धार में नहीं जाने और नदी के बीच जाकर स्नान करने के लिए लगातार मना करते रहती है। इसके बावजूद कुछ श्रद्धालु अपनी मनमानी करते हैं, जिसके कारण कभी-कभी उनकी जान पर बन आती है।

# रामगढ़ कॉलेज बचाओ समिति ने दूसरे दिन जारी रखा धरना

**शिक्षा के मंदिर को असामाजिक तत्वों से बचाया जायें : राजेश ठाकुर**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ कॉलेज बचाओ समिति ने दूसरे दिन भी सैकड़ो छात्र छात्राओं के साथ दो दिवसीय धरना प्रदर्शन जारी रखा। धरना के बाद एक लिखित ज्ञापन रामगढ़ कॉलेज के प्रोफेसर प्राचार्य रेखा प्रसाद को सौंपा। धरने में बैठे लोगों ने रामगढ़ कॉलेज की जमीन की मापी कराने, कॉलेज की चारदीवारी को सुरक्षित कराने, सुरक्षित कैंपस बनाने की मांग कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आभाविक के पूर्व प्रदेश संयोजक राजेश ठाकुर ने किया। संचालन शशि करमाली ने किया। मौके पर राजेश ठाकुर ने बताया कि रामगढ़ कॉलेज की जमीन दिन प्रतिदिन अतिक्रमण किया जा रहा है। इस शिक्षा के मंदिर को हम लोगों को भूमि माफिया के चंगुल से बचना होगा। ताकि कैंपस में शिक्षा का वातावरण बन सके और रामगढ़ महिला कॉलेज सुरक्षित रह सके। असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होता है। हम लोग कॉलेज प्रशासन और जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि रामगढ़ कॉलेज की चारदीवारी कर शिक्षा का वातावरण बनाया जाये। यदि हमारी मांगों को जल्द से जल्द पूरा नहीं किया गया आने वाला समय में सड़क में उतरकर आंदोलन करेंगे। धरना में गौतम महतो, रमेश करमाली, सुमंत महली, रोहित सोनी, अंकित अग्रवाल, महेश महतो, नीतीश निराला, प्रेम महतो, रोहित महतो, लक्ष्मी महतो, नेहा कुमारी, मनीषा कुमारी, नीरज कुमार आदि शामिल थे।



### डीसी ने भू-अर्जन, राजस्व संबंधित कार्यों को लेकर की समीक्षा बैठक

# वंशावली और जमीन मापी का प्रतिवेदन जल्द जिला स्तर पर करायें उपलब्ध: डीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** भू-अर्जन, राजस्व संबंधित कार्यों व विभिन्न परियोजनाओं को लेकर शनिवार को डीसी चंदन कुमार ने समीक्षा बैठक कर कई निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में सर्वप्रथम जिला भू-अर्जन पदाधिकारी विजेंद्र कुमार ने डीसी को भारतमाला परियोजना गोला-ओरमांझी और कोलकाता-वाराणसी अंतर्गत पैकेजवार और मौजावर अद्यतन स्थिति की जानकारी दी गयी। जिस पर डीसी ने अधिग्रहित भूमि में आने वाले समस्याओं का निष्पादन करते हुए मुआवजा भुगतान करने का निर्देश दिया। साथ ही आपसी विवाद के कारण मुआवजा नहीं लिए जाने वाले लोगों को नोटिस देते हुए विवादित भूमि का मुआवजा सक्षम न्यायालय में भेजने का निर्देश दिया। डीसी ने सभी अंचल अधिकारियों को मौजे से संबंधित वंशावली और जमीन मापी का प्रतिवेदन जल्द से जल्द जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया।



**बरलंगा कसमार सड़क निर्माण कार्य को जल्द पूरा करें**

बैठक के दौरान डीसी ने बरलंगा कसमार सड़क निर्माण कार्य को विशेष प्राथमिकता देते हुए कार्य में तेजी तेजी लाते हुए जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने एनएच 33 अंतर्गत चुटूपालू घाटी में स्ट्रीट लाइटों को जल्द से जल्द दुरुस्त करते हुए उन्हें सुचारू रूप से संचालित करने का निर्देश एनएचएआई रांची को दिया।

**एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों को जल्द निष्पादन करने का निर्देश:** बैठक के दौरान डीसी ने पथ निर्माण विभाग, सीसीएल सहित अन्य परियोजनाओं के अधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी लेने के उपरांत जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए उनके निष्पादन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इसके अलावा डीसी ने सभी परियोजनाओं के अधिकारियों को किए जा रहे कार्यों के दौरान आने वाली समस्याओं से जिला प्रशासन को नियमित रूप से अवगत कराने का निर्देश दिया।

**बैठक में ये थे उपस्थित**

बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त सह अपर समाहर्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, विभिन्न परियोजनाओं के निदेशक, जिला स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए दिया गया अनापत्ति प्रमाण-पत्र



**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक की गयी। जिला वन अधिकार समिति के अध्यक्ष -सह-उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल की अध्यक्षता में बैठक की गयी। बैठक में मुख्यत: चतरा जिला अंतर्गत संलग्न भू-विवरणी अनुसार संबंधित ग्राम वन अधिकार समिति द्वारा दिये गये वन भूमि के उपयोग हेतु अनुमंडल वन अधिकार समिति के द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने की अनुशंसा के आधार पर जिला वनाधिकार समिति चतरा द्वारा वन और जंगल-झाड़ी भूमि का अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत करने के लिए बैठक आहूत की गयी। बैठक में भारत माला परियोजना के एक्सप्रेस वे का निर्माण हेतु हंटरगंज अंचल के 14 गांव में गैर मजरूआ, खास, जंगल झाड़ी के 35.83 एकड़, चतरा अंचल का 17 गांव जंगल झाड़ी मिलाकर 125.43 एकड़, सिमरिया अंचल के लिए सात गांव 30.93 एकड़, पत्थलगड्डा का 2 गांव 15.07 एकड़, आम्रपाली रेलवे साइडिंग निर्माण टंडवा अंचल में 6 गांव रकवा 109.03, एनएच 99 में वाइपास निर्माण चतरा का एक गांव में ड.33 एकड़, बृंदा मोर से सिवपुर रेलवे साइडिंग 2 गांव रकवा 3.74 एकड़ का प्रस्ताव सर्वसम्मति से अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु पारित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, सदर अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर दास समेत रामेटाना भगत (सदस्य) सिदपा, टंडवा, सरयु उरॉव, (सदस्य) सिंदरीवार, सिमरिया, शोभा कुजूर, (सदस्य) कल्याणपुर समेत अन्य उपस्थित थे।

## सर्पदंश से छात्रा की मौत

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के लेंजवा गांव में सर्प के काटने से एक छात्रा की मौत हो गई है। मृतक छात्रा राजेंद्र ठाकुर के पुत्री सोनम कुमारी 20 बताया गया। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्रा जिऊतिया पर्व को लेकर घर में लिपाई पुताई का कार्य कर रही थी। इसी दौरान सर्प ने उसे काट लिया। परिजनों के द्वारा आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। सर्पदंस का समुचित इलाज नहीं होने के कारण उसे गया मगध मेडिकल कॉलेज और अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक छात्रा राम नारायण डिग्री कॉलेज में सेमेस्टर वन की छात्रा थी। घटना के बाद शोकसंतप्त परिजनों से कई जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और उन्हें ढांढस बनाया। घटना से जितिया पर्व लोगों को मातम में बदल गया।

## वन विभाग ने चलाया छापामारी अभियान



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** वन विभाग के द्वारा शनिवार को अलग-अलग दो गांव में विशेष छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान सलैया गांव से एक व्यक्ति को वन विभाग में लगे पौधा को चराने के आरोप में गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी बिहार रोशनगंज थाना के कोइरिया गांव निवासी अधेड़ गोविंद यादव बताया गया। दूसरी छापामारी पतसुगीया गांव से एक टेंपो को जब्त किया है। जब किये गये टेंपो बिहार के मंजरी गांव के आरा मशीन से लकड़ी का पट्टा लेकर जा रहा था। इस अभियान में वनपाल पवन कुमार, वनरक्षक नीरज कुमार, मनीष कुमार शामिल थें।

## परवरिश स्कूल में पिक-स्पीक और स्पेलिंग प्रतियोगिता



**कुजू (आजाद सिपाही)।** परवरिश एजुकेयर स्कूल, कुजू में पिक-स्पीक और स्पेलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान इंटर क्लास व इंटर हाउस प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों ने अपनी असाधारण प्रतिभा कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वही, पीजी से यूकेजी कक्षाओं के लिए डिजाइन व पिक एंड स्पीक प्रतियोगिता की गयी। जो आनंददायक रहा। जबकि पिक एंड स्पीक प्रतियोगिता में कक्षा एक से सप्तम तक के छात्रों के लिए स्पेलिंग बी प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वही, उभरते वक्ताओं ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। कक्षा एक से सप्तम के लिए स्पेलिंग बी प्रतियोगिता भाषा कौशल, शब्दावली और सटीकता की सच्ची परीक्षा हुई। पहली कक्षा से लेकर सातवीं कक्षा तक के प्रतिभागियों ने वर्तनी कौशल और संयम का प्रदर्शन किया। मौके पर प्रिंसिपल नेहा राज बनर्जी ने बताया कि इस तरह के आयोजन समग्र विकास को बढ़ावा देने व विद्यार्थियों के बीच सीखने के प्रति प्रेम को बढ़ावा देने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। प्रतियोगिता के दौरान सिमिस्टी प्रकाश, आयुष्मान, तल्हा सरवर, लक्ष्मी कुमारी, सोनाक्षी, हामिद रजा, अवनी, टिया, ओम कुमार, प्रतीक कुमार, पूजा, इम्तियाज, शहजादी फातिमा, निकिता प्रसाद और अन्य छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया।

## केंद्रीय विद्यालय पतरातू में मनाया वन्य जीव सुरक्षा सप्ताह



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय विद्यालय पतरातू में 2 से 8 अक्टूबर तक चलने वाले वन्य जीव सुरक्षा सप्ताह के लिए शनिवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने वन्य जीवों से संबंधित एक प्रदर्शनी और वन्यजीवों से संबंधित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इन कार्यक्रमों में बच्चों ने काफी उत्साह से भाग लिया। बच्चों के द्वारा भारत के नक्शे में विभिन्न नेशनल पार्क, वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी आदि को दर्शाया गया प्रदर्शनी को देखने सैकड़ों अभिभावक आये तथा पतरातू पंचायत के मुखिया गिरजेश कुमार ने बच्चों की हौसला आफजाई की। साथ ही क्विज कार्यक्रम के प्रश्नों का जवाब शिवाजी, टैगोर, अशोक और रमन सदन के बच्चों ने काफी सूझबूझ के साथ दिया। इस प्रतियोगिता में टैगोर सदन के बच्चे प्रथम स्थान पर रहे तथा अशोक सदन ने दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा तृतीय स्थान पर शिवाजी सदन के बच्चे रहे इस प्रश्नोत्तरी में बच्चों ने मूल रूप से झारखंड बिहार तेलंगाना और गोवा के नेशनल पार्क टाइगर रिजर्व को जाना बच्चों ने गंभीर प्रश्नों के भी जवाब दिये इस मौके पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## सदर अस्पताल ब्लड बैंक को सौंपा चार आउटडोर ब्लड डोनर रिक्लाइनर्स

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** डीसी चंदन कुमार की उपस्थिति में शनिवार को रांची की पैराडाइज संस्था की ओर से सदर अस्पताल रामगढ़ परिसर स्थित ब्लड बैंक को चार आउटडोर ब्लड डोनर रिक्लाइनर्स सौंपे गये। आउटडोर ब्लड डोनेशन कैंप में काम आने वाले यह रिक्लाइनर्स की मदद से रक्तदान मुहिम को बल मिलेगा और शिविर लगाने में संस्थाओं और ब्लड बैंकों को काफी आसानी होगी। पहले कई शिविरों में बाजार के टेंट हाउस से बेड की व्यवस्था की जाती थी जिसका आर्थिक बोझ संस्थाओं, सिविल सोसाइटीज, ट्रस्टों पर पड़ता था अब यह आउटडोर रिक्लाइनर्स की व्यवस्था से ब्लड बैंक पूरी तरह आत्मनिर्भर हो जाएगा और ब्लड डोनेशन कैंपो का आयोजन करना काफी आसान हो जायेगा। ये रिक्लाइनर्स काफी पोर्टेबल और हल्के होते हैं और इनको आसानी से कहीं भी ले जाया जा सकता है। पैराडाइज संस्था से अतुल गेरा और विशाल शाह ने बताया की वे लाइफसेवर रांची और झारखंड थैलेसीमिया फाउंडेशन से भी जुड़े है, जिसकी प्राथमिकता सरकारी रक्त अधिकोशों को सुदृढ़ करना और रक्तदान मुहिम में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देना है।

# रुख में नरमी काफी नहीं

कनाडा के साथ रिश्तों में आयी दरार के बीच भारत दोनों तरफ राजनयिकों की मौजूदगी में समानता सुनिश्चित करने को लेकर अपने रुख पर अड़ा है। दोनों के बीच तकरार का यह मुद्दा इस लिहाज से दिलचस्प कहा जा सकता है कि भारत इस पर खुलकर सार्वजनिक रूप से अपना पक्ष रख रहा है, जबकि कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो कह रहे हैं कि वह कूटनीतिक चैनलों के जरिए ही संवाद करना चाहेंगे, क्योंकि कूटनीति अपने प्राइवेट रूप में ज्यादा प्रभावी होती है। उनकी इस बात से कोई असहमति नहीं हो सकती, लेकिन यह बात हैरान जरूर करती है कि इस सच्चाई का अहसास उन्हें इतनी देर से हुआ। वरना अपने देश में हुई एक हत्या का इल्जाम खुले रूप में भारत के मत्थे मढ़ कर वह दोनों देशों के रिश्तों को यूं खतरे में नहीं डालते। वह भी तब, जबकि इस इल्जाम को सही साबित करने वाले सबूत भी हाथ में न हों। हो सकता है, उन्हें ऐसा लगा हो कि अगर वह ऐसा करेंगे, तो उससे ज्यादा दबाव बनेगा और फिर भारत को झुकाना संभव हो जायेगा। मगर पिछले करीब एक पखवाड़े के अनुभव ने साबित कर दिया कि यह उनकी गलतफहमी थी। इस दौरान वह न तो अपने दावे के पक्ष में कोई ठोस सबूत दे सके और न ही अन्य देशों को भारत के खिलाफ अपनी तरफ गोलबंद कर सके। उनके रुख में बदलाव के पीछे इस ठोस हकीकत की भूमिका हो सकती है। लेकिन इसके आगे की सच्चाई यह है कि भारत लगातार कनाडा पर खालिस्तानी तत्वों को खुली छूट देने का जो आरोप लगाता रहा है, उसमें कोई बदलाव नहीं आया है। न तो खालिस्तानी तत्वों ने कनाडा में अपनी सक्रियता घटायी है और न ही कनाडा सरकार उन पर किसी तरह की सख्ती करती नजर आ रही है। भारतीय राजनयिकों के खिलाफ जो पोस्टर हटा लिये गये थे, वे फिर से गुरुद्वारों में लगा दिये गये हैं। इस बीच ये खबरें भी फैलायी जा रही हैं कि कनाडाई इंटेलिजेंस एजेंसी ने ब्रिटिश कोलंबिया के सिखों को सतर्क रहने को कहा है, क्योंकि कथित भारतीय एजेंट कुछ खालिस्तानियों को मारने के प्रयास में हैं। इस संबंध में महत्वपूर्ण बात यह है कि कनाडा सरकार की तरफ से इन खबरों का खंडन भी नहीं किया जा रहा। यही नहीं, खालिस्तान समर्थक ग्रुप्स वेंकुवर में इंडियन कॉन्सुलेट के सामने अगले 21 अक्टूबर को किल इंडिया कार रैली करने की तैयारी कर रहे हैं, जिसका मकसद 28 अक्टूबर को होने वाले कथित जनमतसंग्रह के लिए फंड जुटाना बताया जा रहा है। जाहिर है, कनाडा के पीएम ट्रूडो को समझना होगा कि दोनों देशों के रिश्ते इस तरह के माहौल में नहीं फल-फूल सकते। कूटनीति की कामयाबी के लिए प्राइवेसी के साथ ही आपसी विश्वास और पारस्परिक हितों के प्रति सम्मान का भाव होना भी जरूरी है।

**खालिस्तान समर्थक ग्रुप्स वेंकुवर में इंडियन कॉन्सुलेट के सामने अगले 21 अक्टूबर को किल इंडिया कार रैली करने की तैयारी कर रहे हैं, जिसका मकसद 28 अक्टूबर को होने वाले कथित जनमतसंग्रह के लिए फंड जुटाना बताया जा रहा है।**

अभिमत

आजाद सिपाही

**प्राचीन इतिहास का विश्लेषण कर लेते हैं। बताते हैं कि तब वर्णाश्रम आधारित सामाजिक व्यवस्था थी। इसका मतलब यह हुआ कि ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र। किसी भी वर्ण में जन्म लिया तो वही कहलाने लगे। इनके लिए कुछ नियम भी थे। इस तरह पूरा समाज एक ताने-बाने में बुना रहता था और सब कुछ सही ढंग से बिना छोटे-बड़े की भावना या व्यावसायिक प्रतियोगिता और मतभेद के सुचारू रूप से चलता रहता था।**

# जाति के आधार पर लड़ाने, बांटने की कोशिश न हो

पूरन चंद सरीन



**जाति के नाम पर यदि हमारे राष्ट्रीय संसाधनों की बांट शुरू हो गयी, तो सबसे बड़ा नुकसान उनका होगा जो मेहनतकश हैं, ईमानदारी से अपना काम-धंधा करते हैं और जितना मिल जाये, उसमें खुश रहते हैं। जाति के आधार पर लड़ाने, बांटने और अलग-थलग करने का समय फिर से दोहराने की कोशिश यदि सफल हो गयी, तो यह देश के काले अध्याय का आरंभ होगा।**

इतिहास में भारत को सोने की चिड़िया जैसे अलंकारों से सजाये जाने की परंपरा रही है। अपने अतीत का ब्योरा बढ़-चढ़ कर देना कई बार गप मारने की श्रेणी में भी आ जाता है। यह भी प्रश्न उठता है कि हम हजारों साल पहले क्या थे और आज क्या हैं? इससे जुड़ा सवाल यह है कि अपने गौरव का बखान करते रहना क्या अपने मुंह मियां मिठ्ठू बनने जैसा नहीं है?

**सयाने लोग क्या कह गये**

इतिहासकार अपने शोध और अपने अनुमान के अनुसार इतिहास लिखने की कोशिश करते हैं। इसमें इस बात की बहुत संभावना रहती है कि उनकी सोच पर आधारित निष्कर्ष गलत भी हो सकते हैं। यही इतिहास या प्राचीन विवरण जब वर्तमान पीढ़ी को पढ़ाया या समझाया जाता है, तो उस पर विश्वास न करने का कोई कारण नहीं बनता, क्योंकि कौन से हम तब थे या कोई ऐसी विधि है, जिससे तब की वास्तविकता हम अपने असली रूप में समझ पाते।

प्राचीन इतिहास का विश्लेषण कर लेते हैं। बताते हैं कि तब वर्णाश्रम आधारित सामाजिक व्यवस्था थी। इसका मतलब यह हुआ कि ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र। किसी भी वर्ण में जन्म लिया तो वही कहलाने लगे। इनके लिए कुछ नियम भी थे। इस तरह पूरा समाज एक ताने-बाने में बुना रहता था और सब कुछ सही ढंग से बिना छोटे-बड़े की भावना या व्यावसायिक प्रतियोगिता और मतभेद के सुचारू रूप से चलता रहता था।

**भगवान श्री राम क्षत्रिय थे, लेकिन उनकी मित्रता केवट से भी थी, जो मल्लाह थे।**

इसी वर्ण और कर्म के संयोग से बनी व्यवस्था इतनी सटीक और सुलझी हुई थी कि आज भी हम अपने गौरवशाली अतीत की प्रशंसा करते नहीं थकते और उस पर गर्व करते हैं कि हम ये थे, वह नहीं जो अब सदियों की गुलामी के कारण हो गये थे। भगवान श्रीराम क्षत्रिय थे, लेकिन उनकी मित्रता केवट से भी थी, जो मल्लाह थे। इसका अर्थ क्या यह नहीं है कि राजा का कर्म क्षत्रिय बन कर राज करना था, तो केवट का मल्लाह के रूप में एक क्षत्रिय की भांति राज करना सामान्य बात थी।

इसका मतलब यही है कि तब की व्यवस्था इतनी मजबूत थी कि व्यक्ति जन्म से नहीं, कर्म के अनुसार जाना जाता था अर्थात कर्म प्रमुख और वर्ण या वंश गौण जिसका न के बराबर महत्व था। राम-रावण युद्ध हो या महाभारत इन दोनों संघर्षों में जितने भी राजाओं ने भाग लिया, वे सभी क्षत्रिय वर्ण के नहीं थे, बल्कि विभिन्न भागों से युद्ध में भाग लेने आये अलग-अलग जातियों के राजा थे। यही स्थिति भारत के व्यापारियों और उद्योगपतियों की थी। वे सभी वैश्य कुल में जन्मे हों या न हों, कोई अंतर नहीं पड़ता। यदि उसे व्यापार करना आता है, तो वह वैश्य है। यही कारण है कि आज जिसे हम विदेशियों की तर्ज पर कॉर्पोरेट कल्चर कहते हैं, वह हमारे यहां तब बहुत विकसित थी। इसे श्रेणी कहा जाने लगा।

पूरी दुनिया में हमारे व्यापारियों का डंका बजता था। हम जो बनाते थे, वह कहीं और बहुत कोशिश करने पर बन नहीं पाता था। मूल्यवान धातुओं के प्रचुर भंडार थे। वास्तुकला इतनी समृद्ध थी कि आज भी प्राचीन इमारतों, मंदिरों और किलों को देख कर विदेशी रहस्य ही समझते हैं। सेवा कार्य को निचले दर्जे का नहीं समझा जाता था, बल्कि वह किसी भी वर्ण के कर्म की भांति सम्मानजनक था।

**कर्म प्रधान जीवन**

किसी भी वर्ण में उत्पन्न व्यक्ति अपने कर्म के अनुसार जाना जाता था। यह व्यवस्था न किसी के साथ अन्याय होने देती थी और न किसी का पक्षपात करती थी। इस मनोवृत्ति का भी इतिहास है। हुआ यह कि जब मुगल शासकों ने भारत पर कब्जा जमाना शुरू किया, तो सबसे पहले उन्होंने देशवासियों की इसी एकजुटता की ताकत को तोड़ने का काम किया। अंग्रेजों ने भी उन्हीं का अनुसरण किया और भारत को अलग-अलग जातियों, कबीलों में बांट दिया। भारत कमजोर होता गया और वे फूट डाल कर राज करने की नीति पर चल कर कामयाब होते रहे।

आजादी मिलने तक हमारी सभी व्यवस्थाएं और परंपराएं टूट-फूट चुकी थीं। भूख, गरीबी का आतंक इतना बढ़ा कि देशवासी रोटी के लिए कोई भी घिनौना कर्म करने को तैयार हो गये। स्वतंत्रता के बाद हमारे केवल 2 ही वर्ग बचे, एक वह जिसके हाथ में देश के सभी संसाधन, प्राकृतिक स्रोत और आमदनी के जरिए आ गये। दूसरा वर्ग वंचितों का हो गया, जिसका शोषण और उत्पीड़न करने का अधिकार पहले वर्ग को मिल गया। यह व्यवस्था आज तक बदल नहीं पायी है, बल्कि गरीब और अमीर की कभी न पाटी जा सकने वाली खाई के रूप में और भी अधिक चौड़ी हो गयी है।

**जातियों का बंटवारा बर्बादी की निशानी**

बहुत से लोग इन जातियों की गणना करना चाहते हैं और जिसकी जितनी आबादी, उसका उतना ही हक की बात करते है, वे असल में हमेशा के लिए उन पर कब्जा करना चाहते हैं। क्या ऐसा होने दिया जा सकता है कि जाति के आधार पर शिक्षा के लिए स्कूल और इलाज के लिए अस्पताल बनवाये जायें, जिनमें केवल इन्हीं जाति विशेष के लोगों का निवेश हो सके? क्या इससे वर्ग संघर्ष की शुरुआत नहीं होगी।

यह सामाजिक बीमारी पहले ही बहुत तेजी से फैल चुकी है। एक जगह केवल अमीर और साधन संपन्न जा सकते हैं और दूसरी जगह गरीब और असहाय लोग जा सकते हैं। एक सभ्य और समावेशी समाज में यह मंजूर नहीं होना चाहिए। जाति के नाम पर यदि हमारे राष्ट्रीय संसाधनों की बांट शुरू हो गयी, तो सबसे बड़ा नुकसान उनका होगा जो मेहनतकश हैं, ईमानदारी से अपना काम-धंधा करते हैं और जितना मिल जाये, उसमें खुश रहते हैं। जाति के आधार पर लड़ाने, बांटने और अलग-थलग करने का समय फिर से दोहराने की कोशिश यदि सफल हो गयी, तो यह देश के काले अध्याय का आरंभ होगा।

## जमशेदपुर की खबरें

### जदयू महिला कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद



आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर में जनता दल यूनाइटेड महिला प्रकोष्ठ के द्वारा महिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। महिला जदयू प्रदेश अध्यक्ष रेनू गोपीनाथ पानीपत के नेतृत में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जदयू के प्रदेश अध्यक्ष और राज्य सभा सांसद चिरू महतो, विशिष्ट अतिथि युवा प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सिंह,अनुसूचित जाति प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र पासवान सहित अन्य शामिल हुए। मौके पर अतिथियों के द्वारा 8ऋ्ष्ठ का परिवार नाम से एक संस्था का शुभारंभ किया गया, जिसका उद्देश्य बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा महिलाओं को सख्त करने के लिए किये जा रहे हैं। साथ ही झारखंड में भी सामाजिक आर्थिक व राजनीतिक रूप से महिलाओं को सशक्त करने के लिए प्रयास शुरू किया गया। युवा प्रदेश अध्यक्ष ने महिला व पुरुष को एक समान बताया। महिलाओं को अपने हक के लिए लड़ने की बात कही। मौके पर महिला जदयू प्रदेश अध्यक्ष गोविंद गोपीनाथ पाणिकर ने महिलाओं को संगठित होकर पार्टी से जुड़ने और पार्टी के नीति सिद्धांत की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही जोहर जीविका परिवार के बारे में बताया। उन्होंने कहा आज महिलाएं पुरुष के बराबरी में कंधे से कंधे मिलाकर काम करना जानती है। महिलाओं को शिक्षित होना रोजगार प्राप्त करना अपने पैरों पर खड़ा होना यह खुद आता है। जदयू पार्टी और संस्था उन सभी महिलाओं के साथ है जो स्वावलंबी बनना चाहती है। प्रदेश अध्यक्ष खेरी महतो ने कहा भाजपा महिलाओं के नाम पर जिस तरह महिलाओं को बरगलाने का काम किया वह आरक्षण आज नहीं मिलेगा जब जनगणना होगी उसके बाद जो चुनाव होगा उसमें इसका लाभ होगा। जबकि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बेटियों को रोजगार में 35% शिक्षा में 50% और पंचायती राज में 50% देकर एक मिसाल कायम किया। महिला हित में जितना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने काम किया है पूरे भारत में अभी तक किसी राज्य ने उतना कम नहीं किया गया। उन्होंने कहा जातीय गणना पूरे भारत में करके एक मिसाल कायम नीतीश कुमार ने किया है।झारखंड की सरकार से भी हम मांग करते हैं यहां जातीय गणना करवाये साथ ही शराब बंदी की किया जाये। इसके किये उन्होंने कार्यकर्ताओ को आंदोलन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन युवा जदयू के प्रदेश महासचिव अजय कुमार ने किया। कार्यक्रम में पार्वती किस्कू को सरायकेला खरसावां जिला का महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मनोनीत किया गया। मौके पर प्रदेश महासचिव अंजली सिंह, संजय ठाकुर, कौशल कुमार, प्रदेश सचिव कमल चौबे, युवा जदयू के प्रदेश महासचिव बृजमोहन सिंह,प्रदेश सचिव रोशन शर्मा, मनोज मांझी, रविंद्र पांडे सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# फुटबॉल लीग अर्जुना कप का समापन, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा बोले, खरसावां में बनेगा भव्य स्टेडियम

आजाद सिपाही संवाददाता



**खरसावां।** सरायकेला खरसावां जिला स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित जिला फुटबॉल लीग अर्जुना कप का खरसावां के अर्जुना स्टेडियम में शनिवार को रंगारंग समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य रूप से जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा शामिल हुए। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज खेल के क्षेत्र में पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। भारत सरकार खेल और खिलाड़ियों के हित में लगातार कार्य कर रही है। भारत सरकार खेल को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। सरायकेला-खरसावां जिला खेल के मामले में काफी आगे है. अर्जुन मुंडा ने कहा कि जिले में भव्य स्टेडियम निर्माण के लिए प्रशासन प्रस्ताव भेजे, केंद्र सरकार यहां स्टेडियम बनाने का कार्य करेगी. इस कार्यक्रम के दौरान खेल, कला संस्कृतिक के क्षेत्र में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले कई महत्वपूर्ण व्यक्तियों को सम्मानित किया गया.

**एशियाई खेलों में सौ पदक जीत कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है : मुंडा**

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि इस बार एशियाई खेलों में भारत शानदार प्रदर्शन कर रहा है. आज तक सौ पदक जीत कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यहां हर युवा में फुटबॉल का रोमांच छिपा है। तीरंदाजी के क्षेत्र में सरायकेला खरसावां बहुत पहले ही राष्ट्रीय मानचित्र में अपना स्थान बना चुका है। यहां फुटबॉलर, एथलिट समेत अन्य खिलाड़ी भी बेहतर प्रदर्शन कर जिला का नाम रौशन कर रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल के क्षेत्र में भविष्य बनाने की दिशा में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की अपील की।

**कई हस्तियों को किया गया सम्मानित**

कार्यक्रम के दौरान खेल, कला संस्कृतिक के क्षेत्र में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले कई महत्वपूर्ण व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने छऊ गुरु तपन पटनायक, छऊ के मुखौटा कलाकार सुशांत कुमार महापात्र, अशोका इंटरनेशनल स्कूल के अशोक प्रधान, अमृत कुमार श्रीवास्तव, राजेश साहू, अमित कुमार, मृत्युंजय कुमार, राजेश लाठ, रामकृष्ण कुमार आदि को सम्मानित किया गया।

# एसपी ने क्राइम मीटिंग में सभी थाना क्षेत्र की समीक्षा की

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** जिले के एसपी डॉ विमल कुमार ने मासिक अपराध गोष्टि का आयोजन किया। शनिवार को आयोजित मीटिंग में जिले के सभी वरीय पुलिस पदाधिकारी और थाना प्रभारी शामिल रहे। मौके पर एसपी डर विमल कुमार ने बारी-बारी से सभी थानों के लंबित कांडों की समीक्षा की। साथ ही जरूरी दिशा निर्देश दिये। वहीं थाना प्रभारियों ने बीते दो महीनों में जिले के अलग- अलग कांडों के कुल 134 अपराधकर्मियों न्यायिक हिरासत में भेजने की जानकारी दी। एसपी ने बताया कि इनमें से हत्या, लूट, डकैती, अवैध खनन, चोरी, एनडीपीएस मामलों के ज्यादातर मामलों का उद्भेदन कर लिया गया। आगामी दुर्गा पूजा के लिए सभी थाना प्रभारियों को विशेष चौकसी बरतने के निर्देश दिया। एसपी ने बताया कि दुर्गा पूजा के दौरान सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। खासकर महिला सुरक्षा के लिए सभी पुलिस पदाधिकारियों को विशेष निर्देश दिये। वहीं ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। एसपी ने पूजा के दौरान रफ ड्राइविंग करने वालों पर विशेष निगाह रखने की बात कही।

### फिटनेस जोन का टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी ने किया शुभारंभ



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपु।** लौहनगरी जमशेदपुर में टाटा स्टील यूआइएसएल ने शहर के लोगो के फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए शहर के अलग-अलग क्षेत्र में पार्क का निर्माण करा रही है। ताकि स्वस्थ जीवन जीने के लिए आम लोगो को सोहलियात मिल सके। शनिवार को टाटा स्टील यूआइएसएल के पहल पर कदमा उलियान फेलट्स और बारीडीह पोस्टल पार्क 2 में एक अत्याधुनिक फिटनेस जोन का शुभारंभ किया गया। फिटनेस जोन का उद्घाटन टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी के द्वारा किया गया। मौके पर टाटा स्टील यूआइएसएल के अधिकारियों के अलावे टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी उर्फ टुन्नु, महामंत्री सतीश सिंह, डिप्टी प्रेसिडेंट शैलेश सिंह, जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडेग सहित अन्य शामिल रहे।

फिटनेस जोन क्षेत्र लगभग 5760 वर्गमीटर में फैला है। जबकि उलियान में फिटनेस जोन 2065 वर्गमीटर का है। फिटनेस जोन 15 ओपन जिम के उपकरण और 3 पुल-अप बार लगाया गया, जिसमे 1450 वर्ग मीटर तक बच्चों के लिए खेलने की क्षेत्र बनाया गया है। साथ ही स्लाइड, झूले, सी-सॉ, ग्लोब, क्रिस्टल भूलभुलैया, एस-ब्रिज सीढ़ी, बैडमिंटन कोर्ट और बैठने की बेंचें बनाया गया। मौके पर बच्चों ने जमकर आनंद उठाया।

### जेसीएपीसीपीएल में सीएचआरओ राधिका सिंह की जगह अजय कुमार सिंह को सौंपा गया पदभार

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील और निप्पन स्टील की संयुक्त कंपनी जेसीएपीसीपीएल में सीएचआरओ राधिका सिंह के जगह अजय कुमार सिंह को पदभार सौपा गया। शनिवार को शहर के ट्यूब 'मेकर्स क्लब में जेसीएपीसीपीएल वर्कर्स यूनियन की ओर से विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यूनियन अध्यक्ष आर रवि प्रसाद ने नेतृत में यूनियन के पूरी टीम ने दोनों सीएचआरओ का अभिनंदन किया। साथ ही आने वाले दिनों में और बेहतर बनाने का संकल्प लिया। मौके पर टाटा वर्कर्स यूनियन के उपाध्यक्ष सह जेसीएपीसीपीएल यूनियन के पदाधिकारी शहनवाज आलम, कोषाध्यक्ष रवि कुमार, जीतेंद्र कुमार,प्रशांत कुमार,चिरंजीवी, अमित शर्मा, जय राम,कृष्ण मोहन,तौसीफ इकबाल,अशोक कुमार सहित अन्य शामिल रहे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## रंका थाना मोड़ में रजवी आयुर्वेदिक एंड यूनानी दवाखाना का उद्घाटन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** रंका थाना मोड़ मेन रोड हीरो शोरूम के सामने रजवी आयुर्वेदिक एंड यूनानी दवाखाना का उद्घाटन किया गया। हकीम मौलाना मजहर हुसैन रजवी की अध्यक्षता में समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि एआईएमआईएम प्रदेश सदस्यता अभियान प्रभारी एवं विधानसभा प्रभारी डॉ एम.एन. खान व डॉक्टर हदिसुल कादरी के द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से एआईएमआईएम जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार, एआईएमआईएम के रंका प्रखंड अध्यक्ष इबरान अंसारी, जिला महासचिव हाजी नसीरुद्दीन साहब, जिला कोषाध्यक्ष इफ्तेखार आलम, राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन के जिला सचिव आदम अंसारी, एआईएमआईएम के प्रखंड कोषाध्यक्ष जहांगीर आलम, प्रखंड युवाध्यक्ष खुशदिल अंसारी, प्रखंड महासचिव मोबिन अंसारी जी, कल्याणपुर पंचायत अध्यक्ष गुलबहार अंसारी जी, अकबर अंसारी, इलाकाई उलमा ए केराम हजरत मौलाना मुफ्ती, महमूद आलम मिस्बाही, हजरत मौलाना असगर अली मिस्बाही, हजरत मौलाना महमूद मजहर मिस्बाही, हजरत हाफिज व करी अब्दुल हलिम, हजरत हाफिज खालिद, हजरत हाफिज रियाजुद्दीन, मौलाना हैसियत राजा, हाफिज मुस्लिम राजा व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## आरके पब्लिक स्कूल, गढ़वा में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का हुआ आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** आरके पब्लिक स्कूल, गढ़वा में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2023 सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इस स्कूल के कक्षा 5 से कक्षा 10 के लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने इस परीक्षा में भाग लिया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने कहा कि अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में यह परीक्षा प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य है कि देश के होनहार बच्चे भारतीय संस्कृति एवं गौरव के तथ्यों से अवगत हों तथा उसमें निहित महान तत्त्वों को आत्मसात करें। बच्चों को कम मूल्य पर परीक्षा संबंधित पुस्तकों का वितरण और बिना कोई अतिरिक्त शुल्क के आधुनिक तरीके से बड़े स्तर पर ओएमआर शीट पर परीक्षा का आयोजन काबिले तारीफ है। इस तरह की परीक्षा से देश के बच्चों का व्यक्तित्व निर्माण, पारिवारिक, सामाजिक व नैतिक मूल्यों की स्थापना, चरित्र निर्माण और जीवन जीने की कला के विकास को बल मिलता है। परीक्षा संचालन में स्कूल के प्रशासनिक विभाग प्रमुख पीके झा, केन्द्राधीक्षक के रूप में स्कूल के प्रभारी प्राचार्य संतोष पाण्डेय, अनुप कुमार पाण्डेय, शहेला खान, इम्तियाज खान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस परीक्षा को लेकर सभी परीक्षार्थियों में उत्साह का माहौल देखा गया।

## टेंपो पलटने से दो लोग गंभीर रूप से घायल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** खरौन्धी मुख्य मार्ग के मझिगावां में अनियंत्रित होकर टेंपो पलटने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवनाथपुर लाया गया है। जानकारी के अनुसार मझिगावां गांव के पास तेज रफ्तार टेंपो अनियंत्रित हो कर पलट गया। उक्त दुर्घटना में टेंपो पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में मझिगावां निवासी अनुप कुमार पिता अमरनाथ राम एवं अरोरा निवासी अजीत सिंह के नाम शामिल हैं। मौके पर उपस्थित चिकित्सक इन्द्र किशोर विश्वकर्मा द्वारा घायलों का इलाज किया गया।

## मोटरसाइकिल के धक्के से बालक घायल

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा थाना क्षेत्र के संग्रहे गांव निवासी अकबर अंसारी का पुत्र अरहम अंसारी मोटरसाइकिल के धक्के से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में लाया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि अरहम अंसारी अपनी बहन के साथ घर के बाहर खेल रहा था, इसी बीच एक मोटरसाइकिल सवार धक्का मार कर भाग गया। उसके बाद परिजनों ने उठाकर सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है।

**कार्रवाई :** उपायुक्त के निर्देश पर मझिआंव बाजार में अतिक्रमण के खिलाफ चला बुलडोजर

# प्रशासन और दुकानदारों में अतिक्रमण हटाने के दौरान कई बार हुई नोंकझोंक

**सामान जब्त, अतिक्रमण करने वाले 35 लोगों का 17 हजार 500 रुपये का काटा गया चालान**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव।** उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर मझिआंव बाजार क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। इस अवसर पर पुराने अस्पताल से राधाकृष्ण बालिका उच्च विद्यालय तक अतिक्रमण हटाने के दौरान कई स्थानों पर जेसीबी मशीन का भी उपयोग किया गया तथा अतिक्रमण करने वाले 35 लोगों से 17 हजार 500 रुपये का चालान काटा गया। जबकि सिन्टेक्स पानी टंकी 02, चापाकल का मुंडी 01, चार इंच का फाइवर पाइप 17 पीस, दरवाजा गेट का पल्ला 02 पीस, गमला 06 पीस तथा दुकान का साइन बोर्ड 15 पीस सामान जब्त कर ट्रैक्टर ट्राली पर लादकर नगर पंचायत कार्यालय लाया गया। अतिक्रमण हटाने के दौरान कई बार प्रशासन एवं दुकानदारों में गरमागरम बहस भी हुई। इसके बाद भी प्रशासन अपना काम करता रहा और जहां पर सड़क या नाली के ऊपर छज्जा या दुकान का बोर्ड दिखा उसे जेसीबी से तोड़ दिया गया। अतिक्रमण हटाने के दौरान नगर पालिका प्रशासन द्वारा सड़क के अगल-बगल में खड़े लगभग 12 मोटरसाइकिलों का भी चालान काटा गया। इस संबंध में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने बताया कि पिछले कई दिनों से अतिक्रमण हटाने को लेकर ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा था तथा अखबार के माध्यम से भी सूचना दी गई थी। इसके बाद भी कुछ दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया था, जिसे जबरन हटा दिया गया। उन्होंने कहा कि उपायुक्त द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान मझिआंव में दुकानदारों एवं वाहन चालकों द्वारा किये गए अतिक्रमण को देखकर काफी नाराजगी व्यक्त की गई थी और सड़क सुरक्षा सप्ताह की बैठक में अतिक्रमण जल्द हटाने का निर्देश दिया गया था। कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि मोटरसाइकिल से लेकर सभी तरह के वाहन अगर सड़क के बगल में खड़े पाये जायेंगे तो तत्काल चालान काटा जायेगा। अगर वाहन लगाना है तो सड़क के दोनों ओर की नालियों तक छोड़कर अन्य खाली स्थान पर वाहन लगायें। वैसे बाजार समिति परिसर में एक स्टैंड बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि एक-दो दिन में पुराने अस्पताल परिसर, कोयल नदी के तट पर पानी टंकी घाट एवं ब्लॉक मोड़ अम्बेडकर की प्रतिमा के सामने अस्थाई रूप से स्टैंड बना दिया जायेगा। जहां पर यात्री अपने वाहन खड़ा कर सकते हैं और गढ़वा, बरडीहा एवं सुंडीपुर की तरफ जाने वाले सभी वाहन नंबर सिस्टम के अनुसार चलेंगे, जिससे जाम की समस्या से निजात मिलेगी।

अतिक्रमण हटाने के दौरान कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार के अलावे सीओ रामजी प्र.गुप्ता, थाना प्रभारी विवेक कुमार पंडित के साथ काफी संख्या पुलिस बल शामिल थे।

# जिला स्तरीय खेलो झारखंड खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन

**जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी स्टेट लेवल पर खेलो झारखंड प्रतियोगिता में शामिल होंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला स्तरीय खेलो झारखंड खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन रामा साहू मुख्यमंत्री उत्कृष्ट उच्च विद्यालय गढ़वा के मैदान में किया गया। आज के खो-खो प्रतियोगिता बालक-बालिकाओं के बीच खेल खेला गया, जिसमें अंडर-14 बालक वर्ग में विजेता उत्क्रमित मध्य विद्यालय जाटा गढ़वा एवं उपविजेता उत्क्रमित उच्च विद्यालय भागोडीह रमना की टीम बनी। जबकि अंडर-14 बालिका वर्ग में विजेता उत्क्रमित उच्च विद्यालय मोरबे मझिआंव एवं उपविजेता उत्क्रमित मध्य विद्यालय जाटा गढ़वा की टीम बनी। अंडर-17 बालक वर्ग में विजेता उत्क्रमित+2 उच्च विद्यालय खरौंधा कांडी एवं उप विजेता उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरवाडीह की टीम बनी। वहीं अंडर-17 बालिका वर्ग में विजेता उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरवाडीह चिनियां एवं उप विजेता कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रामकंडा की टीम बनी। अंडर-19 बालक वर्ग में विजेता उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय खरौंधा कांडी एवं उप विजेता रा.कृत +2 उच्च विद्यालय मेराल की टीम बनी। इस पूरे खेलो झारखंड कार्यक्रम का संचालन संकुल साधन सेवी देवेंद्र नाथ उपाध्याय ने किया।

इस अवसर पर उपस्थित खिलाड़ियों को सम्मानित करने के क्रम में सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश कुमार ने कहा कि खेल ही एक ऐसा माध्यम है जिसके चलते छात्र-छात्राओं को समन्वय स्थापित करने में मदद मिलती है। इसमें बच्चों का शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक क्षमता की वृद्धि होती है। सभी विजेता एवं उपविजेता टीम को सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश कुमार, संकुल साधन सेवी देवेंद्र नाथ उपाध्याय, शारीरिक शिक्षक सुशील कुमार तिवारी, रवि कुमार के द्वारा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी स्टेट लेवल पर खेलो झारखंड प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

# डीएवी मॉडल स्कूल गढ़वा में विद्यार्थियों ने दी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** डीएवी मॉडल स्कूल गढ़वा में शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से 'संस्कृति ज्ञान परीक्षा' का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर परीक्षा के केन्द्राधीक्षक रंजीत केसरी ने बताया कि यह परीक्षा शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में ली जाती है जिसमें अलग-अलग कक्षाओं के लिए अलग-अलग प्रश्न पत्र होते हैं। परीक्षा की कॉपी हरिद्वार भेजी जाती है और बच्चों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार वितरित किए जाते हैं। इस अवसर पर डीएवी मॉडल स्कूल के निदेशक सुशील केसरी ने बताया कि यह परीक्षा प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती है। इस परीक्षा का उद्देश्य बच्चों को भारतीय महापुरुषों एवं भारतीय संस्कृति से अवगत कराना एवं संस्कारवान बनाना है।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य गुलाम सरवर, शिक्षक अंजनी कुमार सिंह, ओम प्रकाश शर्मा, वीरेंद्र कुमार, मदन मोहन द्विवेदी, चंदन कुमार, आरती देवी आदि उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** अखिल विश्व गायत्री परिवार की भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 3500 छात्र-छात्राएं हुए शामिल

# जिले भर में 30 केंद्रों में बांट कर ली गयी परीक्षा

**प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान लाने वाले बच्चों को किया जाता है पुरस्कृत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा-2023 का आयोजन शनिवार को पूरे जिले में किया गया। इसमें जिले के सरकारी एवं गैरसरकारी 30 विद्यालयों को मिलाकर इस परीक्षा में कुल 3500 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। परीक्षा को लेकर जिला मुख्यालय में विभिन्न विद्यालयों के अलावे डंडई, मझिआंव, नगरउंटारी, तिलदाग, बेलचंपा, रेहला आदि में भी केंद्र बनाये गये थे। परीक्षा सुबह 11 बजे से लेकर 12 बजे तक ली गयी। परीक्षा को संपन्न कराने में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला संयोजक संजय सोनी एवं सचिव डॉ आलोक रंजन दूबे के निर्देशन में अच्युतानंद तिवारी, अशोक विश्वकर्मा, अखिलेश कुशवाहा, मिथिलेश कुशवाहा, प्रभदुयाल प्रजापति, डॉ सुनील मेहता, रंजीत केसरी, अनिल विश्वकर्मा, उदय कुमार, रमेश विश्वकर्मा, गौतम विश्वकर्मा, दीपक गिरि, अजीत चौबे, पंकज गुप्ता, अनिता देवी, लक्ष्मी पाठक, ममता चौबे आदि ने वीक्षक के रूप में भूमिका निभायी।

**पूरे देश में एक साथ ली जाती है परीक्षा :** परीक्षा के विषय में जानकारी देते हुए जिला संयोजक संजय सोनी ने बताया कि यह परीक्षा पूरे भारत देश में एक ही दिन ली जाती है। इस साल सात अक्टूबर को आयोजित इस परीक्षा में पूरे देश में 60 लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल हुये। उन्होंने बताया कि परीक्षा के आयोजन के लिये झारखंड सरकार शिक्षा विभाग से भी सभी सरकारी विद्यालयों को पत्र निर्गत किया गया था। परीक्षा के पूर्व शामिल होनेवाले बच्चों को न्यूनतम शुल्क में पुस्तक दी जाती है। परीक्षा में 80 प्रतिशत प्रश्न इसी पुस्तक से पूछे जाते हैं। इस परीक्षा का उद्देश्य बच्चों को अपनी भारतीय संस्कृति, अपने महापुरूषों की जीवनी और उन विषयों से अवगत कराना होता है, जो सामान्य पाठ्यक्रम में बच्चों को नहीं पढ़ने को मिलता है। परीक्षा के बाद प्रखंड, जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर मेधा सूची बनती है। जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान लानेवाले बच्चों को पुरस्कृत किया जाता है। जिला, राज्य व देश स्तर पर स्थान लाने वाले को अन्य कई पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं।

## किशोरी ने नाना पर दुष्कर्म का आरोप, लगाया फिर किया इंकार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना में शुक्रवार की शाम एक किशोरी ने अपने ही नाना पर पहले दुष्कर्म का आरोप लगाया फिर बाद में इंकार कर दिया। थाना प्रभारी के अनुसार किशोरी तुरंत तुरंत अपना बयान बदल रही थी। किशोरी के नाना ने भी थाना में कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है। बच्ची का माता पिता बाहर हैं। बच्ची को बचपन से लालन पालन कर रहें हैं। किशोरी के बयान पर असंतुष्ट थाना प्रभारी ने काउसिलिंग के लिए बाल कल्याण समिति भेजा। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष कृपा खेस ने कहा कि दुष्कर्म का कोई मामला नहीं है। उसकी मां दिल्ली में और पिता गोवा में रहते हैं। दोनों के बीच विवाद के बाद मां बच्ची को अपने मायके में छोड़कर दिल्ली गई है। लालन पालन कर रहे नाना ने उसे अनुशासन में रहने की बात करता है तो किशोरी को रास नहीं आ रहा है। काउसिलिंग के बाद किशोरी को उसके मामा को सौंप दिया गया।

## उपायुक्त ने की प्रखंडों से प्राप्त कब्रिस्तान घेराबंदी संबंधित अभिलेखों की समीक्षा




आजाद सिपाही संवाददाता

**प्राप्त 72 अभिलेखों में स्पष्ट भूमि प्रतिवेदन नहीं होने के कारण 6 अभिलेखों को किया गया निरस्त**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में कब्रिस्तान घेराबंदी अनुमोदन से संबंधित बैठक की गयी। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी नीलेश मुर्मू द्वारा बताया गया कि कब्रिस्तान घेराबंदी से संबंधित विभिन्न प्रखंडों में हुई ग्राम सभा के माध्यम से कुल 72 अभिलेख प्राप्त हुए हैं। उपायुक्त समेत समिति के सदस्यों द्वारा प्राप्त अभिलेखों की समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में स्पष्ट भूमि प्रतिवेदन नहीं होने के कारण 6 अभिलेखों को निरस्त कर दिया गया एवं शेष अभिलेखों का अनुमोदन उपायुक्त समेत कमेटी के सदस्यों द्वारा पारित कर अग्रेतर कार्रवाई हेतु विभाग को भेजा गया।

इस बैठक में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि गढ़वा मासूम खान, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर आलोक कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी निलेश मुर्मू, प्रधान सहायक शिव दर्शन पांडेय एवं कल्याण पर्यवेक्षक विजय कुमार मिश्र उपस्थित थे।

## भंडरिया में ग्रामीण ने लाठी-डंडे से पीटकर की पत्नी की हत्या, सास को किया घायल



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया थाना क्षेत्र के ग्राम हरता टोला ठेकही निवासी मुंशी राम ने बीती रात्रि अपनी पत्नी आरती देवी को लाठी डंडा से पीट कर हत्या कर दी, जबकि सास राजमती देवी को लाठी से मारकर घायल कर दिया। उन्हें घायल अवस्था में रामगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदनीनगर रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम मुंशी राम शराब पीकर नशे में घर आया था। तभी घरेलू मामले को लेकर पति-पत्नी में झगड़ा शुरू हो गया। नशे की हालात में मुंशी राम ने घर में रखी लाठी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हमले से उसकी पत्नी आरती देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि राजमती देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। सुबह में ग्रामीणों ने देखा तो उसकी खबर गांव वालों को दी। गांव वालों ने जमा होकर आरोपी मुंशी राम को पकड़ लिया और भंडारिया पुलिस को सौंप दिया है। भंडरिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। भंडरिया पुलिस घटना का मामला दर्ज कर पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

## विद्युत करंट से युवती घायल, चल रहा इलाज

**गढ़वा (आजाद सिापही)।** सदर थाना क्षेत्र के तिलदाग पंचायत अंतर्गत चेरीपोखर निवासी विजय चंद्रवंशी की पुत्री ज्योति कुमारी शनिवार को विद्युत करंट की चपेट में आकर घायल हो गई। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि ज्योति कुमारी अपने घर में स्टैंड पंखा को चालू करने के लिए बोर्ड में तार लगाकर रही थी। इस दौरान करंट की चपेट में आ गई। उसे बेहोशी की हालत में गढ़वा सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया है। इलाज के बाद उसकी हालत में सुधार हो रहा है।

## विश्रामपुर में पत्नी से विवाद के बाद युवक ने सल्फास खाकर की आत्महत्या

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिले में दंपती के झगड़े के बाद ससुराल से मिली धमकी से आहत होकर युवक ने सल्फास खाकर जान दे दी। मृतक विनय यादव 25 वर्ष, पिता बालेश्वर यादव पलामू जिले के विश्रामपुर थाना क्षेत्र के लमारी गांव का रहनेवाला था। सल्फास खाने के बाद गंभीर हालत में उसके स्वजनों ने गढ़वा सदर अस्पताल में शनिवार को भर्ती कराया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार विनय यादव की शादी दो वर्ष पूर्व पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के निवासी भोला यादव की पुत्री इंदु देवी के साथ हुई थी। दंपती को एक पुत्र है। मृतक की मां सरिता देवी के अनुसार विनय एवं इंदु देवी के बीच अक्सर झगड़ा होता था। इंदु देवी परिवार से हिस्सा लेकर अलग रहना चाहती थी। जबकि विनय यादव छोटा भाई की शादी होने तक परिवार से अलग नहीं होना चाहता था। वहीं विनय यादव के ससुराल के लोग भी विनय यादव पर परिवार से अलग होकर रहने का दबाव दे रहे थे। बताया गया कि शनिवार को इंदु देवी व विनय यादव के बीच झगड़ा हुआ था। इसकी जानकारी मिलने पर इंदु देवी के भाई आदित्य यादव ने मोबाइल फोन पर विनय यादव को धमकी दी थी कि वह बाहर में है, आने के बाद उससे निपट लेगा। बताया गया कि इससे तनाव में आकर विनय यादव ने सल्फास खा लिया। उसकी तबीयत बिगड़ने पर घरवालों को इसकी जानकारी मिली तो उसे गढ़वा सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया था, जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। इधर, विनय यादव की मौत की सूचना मिलने पर गढ़वा थाना पुलिस ने उसके शव को अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर मृतक के स्वजनों को सौंप दिया।

## हंसलता अंबा टोली निवासी 16 वर्षीय लड़की की संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के हंसलता अंबा टोली निवासी 16 वर्षीय गंगी कुमारी पिता बिरसा महली की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। शुक्रवार की रात 7:00 बजे परिजन लड़की को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर ने जांच कर उसे मृत्य घोषित कर दिया। घटना की जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि घर में कोई नहीं था, जब हम लोग घर पहुंचे तो घर के आंगन में लड़की गिरी पड़ी थी। तत्काल उसे सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत बताया। वहीं परिजन घटना के बारे में कुछ भी नहीं बता रहे हैं। लेकिन बताया कि लड़की विक्षिप्त थी और घर में ही रहती थी। घर के सभी सदस्य काम करने खेत गए थे। शाम को जब लौटे तो आंगन में बेहोश अवस्था में पड़ी हुई थी।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 08 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in


## संकल्प यात्रा के दौरान बरवाडीह में जमकर गरजे बाबूलाल मरांडी, कहा

# हेमंत सरकार दे रही भ्रष्टाचार और अपराध को संरक्षण

रवि कु गुप्ता

**बरवाडीह।** झारखंड में संकल्प यात्रा के सातवें चरण के दौरान मनिका विधानसभा क्षेत्र के बरवाडीह के हाइस्कूल के प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर जम कर हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह सरकार भ्रष्टाचार और अपराध को संरक्षण दे रही है। उन्होंने भ्रष्टाचार मुक्त, अपराध मुक्त शासन के लिए भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया। इतना ही नहीं बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भ्रष्टाचार का मुख्य संरक्षक बताया। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने सबसे पहले उपस्थित लोगों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह भीड़ बतला रही है कि हेमंत सरकार के दिन जानेवाले हैं, 2024 में भाजपा की सरकार आनेवाली है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार गांव, गरीब, किसान, मजदूर और महिला के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने प्रधानमंत्री बनते ही अपने कार्यकाल का पहला कार्य मां-बहनों के लिए इज्जत घर शौचालय का निर्माण करवाया। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण जरूर किया, किंतु बड़े घरानों और पूंजीपतियों के लिए। प्रधानमंत्री



मोदी जी ने जनधन खाते खुलवा कर एक-एक गरीब व्यक्ति को बैंकों से जोड़ दिया। कोविड काल में जब कारखाने बंद हुए तो मोदी जी ने सीधे खाते में पैसे डालने का कार्य किया, जबकि राजीव गांधी के कार्यकाल में केंद्र से चलनेवाला एक रुपया का पंद्रह पैसे पहुंचता था। उन्होंने कहा कि मोदी जी गरीबों के लिए अनाज भेज रहे हैं, किंतु हेमंत सोरेन सरकार अनाजों की कालाबाजारी करवा रही है। चार करोड़ से ज्यादा को आवास योजना का लाभ मिला। मरांडी ने कहा कि मोदी जी ने महिलाओं के लिए लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण बिल लाकर बड़ा तोहफा दिया है। मोदी जी ने रक्षा बंधन में बहनों को गैस पर सब्सिडी का बड़ा तोहफा दिया था। इस योजना के तहत 75 लाख नयी बहनों को भी जोड़ा जाना है, जबकि कांग्रेस काल में पैरवी वालों को गैस



कनेक्शन मिलता था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने विश्वकर्मा पूजा के दौरान कारीगरों के लिए विश्वकर्मा योजना लांच किया। इसके तहत 13 हजार करोड़ के बजट का भी प्रावधान किया गया है। ट्रेनिंग के दौरान स्टाइफन भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि पहली बार किसी प्रधानमंत्री ने नाई, बढई, लोहार, मोची की चिंता की है। उन्होंने कहा कि जब-जब कांग्रेस के सहयोग से सरकार बनी है, बड़े- बड़े भ्रष्टाचार हुए हैं, जबकि भाजपा की सरकार में विकास कार्य आगे बढ़ा है। मरांडी ने कहा कि मोदी कार्यकाल में सड़क निर्माण हुआ है। झारखंड में भाजपा की जब-जब सरकार बनी मूलभूत सुविधाओं पर रिकॉर्ड काम हुआ है। हेमंत सरकार भाजपा की बनायी हुई सड़कों की मरम्मत कराने में भी अक्षम साबित हुई है। सड़कों का हाल बुरा है, आम जनता बेबस है।

**राज्य में मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए भी लोगों को देना पड़ता है घूस**

बाबूलाल ने कहा कि राज्य में चारो ओर भ्रष्टाचार चरम पर है। हर काम के लिए रेट तय है। थाना-ब्लॉक में बिना घूस लिये कोई काम नहीं होता है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि शर्म की बात तो यह है कि मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए भी घूस देना पड़ता है। जब अधिकारियों से पूछा जाता है कि आप घूस क्यों लेते हो तो जवाब मिलता है कि देकर आये हैं तो लेना ही पड़ेगा। भ्रष्टाचार और घूस के लिए राज्य में ट्रांसफर-पोस्टिंग उद्योग का रूप ले चुका है। मैं दावे के साथ कहता हूं कि जिस दिन सत्ता के लोग ट्रांसफर-पोस्टिंग और विकास कार्यों में पैसे लेने बंद कर देंगे, उस दिन से किसी दारोगा, बीडीओ-सीओ, एसपी-डीसी में किसी गरीब जनता से वसूली की हिम्मत नहीं होगी। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में लुटेरे, दलालों और बिचौलियों की सरकार चल रही है। झारखंड को इनसे बचाने के लिए हम संकल्प यात्रा पर निकले हैं।

**अगर हेमंत बेदाग हैं, तो इडी के सवालों से क्यों भाग रहे हैं**

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अगर मुख्यमंत्री बेदाग हैं, तो वह इडी के सवालों से क्यों भाग रहे हैं। सवाल किया कि क्यों बचने और बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में महंगे वकील से पैरवी करवा रहे हैं। कहा कि आज झारखंड की जनता को निर्माण कार्य और घर बनाने के लिए बालू नहीं मिल रहे हैं, सभी नदियों के बालू को दिल्ली, मुंबई, कोलकाता के बिचौलिये बाहर बेच रहे हैं।

**महुआडांड़ में 2001 में बिजली से घटित घटना के बारे में किया जिक्र:** बाबूलाल मरांडी ने 22 साल पहले घटी घटना का जिक्र करते हुए कहा कि जब पहली बार वह झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री बने थे, तो, 2001 में उनका दौरा लातेहार जिले के महुआडांड़ प्रखंड में हुआ था। इस दौरान प्रखंड मुख्यालय पहुंचने के बाद बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने उनके काफिले को रोक दिया था। जब लोगों से इसका कारण पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि महुआडांड़ प्रखंड बने काफी दिन हो गये, लेकिन आज तक यहां बिजली नहीं पहुंची है। ग्रामीणों की इस बात पर मुझे आश्चर्य हुआ कि यह कैसे संभव है, परंतु जब अधिकारियों ने स्पष्ट किया, तो पता चला कि वाकई में यहां पर बिजली नहीं पहुंच पायी है, जिसके बाद उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि अगले तीन महीने के अंदर ही यहां बिजली पहुंच जायेगी। तीन महीने के बाद प्रखंड मुख्यालय में बिजली पहुंचा दी गयी, जिसके बाद बिजली विभाग की तरफ से उन्हें इसका उद्घाटन करने के लिए आग्रह किया गया। जब वह उद्घाटन करने वहां पहुंचे, तो एक बार फिर ग्रामीणों ने उनके काफिले को रोक दिया। जब लोगों से इसका मकसद पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि गांव में बिजली आ गयी है, लेकिन करंट लगने से एक युवक की मौत हो गयी है। करंट लगने की वजह पूछने पर ग्रामीणों ने जो जवाब दिया, उसे सुन कर अत्यंत दुख हुआ।

ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को बताया कि गांव में बिजली के तार लग जाने के बाद भी ग्रामीणों को विश्वास नहीं था कि बिजली के तार में करंट आ गया होगा। तार में बिजली है कि नहीं इसे चेक करने के लिए गांव का एक युवक बिजली के पोल पर चढ़ गया। फिर अपने हाथ से बिजली के नंगे तार को छूकर करंट चेक करने लगा, जिससे उसकी मौत हो गयी।

## कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष और वर्तमान कांग्रेस विधायक के समर्थक ने थामा भाजपा का दामन



लातेहार जिले के महुआडांड़ निवासी कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार जायसवाल ने अपने दो सौ समर्थकों के साथ संकल्प यात्रा की जनसभा के दौरान भाजपा का दामन थाम लिया। वहीं दूसरी ओर मनिका विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक रामचंद्र सिंह के खास समर्थक माने जाने वाले कांग्रेस नेता शिबू साव और मुखिया जितेंद्र सिंह ने भी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थाम लिया। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने भाजपा का पट्टा पहना कर सदस्यता दिलायी।

**हरिकृष्ण सिंह भी वर्तमान सरकार और विधायक पर जम कर बरसे**

**बरवाडीह।** बाबूलाल मरांडी की संकल्प सभा में मनिका विधानसभा के पूर्व विधायक सह जिलाध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह ने अपनी बात रखी। उन्होंने राज्य सरकार पर हमला करते हुए कहा कि लगभग चार साल होने के बाद भी राज्य में कोई विकास नहीं हुआ, बल्कि हत्या, दुष्कर्म, अपहरण, भ्रष्टाचार आदि के क्षेत्र में विकास हुआ है। आदिवासी के नाम पर राजनीति करनेवाले हेमंत सोरेन और उनके परिवार ने सबसे ज्यादा आदिवासियों को लूटा। आज राज्य में कानून का राज नहीं, बल्कि उनके शासन काल में अपराधी बेखोफ हैं। उन्होंने अपराध मुक्त झारखंड बनाने के लिए लोगों से अपील की और साथ ही साथ कहा कि हमारे कार्यकाल में अंबेडकर चौक से लेकर बाजार आदर्श नगर तक पीसीसी पथ निर्माण का एनओसी मिला, परंतु हमारा जनादेश चला गया, तो वर्तमान विधायक के द्वारा इसका शिलान्यास किया गया, लेकिन सड़क की गुणवत्ता पर ख्याल नहीं रखते हुए सड़क का निर्माण कराया गया, जो आज बद से बदतर स्थिति में है।

## फाइलेरिया मुक्ति अभियान के तहत 300 लोगों का लिया गया ब्लड सैंपल



कुडू-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। फाइलेरिया उन्मुलन कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण केंद्र लोहारदगा के तत्वाधान में कुडू प्रखण्ड के कोलसिमरी स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर क्षेत्र में रात्रि रक्त पट्ट संग्रह कार्यक्रम (नाइट ब्लड सर्वे) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमे वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी सह वीबीडी विशेषज्ञ डॉ एके मिश्रा और सीएचओ तौशिफ अंसारी की देखरेख में 300 से अधिक लोगों का ब्लड सैंपल लिया गया। कार्यक्रम में एमपीडब्ल्यू शादाब कुरैशी, नितिन, नरेश भगत, एएनएम किरण, रूबी और बेबी के अलावा ग्रामीण उपस्थित थे।

## शहरी क्षेत्र से अवैध बालू लोडेड ट्रैक्टर जब्त, डीएमओ ने किया मामला दर्ज

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। बालू के अवैध उत्खनन और परिवहन करने के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए गत मध्य रात्रि को पुलिस व खनन विभाग ने बालू लोडेड एक ट्रैक्टर को मौके से जब्त किया। इस संदर्भ में डीएमओ राजाराम प्रसाद ने सदर थाना में ट्रैक्टर चालक और मालिक के विरुद्ध खनन अधिनियम के तहत प्राथमिक के दर्ज कराया है। बताया गया कि, एनजीटी लागू होने के बाद स्थानीय विभिन्न नदी घाट से बालू के उत्खनन और परिवहन पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा है। बावजूद, बालू तस्कर ऊंचे मूल्य पर बालू की तस्करी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। गत मध्य रात्रि शहरी क्षेत्र के नदिया स्थित कोयल नदी घाट से बालू लोड कर जा रहा ट्रैक्टर को पुलिस व खनन विभाग की गश्ती टीम ने उसे मौके से जब्त किया।

## विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में विषय सह प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में विषय सह प्रश्नमंच का आयोजन किया गया` प्रश्न मंच प्रतियोगिता में 12वीं विज्ञान में अंकित कुमार साहू, पायल वर्मा और रोहित कुमार साहू ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। 12वीं कला में चंदन महतो, पूनम कुमारी व नेहा कुमारी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। 11वीं विज्ञान में प्रथम स्थान बंटी भगत, द्वितीय स्थान विवेक उरांव व तृतीय स्थान कशिश कुमारी ने प्राप्त किया। 11वीं कला में ज्योति प्रिया कुजूर, नितेश उरांव और रागिनी भगत ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य उत्तम मुखर्जी और शिक्षक- शिक्षिकाओं के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## संतान की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने निर्जला व्रत रखा



कैरो (लोहरदगा) (आजाद सिपाही)। प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो प्रखंड मुख्यालय समेत प्रखंड के गांवो मे भी जीवितपुत्रीका (जितिया) का त्यौहार 07 अक्टूबर शनीवार को प्रखंड के महिलाओं ने 24 घंटे का उपवास रखकर, पुजा अर्चना कर माता जीवित्पुत्रीका और राजा जिमुतवाहन वाहन से अपने अपने पुत्र की दीर्घायु जीवन का किया कामना। इस अवसर पर जितिया का पुजा अर्चना करवाते हुए आचार्य कौशल कान्त त्रिपाठी ने कहा कि एक समय सतयुग काल मे राजा शाहनी वाहन के पुत्र राजा जिमुतवाहन वाहन अपने ससुराल नागलोक गये, वे प्रतिदिन की दिनचर्या के तहत ही रात को भोजन के उपरांत भ्रमण के लिये निकले, कन्या ने बताया कि प्रतिदिन इस राज्य से एक गरुढ़ एक बच्चे को भोजन के रुप मे आहार करते हैं, आज मेरे पुत्र की बारी है, मेरे पति भी नहीं है, गरुढ़ प्रसन्न हुये और राजा से वरदान मांगने को कहा, राजा ने अबतक जितने लोगों को आप खायें हैं, उनका जीवन लौटाने का बरदान मांगा, गरुढ़ ने कहा यह हमारे वश मे नहीं है, आप चले जायें माता जीवित्पुत्रिका के पास जो माता दुर्गा का ही रुप हैं, राजा जिमुतवाहन माता जीवित्पुत्रीका के पास गये, माता ने राजा को एक कलश दिये जिसमें अमृत था, उसे मृत सभी बच्चों पर छिड़काव की बात माता ने राजा से कही, राजा कलश लेकर सभी मृत बच्चों के शरीर मे छिड़काव करने लगे, मृत बच्चे जीवित हो गये तब सतयुग काल से ही आज तक आज ही के दिन पृथ्वीलोक पर जीवित जीवितपुत्रीका व्रत (जितिया) का त्योहार मातायें उपवास रखकर माता जीवित्पुत्रीका और जिमुतवाहन की पुजा अर्चना कर, संतान की लंबी उम्र की कामना करने की परंपरा वर्षो-वर्ष से चली आ रही है।

## वन विभाग की योजनाओं के संचालन में सतर्कता बरतें : सीएफ

**योजनाओं का निरीक्षण और शिकायतों की जांच पड़ताल सीएफ ने किया, त्रुटियां चिन्हित दूर करने का निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** वृक्षारोपण, जलमीनार, निर्माण, भवन निर्माण समेत विभिन्न विभागीय योजनाओं की ताजा स्थिति और प्रगति को लेकर गुमला प्रादेशिक आंचल वन संरक्षक (सीएफ) थंगीयन पांडियन ने लोहरदगा वन प्रमंडल के कार्य स्थल का परिभ्रमण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकांश विभागीय कार्य जमीनी स्तर पर संतोषप्रद मिला। निरीक्षण में मिली त्रुटियों को चिन्हित कर उन्हें प्राथमिकता और संवेदनशीलता के साथ दूर करने का निर्देश सीएफ ने दिया। मिली जानकारी के अनुसार सेन्हा वन क्षेत्र में लगभग बीस हजार पौधारोपण करने और एक जल मीनार निर्माण का निरीक्षण किया गया। लगाये गये अधिकांश पौधे और जल मीनार जमीनी स्तर पर सही और उपयोगी मिलने पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। बदला आंचल में वन प्रमंडल द्वारा दो जल मीनार निर्माण और वन रोपण कार्य का निरीक्षण किया गया। जल मीनार के चालू हाल में देखने और इसका अधिकतम लाभ ग्रामीणों को लेने की स्थिति देख संतोष व्यक्त किया। वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार को मौके पर इसे दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। बताया गया कि वन विभाग के कार्यों को लेकर सीएफ के पास शिकायत की गयी थी। गड़बड़ी होने और विभागीय नियमों का अनदेखा करने का आरोप शिकायतकर्ता द्वारा लगाया था। इन पहलुओं पर भी सीएफ ने गहन जांच पड़ताल किया। कोयल नदी तट पर की गयी वृक्षारोपण की स्थिति का भी निरीक्षण किया गया। मौके पर सीएफ ने कहा कि, वन विभाग की योजनाएं महत्वपूर्ण है। वन और पर्यावरण से जुड़ी योजनाओं के संचालन में विभागीय कर्मी सतर्कता बरतें। इस मौके पर डीएफओ अरविंद कुमार, रेंज अधिकारी अरुण कुमार, वनरक्षक किशोर नंदकुमार, मुकेश चंद्र प्रजापति, फॉरेस्टर समेत विभागीय कर्मी मौजूद थे।

## नदी के तेज बहाव में छह बच्चियां बहीं, एक की मौत, एक लापता, नहाने के दौरान हुआ हादसा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मनिका (लातेहार)।** मनिका प्रखंड के कोपे पंचायत भटको गांव स्थित औरंगा नदी में नहाने गयी छः बच्चियां नदी के तेज बहाव में बह गयी। जिसमें एक बच्ची की नदी में डूबने मौत हो गयी। वही ग्रामीणों द्वारा 4 बच्चियों को बचा लिया गया। वहीं एक बच्ची लापता है। बताया जाता है की घर के बगल से गुजर रही औरंगा नदी में सभी बच्चे नहाने गए थे। तभी यह हादसा हो गया। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि गांव के पास औरंगा नदी है और सभी बच्चे नदी में नहाने के लिए गये थे। तभी सभी बच्चियां नदी की तेज बहाव में बहने लगे। उसी दौरान नदी के आस पास उपस्थित ग्रामीणों ने देखा और नदी की तेज बहाव से 4 बच्चियों को बचा लिया। लेकिन एक बच्ची पुर्णिमा कुमारी 10 वर्ष पिता प्रदीप मोची की मौत हो गयी, जबकि एक बच्ची चांदनी कुमारी 7 वर्ष नदी की तेज बहाव में बह गयी है। जिसकी तलाश की जा रही है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह ने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। और ग्रामीणों की मदद से लापता बच्ची की तलाश जारी है। इस घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है ।

## जितिया जतरा हमारी भाषा संस्कृति को संरक्षित करने का देती है संदेश: सुखदेव

**नवाडीह पंचायत के नीनी गांव में जितिया जतरा सह फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन, चैम्पियन बना एएफसी माही की टीम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत नवाडीह के नीनी मैदान में जितिया जतरा सह फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस बीच प्रगति युवा झनकार नीनी के तत्वावधान में जितिया जतरा के शुभ अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता में माही एफसी बनाम एसटी लालपुर के बीच खिताबी मुकाबले खेला गया। जिसमें मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सह लोहरदगा लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत ने खिलाड़ियों और जितिया जतरा में शामिल हुए सभी खोड़हा को संबोधित करते हुए कहा कि फुटबॉल के अलावा खिलाड़ी सभी खेल में अपना बेहतर प्रदर्शन करें निश्चित रूप से आने वाला कल आपका सुखद होगा। सुखदेव भगत ने कहा कि आदिवासी अस्मिता को बढ़ावा देना हम सभी का मूल कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि जितिया जतरा हमारी भाषा संस्कृति और सभ्यता को प्रगाढ़ करता है इससे हमें संरक्षित कर त्योहार को मनाने की जरूरत है। सुखदेव भगत ने कहा कि भाई बहन के अटूट रिश्ता का त्यौहार करमा पर्व और जितिया हम आदिवासी समुदाय की पहचान है इसे आगे भी बेहतर तरीके से मनाते हुए अपनी परंपरा को मजबूती के साथ बरकरार रखने की जरूरत है ताकि हमारी पहचान देश-विदेशों में शिखर पर काबिज रहे। मौके पर फुटबॉल प्रतियोगिता के चैंपियन बने एएफसी माही और उप विजेता टीम एसटी लालपुर टीम के अलावा चौथे स्थान तक जगह बनाने वाले टीमों को नकद और खस्सी देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत के द्वारा सरना पुजा स्थल पर पुजा अर्चना कर गांव समाज और देश की उन्नति हेतु कामना किया। और जितिया जतरा खोड़हा के साथ ताल से ताल मिलाकर मांदर की थाप पर थिरकते नजर आये। मौके पर नवाडीह मुखिया मीना कुमारी, एएसआई अविनाव कुमार सिंह, शाहिद अहमद बेलू, अनिल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## प्राथमिक शिक्षकों को प्रोन्नति देने की सरकार की मंशा नहीं : शैलेंद्र

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। लगभग 30 वर्षों से प्राथमिक शिक्षकों की प्रोन्नति बाधित है। प्राथमिक शिक्षकों के लिए 1993 में प्रोन्नति बनायी गयी है। झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र सुमन, महासचिव प्रेम प्रसाद राणा, उपाध्यक्ष मुमताज अहमद ने कहा कि नियमावली में स्पष्ट उल्लेख है कि हर वर्ष जनवरी माह में अहर्ता रखने वाले शिक्षकों को जिलेवार नियमानुसार प्रोन्नति सूची बनाकर प्रकाशित करना है। प्रोन्नति के लिए पर्याप्त अहर्ता के बावजूद सरकार की मंशा प्राथमिक शिक्षकों को प्रोन्नति नहीं देने की रही। इसके ठीक विपरीत शिक्षा विभाग प्राथमिक शिक्षकों को अलग अलग श्रेणी में बांटने में ज्यादा रूचि लेते रही है । वर्ग 1-8 में बहाल शिक्षकों को बिना कोई नीति के 1 से 5 बना दिया जाता है , तो सर्व शिक्षा अभियान के तहत ग्राम शिक्षा समिति द्वारा नियुक्त शिक्षकों को महज एक परीक्षा मात्र से ही वर्ग 6-8 शिक्षक के रूप में पदस्थापित कर दिया जाता है । ग्रेड -7 पाने के लिए 13 वर्षो का अनुभव आवश्यक है । माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद प्राथमिक शिक्षकों की प्रोन्नति देने में टाल मटोल की रवैया अपनाया जाता रहा है। कभी ग्रेड 4 पा चुके शिक्षकों की स्थिति में कोई परिवर्तन करने का पत्र निर्गत किया जाता है तो कभी भूतलक्षी प्रभाव से प्रोन्नति नहीं देने के फरमान जारी कर दिया जाता है। विभाग और सरकार के इस दोहरे मापदंड से शिक्षकों में निराशा - हताशा के साथ -साथ भारी रोष है। शिक्षा सचिव के हालिया पत्र से शिक्षकों में यह धारणा प्रबल हो गयी कि सरकार विभिन्न नियुक्त वर्ष में नियुक्त शिक्षकों को आपस में ही उलझाना चाहती है। सरकार की मंशा प्रोन्नति देने की नहीं है।

## जूम मीटिंग के माध्यम से जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक जूम मीटिंग के माध्यम से हुई। बैठक में सभी थाना प्रभारियों से बीते दो माह में अवैध बालू उठाव, बाक्साईट खनन, पत्थर खनन से संबंधित जानकारी ली गयी। सभी थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में बीते दो माह में संबंधित मामलों में जब्त किये गये वाहन, एफआईआर, दंड शुल्क की जानकारी दी गयी। जूम मीटिंग में पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां, उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, सहायक खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## सेन्हा के नये सीओ बने राकेश कुमार तिवारी



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा अंचल के नये सीओ के रूप में राकेश कुमार तिवारी ने 46वां अंचलाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात सीओ श्री तिवारी ने कहा की दाखिल खारिज व भूमि संबंधित सभी अन्य कार्यो के अतिरिक्त छात्र छात्राओं का जाति, आय और आवासीय प्रमाण पत्रो का समय पर निपटारा किया जायेगा। मौके पर अंचल निरीक्षक चंद्रप्रकाश मेहता के अलावे लिपिक और सभी राजस्व कर्मचारी तथा अन्य अंचलकर्मी मौजूद थे।

## अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर निकलेगी जागरूकता रैली : सीता पुष्पा

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर दिनांक 11 अक्टूबर को समाज कल्याण विभाग, लोहरदगा की ओर से राज्य सरकार की अति महत्वकांक्षी योजना सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के प्रचार-प्रसार और जागरूकता हेतु जागरूकता रैली का आयोजन किया गया है। इस रैली का आयोजन कस्तूरबा गांधी सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, लोहरदगा से नगरपालिका, भारतीय स्टेट बैंक, सोमवार बाजार, पावरगंज चौक, न्यू रोड से पुनः स्कूल परिसर तक किया जायेगा। रैली को हरी झंडी दिखाकर प्रातः 9.30 बजे रवाना किया जायेगा। रैली में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका और सेविकाएं शामिल होंगी।

## हत्यारोपी के घर पर पुलिस ने साटा इश्तेहार

कुडू-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। हत्या के मामले में फरार चल रहे नामजद के विरुद्ध कुडू थाना पुलिस ने उसके घर जाकर इश्तेहार चिपकाया। जानकारी के मुताबिक कुडू थाना में दर्ज हत्या के मामले 163/2022 भादवि की धारा 302 में फरार चल रहे रोचों गांव निवासी सुनीत उरांव पिता घाना उरांव के विरुद्ध कुडू थाना प्रभारी बिश्वजीत कुमार सिंह, अनुसंधानकर्ता जोशफिना हेंब्रम पुलिस बल के साथ उसके मकान पर जा कर इश्तेहार चिपकाया। थाना प्रभारी ने बताया कि इसके बाद भी आरोपी हाजिर नहीं होता है तो कुर्की जब्ती के लिए प्रक्रिया की जायेगी।

## बाबूलाल मरांडी गुमला व घाघरा में आज करेंगे संकल्प सभा को संबोधित



**गुमला (आजाद सिपाही)।** प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी रविवार को गुमला धानासभा और बिशुनपुर विधानसभा में संकल्प यात्रा को संबोधित करेंगे। गुमला विधानसभा की संकल्प यात्रा शहर के दुंदुरिया स्थित पुराना बस डिपो में 11 बजे से आयोजित की जाएगी। जबकि बिशुनपुर विधानसभा की संकल्प यात्रा दो बजे से घाघरा स्थित हाई स्कूल मैदान में आयोजत की जाएगी। जानकारी के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी पूर्वाह्न आठ बजे नेतरहाट से बाबा टांगीनाथ धाम पहुंचेंगे, जहां पूजा अर्चना के बाद गुमला पहुंचेंगे। सभा की तैयारी पूरी कर ली गई है। शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर सीटिंग एरेजमेंट पर काम किया। वहीं पुलिस ने भी कार्यक्रम स्थल में सुरक्षा बिंदूओं पर जानकारी ली। पूर्व में सिसई विधानसभा में संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हो चुका है। उम्मीद जतायी जा रही है कि सिसई के कार्यक्रम जैसी गुमला में भी भीड़ होगी।

## लायंस क्लब गुमला ने सेवा सप्ताह के छठवें दिन बचपन स्कूल में किया पौधरोपण




**गुमला (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब गुमला द्वारा विश्व लायन सेवा सप्ताह के छठवें दिन बचपन स्कूल में फलदार वृक्षों के पौधे का रोपण किया गया। अध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया ने बच्चों को भी पौधे के बारे जानकारी दी। बताया एक पौधा जीवन में कितना जरूरी है। स्कूल में फलदार पौधा क्यों लगया जाता है इनकी खूबियों के क्या कहने। ये हमें ऑक्सीजन छाया, फल और लकड़ी प्रदान करते हैं। इनके कारण ही वर्षा होती है और ये ताप को रोकती हैं। 100 पुत्र के समान एक वृक्ष है। अपने जन्म दिन पर एक पौधा जरूर लगाएं। मौके पर पीआरओ लायन हेमंत कुमार ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को एक-एक पौधा जरूर लगाना चाहिए, पेड़ से हरियाली मिलती है, हरे भरे वातावरण को देखकर मन आनंदित हो जाता है। मोके पर लायन अशोक जयसवाल, महेश प्रसाद गुप्ता, योगेंद्र प्रसाद साहू आदि उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य अनुबंध कर्मियों को 15% वृद्धि भुगतान का राज्य सरकार का आदेश निर्गत, जताया आभार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के उप सचिव स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग रांची के आदेश एवं विभागीय पत्रों के आलोक में राज्य के अनुबंध कर्मियों को सातवें वेतनमान के विरुद्ध 15% बढ़ोतरी मानदेय का भुगतान का आदेश निर्गत किया गया था लेकिन स्वास्थ्य विभाग गुमला के द्वारा अनुबंध कर्मियों को सरकार के आदेश के बावजूद वेतन में बढ़ोतरी नहीं की जा रही थी जिससे अनुबंध कर्मियों में आक्रोश था इस संबंध में कई बार सिविल सर्जन गुमला से मिलकर बढ़ोतरी की मांग की गई थी झारखंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के अनुरोध के बाद सिविल सर्जन ने अधीनस्थ विभागीय पदाधिकारी को शीघ्र अनुबंध कर्मियों को लाभ देने का आदेश दिया। इसके बाद अनुबंध कर्मियों के मानदेय में वृद्धि की गई। जिससे अनुबंध कर्मियों में हर्ष देखा जा रहा है। अनुबंध कर्मियों ने झारखंड महासंघ के पदाधिकारी एवं सिविल सर्जन गुमला के प्रति आभार जताया। प्रतिनिधि मंडल में अनूप नंद, शिव नारायण सिंह, सुनील कुमार, मंजूषा लकड़ा, रणधीर, सुनीता, रिजवान अख्तर, रोहित कुमार साहू, विजय विदुर भगत सहित अन्य शामिल थे।

## केरला का एक्सपोजर विजिट के लिए बसिया और रायडीह प्रखंड से एक-एक पंचायत का हुआ चयन

**बसिया (आजाद सिपाही)।** पंचायती राज विभाग की अगुवाई में गुमला जिला के बसिया और रायडीह प्रखंड से एक-एक पंचायत का चयन आईएसओ सर्टिफिकेशन के लिए किला केरला के द्वारा किया गया है। पंचायत को सशक्त बनाने के लिए वहां के मुखिया और वार्ड सदस्यों को किला, केरला का एक्सपोजर विजिट 8 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक कराया जाएगा। इस विजिट का मुख्य उद्देश्य जिस प्रकार केरल के पंचायत सशक्त और आत्मनिर्भर हैं उसी प्रकार यहां के पंचायत भी आत्मनिर्भर बनें, जिससे जनप्रतिनिधियों में नैतिक साहस और कल्पनाशीलता बढ़े और पंचायती राज, लोकतंत्र की जानकारी का सकारात्मक उपयोग कर सकें। इस विजिट में बसिया प्रखंड के कलिगा पंचायत से मुखिया मरियम बेक, वार्ड सदस्य पतरसिया बेक और मंजू डुंगडुंग शामिल होंगे। वहीं प्रदान संस्था की ओर से अंकित कुमार के साथ ही रायडीह प्रखंड के परसा पंचायत से उप मुखिया शशि उरांव और वार्ड सदस्य धर्मा मुंडा शामिल होंगे।

**बैठक :** जिला समन्वय समिति की बैठक में उपायुक्त ने की विकास योजनाओं की समीक्षा

# विकास योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता के साथ करें : डीसी

**सितंबर माह में बेहतर कार्य करने वाले पांच अधिकारी एवं कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आहूत की गई। जिसमें उप विकास आयुक्त, एसडीओ सदर, अपर समाहर्ता, परियोजना निदेशक आईटीडीए समेत सभी प्रखंडों के बीडीओ, सीओ एवं विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान उपायुक्त द्वार सितंबर माह में जिले के विकास कार्यों में बेहतर गति देने एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर तरीके से उपलब्ध कराने में बेहतर कार्य करने वाले पांच अधिकारी एवं कर्मी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उपायुक्त ने कहा कि आगे भी निरंतर बेहतर कार्य करने वाले अधिकारी एवं कर्मी सम्मान एवं प्रशंसा के अधिकारी होंगे।

बैठक में समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने 'सिकछा कर भेंट' गतिविधि के तहत सभी अधिकारी एवं कर्मियों के विद्यालय भ्रमण से प्राप्त रिपोर्ट की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को टैग किए गए विद्यालयों से समन्वय स्थापित करते हुए विद्यालयों के शिक्षा स्तर को बेहतर करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी विद्यालयों में प्रत्येक शनिवार को नियमित टेस्ट लिया जाए इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने पीएचईडी विभाग को सभी ग्रामों में निर्माण किए जा रहे सोकपिट के कार्यों को 15 नवंबर से पूर्व पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। वहीं उपायुक्त ने सभी आवास निर्माण कार्यों को भी अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया।

पथ निर्माण प्रमंडल गुमला को भू अर्जन से संबंधित मामलों का निस्पादन अविलंब करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी बीडीी को राज्य पथ प्रमंडल विभाग से समन्वय स्थापित कर जर्जर सड़कों की मरम्मती करवाने का निर्देश दिया गया।

इसके साथ ही उपायुक्त ने सभी विभागों के बीच आपसी सहभागिता को लेकर भी परिचर्चा की। उपायुक्त द्वारा सभी बीडीओ एवं सीओ को सभी पंचायतों को सशक्त एवं क्रियाशील करने का निर्देश दिया गया।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिले के शत प्रतिशत लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु टारगेट दिया। उपायुक्त ने कहा कि सरकार की जितनी भी महत्वाकांक्षी योजनायें हैं उसका लाभ सभी सुयोग्य तक पहुंचे।

पशुधन विकास योजना के तहत 2022- 23 के विरुद्ध दिया गए लक्ष्य के अनुरूप लाभुकों का चयन कर उन्हें योजना से अच्छादित करने का निर्देश दिया गया।इसके अलावा बैठक में कृषि विभाग, शिक्षा, सहकारिता एवं संबद्ध विभाग, पंचायती राज, ग्रामीण विकास, पीएचडी, योजना, तथा अन्य सभी विभागीय योजनाओं में प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गय।

## 130 बोतल नशीली ओनरेक्स सिरप व 288 पीस नशीली टेबलेट जब्त

**सदर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर टोटो में की छापामारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सदर थाना की पुलिस ने शुक्रवार को पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर टोटो कुरैशी मोहल्ला स्थित अजमल अंसारी के घर में छापामारी कर नशीली दवा ओनरेक्स कफ सिरप 100 एमएल का 130 बोतल व नशीली टेबलेट 288 पीस बरामद की है। जबकि आरोपी अजमल फरार है। एसपी हरविंदर सिंह ने शनिवार को अपने कार्यालय परिसर में प्रेस वार्ता कर बताया कि पुलिस लगातार नशा के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी के तहत शुक्रवार को यह गुप्त सूचना मिली कि टोटो निवासी मो. मोजिब आलम के बेटे मुस्तफा उर्फ राजन रांची व लोहरदगा में रहकर लगातार नशीली दवाओं का कारोबार कर रहा है। साथ ही वह टोटो में नशीली दवाओं का सप्लाई कर रहा है। उसके द्वारा टोटो निवासी अजमल अंसारी को नशीली दवा भेजी गयी है। इसी सूचना के आधार पर उनके निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया। टीम में थाना प्रभारी के अलावा पुअनि प्रदीप कुमार, निरंजन कुमार सिंह, सअनि बीरबल कुमार पांडेय, कमलेश प्रसाद व पुलिस बल के जवान शामिल थे। प्राप्त सूचना के आधार पर शाम करीब 6 बजे कुरैशी मोहल्ला स्थित अजमल अंसारी के घर में छापामारी की। छापेमारी के दौरान टीम ने उपरोक्त नशीली सिरफ व नशीली टैबलेट बरामद किया। जबकि अजमल अंसारी भाग निकला। एसपी ने कहा कि मुस्तफा आलम उर्फ राजन के ऊपर पूर्व से कई मामले दर्ज हैं और वह फरार चल रहा है। पुलिस ने उसके साथ-साथ अजमल की गिरफ्तारी को लेकर प्रयास तेज कर दी है। जल्द ही दोनों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एसपी ने कहा कि जिले में नशा के कारोबारी व सेवन करने वाले सुधर जाएं। पुलिस ने लगातार इस दिशा में अब पहले से ज्यादा कार्रवाई तेज कर दी है। पकड़े जाने पर किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

## कृषि विज्ञान केंद्र ने कृषि ड्रोन से 25 एकड़ धान की फसल में जीवामृत का किया छिड़काव

**ड्रोन 5-20 मिनट में लगभग 2.5 एकड़ भूमि में कीटनाशकों व उर्वरकों का कर देता है छिड़काव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र गुमला विकास भारती बिशनपुर के द्वारा 7 अक्टूबर को घाघरा प्रखंड के निकरा ग्राम शिवराजपुर में कृषि ड्रोन के माध्यम से 25 एकड़ धान की फसल में जीवामृत का छिड़काव किया गया। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एनो राय ने बताया कि कृषि ड्रोन के माध्यम से खेती के आधुनिक कृषि उपकरणों में से एक है। यह एक मानवरहित विमान होता है, या यूं कहे कि एक उड़ने वाला रोबोट है। इसे दूर से ही साफ्टवेयर के माध्यम से नियंत्रित किया जाता है। दरअसल, इसमें एक जीपीएस आधारित नेविगेशन सिस्टम और अनेक सेंसर होते हैं। फसलों में सही मात्रा में कीटनाशक और उर्वरकों का तेजी से छिड़काव भी कर सकता है। जिससे जमीन की शुद्धता भी बनी रहती है और रसायनों के अधिक प्रयोग पर भी रोक लगती है। ड्रोन मुश्किल से 15-20 मिनट में लगभग 2.5 एकड़ (1 हेक्टेयर) भूमि में कीटनाशकों व उर्वरकों का छिड़काव कर देता है। यदि सामान्य रूप से छिड़काव किया जाए तो इसके लिए दो-तीन मजदूरों की आवश्यकता होती है। जिसका खर्च 1500-2000 रुपए आ जाता है जबकि ड्रोन से छिड़काव में एक एकड़ पर अधिकतम 500 रुपये का खर्च होगा।

**भूषि प्रदूषण कम करने में सहायक :** किसान ड्रोन से दुर्गम व पहाड़ी क्षेत्रों व अधिक क्षेत्रफल की भूमि की प्रभावी ढंग से देख-रेख कर सकता है तथा उचित मात्रा में जहरीले कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि को सुरक्षित रख सकता है, जिससे भूमि प्रदूषण भी कम होता है। कृषि ड्रोन किसान भाई कृषि विज्ञान केंद्र गुमला से संपर्क कर लाभ उठा सकते हैं। इस प्रतिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत निकरा परियोजना के सीनियर रिसर्च फेलो सुभान कुमार दास ने किसानों को जलवायु परिवर्तन के इस दौर में कृषि ड्रोन के महत्व की जानकारी दी।

**कार्यक्रम :** शौर्य जागरण रथ यात्रा का सिसई पहुंचने पर हिन्दू धर्मावंबियों ने किया भव्य स्वागत

# रथ पर पुष्प वर्षा व जय श्रीराम के जयकारे से गूंज उठा वातावरण

**शोभा-यात्रा कुदरा गांव स्थित हनुमान मंदिर पहुंचने पर किया गया महासभा का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता





**सिसई।** विश्व हिन्दू परिषद युवा इकाई बजरंग दल द्वारा आयोजित शौर्य जागरण रथ यात्रा शनिवार को सिसई पहुंची। जहां हजारों कार्यकर्ता व सरना सनातनी हिन्दू धर्मावलंबियों ने डाड़हा के समीप रथयात्रा का भव्य स्वागत किया। रथ पर पुष्प वर्षा व जय श्री राम के जयकारे से वातावरण गूंज उठा। डाड़हा से सैकड़ों बाइक रैली की अगुवाई में रथ को सिसई जीता पतरा लाया। जहां से मेन रोड, थाना रोड होते हुए थाना चौक स्थित हनुमान वाटिका तक शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान सिसई भगवा ध्वज से पट गया। वहीं धार्मिक गीत व नारे से क्षेत्र गूंज रहा था। महिलाएं व बच्चे घरों से निकल कर रथ में फूलों की वर्षा, पूजा अर्चना व आरती करते नजर आये। वहीं दुर्गा पूजा समिति थाना रोड द्वारा पदयात्रा में शामिल भक्त जनों के लिए चना, शरबत व पानी की व्यवस्था की गई थी।

अंत में शोभा-यात्रा कुदरा गांव स्थित हनुमान मंदिर पहुंची, जहां महासभा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रांत मार्गदर्शक मंडल प्रमुख कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी ने कहा कि रथ यात्रा का उद्देश्य मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर हिन्दू सरना सनातनियो के बीच धर्म चेतना जगाना है।

मौके पर धर्म सुरक्षा प्रमुख नागमणि जी, विहिप विभाग मंत्री केशव चन्द्र साय, लोहरदगा संगठन मंत्री कार्तिक विश्वकर्मा, हिन्दू जागरण मंच के प्रवर्तन प्रमुख संजय वर्मा, जिला सह मंत्री मनीष बाबू, विहिप प्रखंड अध्यक्ष पंकज साहू, प्रखंड मंत्री उदय कुशवाहा, धर्म रक्षक पूर्णिमा देवी, नागेश्वर नाग, जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा, मुकेश श्रीवास्तव, किशन सिंह, सौरभ ताम्रकार, रोहित श्रीवास्तव, किशोर साहू, सुधीर ओहदार, अजीत साहू, प्रमोद साहू,अरविन्द सिंह,अरुण नारायण सिंह, रामानंद सिंह, संजय वर्मा, रोहित शर्मा, रवि साहू, मनोज वर्मा, बाबूलाल सिंह खेरवार, अरखिता नंद देवघरिया, साहू प्रकाश लाल, भैरो सिंह खेरवार, नन्दकिशोर सिंह, अनिल साहू, लक्ष्मी नारायण यादव, नारायण साहू, दिवाकर साहू, बदरी नारायण सिंह, मनोहर नायक, वसंत यादव, चरवा उरांव, संजय महतो, दीपक अधिकारी सहित हजारों हिन्दू सनातनी धर्मावलंबी शामिल थे।

विधि व्यवस्था को लेकर प्रशासन का खास इंतजाम था। पूरे सिसई को आठ जोन में बांटकर सभी जगह दंडाधिकार नियुक्त किये गये थे और एसआई रैंक के पुलिस अधिकारी को जवानों के साथ लगाया गया था। वहीं अभियान एसपी मनीष कुमार, एसडीपीओ मनीष चन्द्र लाल, इंस्पेक्टर एसएन मंडल, बीडीओ रमेश कुमार यादव, सिसई थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी, भरनो थाना प्रभारी कृष्ण कुमार तिवारी, करंज थाना प्रभारी आशिष कुजूर घूम घूमकर निगरानी कर रहे थे। पूरे शोभा-यात्रा का ड्रोन कैमरे से निगरानी व विडियोग्राफी कराई जा रही थी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा की बैठक में 8 अक्टूबर की राज्यस्तरीय महासभा को सफल बनाने पर विचार-विमर्श



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड परिसर बसिया में शनिवार को झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा की बैठक जिला संरक्षक अजित कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी 12 अक्तूबर को शहीद मैदान रांची में झारखंड आन्दोलनकारियों का राज्य स्तरीय महासभा को सफल बनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही सभी आंदोलनकारियों से भारी संख्या में रांची चलने की अपील की गई। मौके पर सुनील कुमार भगत, पीसी बड़ाईक, अमित बघवार, भागीरथी साहू, मो. जुबैर अंसारी, अलीम खान सहित अनेक आंदोलनकारी उपस्थित थे।

### एकलव्य मॉडल विद्यालय के छात्र अंकित लकड़ा को 'एकल नाटक' में राष्ट्रीय स्तर पर मिला प्रथम स्थान



**बसिया (आजाद सिपाही)।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया के छात्र अंकित लकड़ा को एकलव्य विद्यालयों के चतुर्थ राष्ट्रीय सांस्कृतिक व कला उत्सव-2023, जो देहरादून में 3 अक्टूबर से 6 अक्टूबर तक आयोजित था में 'एकल नाटक' की श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। विदित हो कि अंकित लकड़ा झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए अपना एकल प्रदर्शन दे रहा था। एकल नाटक के लिए अंकित का चयन एकलव्य विद्यालयों के राज्य स्तरीय सांस्कृतिक व कला उत्सव जो 27-29 अगस्त 23 तक एकलव्य विद्यालय, तोरसिंदरी में आयोजित था, में हुआ था। इस एकल नाटक में अंकित लकड़ा दो चरित्रों, भगवान बिरसा मुंडा तथा एक अंग्रेज दोनों की भूमिका निभा रहा था। राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त होने पर विद्यालय में हर्ष का माहौल है। प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने विजयी छात्र को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

### चैनपुर पुलिस ने सदान बुकमा गांव में सामाजिक बुराइयों के खिलाफ चलाया जागरूकता अभियान



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर क्षेत्र अंतर्गत सदान बुकमा गांव में पुलिस ने सामाजिक बुराइयों के खिलाफ बैठक कर जागरूकता अभियान चलाया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने ग्रामीणों से कहा कि नशा बेचना बंद करें तभी समाज का विकास हो पाएगा। समाज में कई बुराइयां हैं, जिसमें एक नशा पान भी है, जब तक आप नशापान नहीं छोड़ेंगे तब तक गांव का विकास संभव नहीं है। उन्होंने महिलाओं से कहा कि आप सख्ती बरतें तभी पुरुष नशापान से दूर होंगे। वहीं उन्होंने अवैध शराब बनाने वालों को कड़ी चेतावनी दी। वहीं महिला थाना प्रभारी प्रियंका तिर्की ने उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि गांव की कई महिलाओं द्वारा शिकायत मिली है कि गांव में अवैध शराब बनाकर बेचा जाता है, जिससे लोग नशे के आदी होते जा रहे हैं। यहां तक कि कई विद्यार्थी भी नशे के आदी हो रहे हैं। वहीं नशा कर पुरुष घर में लड़ाई झगड़ा एवं मारपीट भी करते हैं। उन्होंने अवैध शराब कारोबारी को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर अवैध शराब बनाना व बेचना बंद नहीं हुआ तो छापामारी कर आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया जाएगा। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को समझाते हुए कहा कि परिवार में अनुशासन रखें नशा पान से दूरी बनाएं एवं अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें। वहीं कहा कि शराब बनाने व बेचने के अलावे भी कई अन्य काम हैं, जिसे कर आप अच्छी आमदनी कर सकते हैं। उन्होंने ग्रामीणों को साइबर क्राइम की जानकारी देते हुए इसके प्रति जागरूक किया एवं अपना मोबाइल नंबर सभी को देते हुए कहा कि किसी भी घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। मौके पर मुख्य रूप से जेएसएलपीएस की सदस्य बेला माधुरी तिर्की, ग्राम प्रधान जयराम उरांव सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### भाजपा नेता अशोक उरांव ने डायरिया से मृत महिला के परिजनों को पहुंचायी मदद



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के देवाकी कुसुमटोली गांव में डायरिया से हुए मृत महिला के परिजनों से शनिवार को भाजपा नेता अशोक उरांव व जिला परिषद सदस्य सतवंती देवी ने गांव पहुंच मुलाकात की। घटना के संबंध में पीड़ित के परिजनों से जानकारी ली। वहीं मृतका के पति ने बताया कि पत्नी के देहांत के बाद अब तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। उनका लालन-पालन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। इस पर हरसंभव मदद और प्रखंड प्रशासन से उचित लाभ दिलाने की बात कही। साथ ही 50 किलो चावल भी दिया। मौके पर अशोक उरांव ने कहा यह काफी निंदनीय विषय है कि इस आधुनिक युग में डायरिया जैसे रोग गांव में फैल रहे हैं। गांव के लोगों को स्वच्छ पीने का पानी नहीं मिल रहा है। पूरे गांव में गंदगी का अंबार है। उन्होंने सीधे तौर पर तीन बार से विधायक चमरा लिंडा पर निशाना साधते हुए कहा कि आदिवासियों का मसीहा कहलाने से मसीहा नहीं बनते हैं। उनके लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करानी होती है। यहां तो स्वच्छ पानी तक उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, तो यह किस तरह के मसीहा हैं सोचने योग्य बात है। अभी देखा जा रहा है कई ऐसे ग्रामीण इलाका हैं जहां पर स्वच्छ पानी लोगों को पीने के लिए नहीं मिल रहा है। जिससे लोग बीमारी की चपेट में आ रहे हैं और यह इलाका अधिकांश आदिवासी बहुल इलाका है। यदि सरकार स्वच्छ पानी तक नहीं दे पा रहे हैं तो ऐसी सरकार का सत्ता में रहने का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि गांव में मूलभूत सुविधा जल्द से जल्द बहाल की जाए। अन्यथा पुरजोर आंदोलन किया जाएगा। इस मौके अशोक उरांव, सतवंती देवी व प्रमोद साहू सहित मृतका के परिजन और ग्रामीण मौजूद थे।

### विश्रामपुर प्रखंड के लालगढ़ पंचायत मुख्यालय में रखी गयी तहसील भवन की आधारशिला

# विश्रामपुर विस क्षेत्र में तीव्र गति से हो रहा विकास : डॉ ईश्वर चंद्रवंशी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड के लालगढ़ पंचायत मुख्यालय में शनिवार को तहसील भवन की आधारशिला रखी गई। भवन निर्माण का शिलान्यास भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने शिलापट्ट का अनावरण करके किया। शिलान्यास समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉ ईश्वर चंद्रवंशी ने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा के हर क्षेत्र में तिव्र गति के साथ विकास हो रहा है। यह सब विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के अथक प्रयास से ही संभव हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि तहसील भवन बन जाने के बाद तहसीलदार यहां बैठेंगे। पंचायत के राजस्व और जमीन संबंधी कार्यों के लिए यहां के लोगों को प्रखंड मुख्यालय का चक्कर लगाना नहीं पड़ेगा। इस दौरान आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष अमरेश तिवारी और संचालन मुखिया धर्मेंद्र चौधरी ने किया। इस मौके पर रामानंद तिवारी, विकाश चंद्रवंशी, अजीत चौधरी, मीना देवी सहित कई लोग मौजूद थे।


तहसीन भवन की आधारशिला रखते भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी व अन्य।

## केंद्र सरकार के विरुद्ध कांग्रेस का पोल खोल हल्ला बोल 10 अक्टूबर से : धनंजय तिवारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार हुसैनाबाद के कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता 10 से 18 अक्तूबर तक प्रखंड क्षेत्र में पोल खोल, हल्ला बोल अभियान चलायेंगे। कांग्रेस के प्रदेश सचिव धनंजय तिवारी ने शनिवार को हुसैनाबाद के तिवारी कॉम्प्लेक्स में संवाददाता सम्मेलन कर कर बताया कि केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कार्यकर्ता हुसैनाबाद प्रखंड के सभी पंचायतों में पोल खोल, हल्ला बोल अभियान चलायेंगे और केंद्र के वादा खिलाफी से जनता को अवगत करायेंगें। कहा कि केंद्र सरकार ने प्रति वर्ष दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने, महंगाई पर नियंत्रण करने, किसानों की आय दोगुणा करने, देश को भ्रष्टाचार मुक्त करने, महिलाओं को सुरक्षा देने आदि का वादा किया था। इसमें सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। इसका जवाब जनता 2024 के आम चुनाव में भाजपा को सत्ता से बेदखर करके देगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। इस मौके पर सुनील श्रीवास्तव, मशरुर अहमद, अवध बिहारी सिंह, शंभू सिंह, शैलेश सिंह, प्रखंड अध्यक्ष लल्लू सिंह, नगर अध्यक्ष रंजीत पासवान आदि मौजूद थे।


संवाददाता सम्मेलन में उपस्थित कांग्रेस के प्रदेश सचिव धनंजय तिवारी व अन्य।

## वुशु विजेताओं को प्रशस्तिपत्र देकर किया गया सम्मानित



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**विश्रामपुर/पलामू।** खेलो इंडिया खेलो झारखंड में विश्रामपुर क्षेत्र के कई विद्यालयों के वुशु विजेताओं को प्रशस्तिपत्र पत्र देकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि विश्रामपुर क्षेत्र के कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने खेलो झारखंड में भाग लिया था, जिसमें छात्र-छात्राओं ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल कर अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। खेलो प्रतियोगिता में विश्रामपुर नावाडीह कला स्थित भगमनी चंद्रवंशी पब्लिक स्कूल के वफा आलम, रिशू सिंह, अनामिका मिंज, मुस्कान गिरी, मोहित गिरी जनता उच्च विद्यालय के ओम शिवांकर, अमर कुमार, रंजीत पाल व सुनिल कुमार सनातन विद्या निकेतन विकास कुमार यादव, प्रिंस कुमार,अलोक कुमार, रोहित कुमार व अराध्या तिवारी, बीमोड़ के जीडीसीएस की मुन्नी कुमारी व संजिवनी कुमारी ने भाग लिया था। जहां सभी विजयी प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया। वहीं, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित स्थानीय विधायक के पुत्र सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी, पलामू वुशू एशोसिएशन अध्यक्ष रमेश चंद्र प्रसाद, जनता उच्च विद्यालय के प्राचार्य भोला राय व राष्ट्रीय कोच खेलो झारखंड के डॉ अज्जो सिद्धिकी ने संयुक्त रूप से विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर डॉ नजरूल हक पीसी मन्ना और अरुण कुमार सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति ने तोड़ा दम, गांव में परसा मातम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के कोटखास निवासी शिव शंकर सिंह उर्फ डब्ल्यू सिंह (45) की मौत इलाज के दौरान शनिवार को हुई। बतातें चले कि विगत चार अक्टूबर को जैप आठ के समीप साइकिल से अपने खेत की तरफ जा रहे डब्ल्यू को लेस्लीगंज बाजार से अपनी बाइक से लौट रहे पूर्णाडी निवासी आनंद कुमार राय ने अनियंत्रित होकर टक्कर मार दी थी। इस हादसे में डब्ल्यू गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे बेहतर इलाज के लिए रांची के आरएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान शुक्रवार की रात उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता मदन सिंह ने बताया कि उनका पुत्र डब्ल्यू सिंह लेस्लीगंज में किराने की दुकान में काम करता था। वारदात के दिन उनका बेटा खेत की तरफ गया था कि रास्ते में पूर्णाडी निवासी आनंद कुमार राय ने अपनी बाइक से से टक्कर मार दी थी। घायल अवस्था में उसे मेदिनीनगर अस्पताल ले जाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर बेहतर इलाज के लिए डॉक्टर ने उसे रांची के आरएमसीएच रेफर कर दिया था। मृतक का दो लड़का और एक लड़की है। वह घर का कमाऊ सदस्य था। अब घर में कोई भी वैसा सदस्य नहीं है जो कमाकर परिवार का भरण पोषण कर सके। उधर, घटना से गांव में मातम पसरा हुआ है।



## जिला स्तरीय ग्रामीण व स्वदेशी जानजतीय खेल प्रतियोगिता का समापन

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** आदिवासी तथ्का ग्राम स्तरीय खेल की विकास योजना के तहत खूंटी के बिरसा कॉलेज के खेल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय ग्रामीण और स्वदेशी जानजतीय खेल प्रतियोगिता का समापन शनिवार को हुआ। डीसी लोकेश मिश्र ने प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण कर उन्हें प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता के दौरान तीरंदाजी, गुलेल, मटका दौड़, गेड़ी दौड़, भारा दौड़ और कोल्हान क्षेत्र के सेकोर खेल का आयोजन किया गया। प्रतियागिता में विभिन्न प्रखंडों के आदिम जनजाति और अनुसूचित जनजाति के बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। डीसी ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा आदिवासी एवं ग्रमीण स्तरीय खेल का विकास योजना के तहत ग्रामीण और स्वदेशी जानजतीय खेलों को बढ़ावा देने की योजना बनाई गई। खूंटी जिले में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है।

## जैरी लैंड का उद्घाटन आज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बच्चों को जैरी लैंड के रूप में शहर को एक और उपहार प्रथम महापौर अरुणा शंकर शनिवार को देंगीं। जिसका निर्माण गांधी उद्यान में किया जा चुका है। जानकारी साझा करते हुए मैसूर की कंपनी जिसकी देखरेख में जैरी लैंड का काम किया गया है के मालिक सुनील ने बताया की बड़े शहरों की तर्ज पर उनकी कंपनी द्वारा झारखंड का तीसरा एक प्लेटफार्म के नीचे बेहतरीन गेम जोन बनाया गया है। इससे पूर्व रांची एवं टाटा के मॉल में संचालित है। यहां 7डी पिक्चर, भूत बंगला, बंपर कार, बुल फाइट बच्चों को अपनी ओर आकर्षित करेगा। इस गेम्स जॉन को लगाने वाले कंपनी के मालिक सुनील जी ने बताया मुझे खुशी है कि यहां के लोग काफी अच्छे एवं उत्साही है। खासकर यहां की प्रथम महापौर अरुणा शंकर मुझे सुझाव एवं सहयोग करती रही। विश्वास है कि उनकी कंपनी द्वारा लगाया गया गेम जोन बच्चों को पसंद आएगा। फ्रेंड्स ग्रुप जिन्होंने इस पूरे प्रोजेक्ट में अपना निजी पैसा लगाया है के व्यवस्थापक आलोक माथुर ने बताया कि इस प्रोजेक्ट में लगभग 90 लाख रुपया लगे हैं जिसका उद्घाटन नगर आयुक्त एवं प्रथम महापौर अरुणा शंकर शनिवार की शाम को करेंगीं।




## बसपा के प्रखंड सचिव की पत्नी का हार्ट अटैक से निधन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हरिहरगंज/पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सलैया निवासी बसपा के प्रखंड सचिव सीता राम रवि की पत्नी देवरानी देवी (40) का शुक्रवार की रात इलाज के दौरान निधन हो गया। उन्हें हार्ट अटैक आने के बाद अस्पताल में भर्ती कराय गया था। बतातें चलें कि देवरानी देवी कई महीनों से हृदय रोग से ग्रसित थीं। उनका इलाज बनारस के बीएचयू अस्पताल में चल रहा था। उधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल पैदा हो गया। परिजनों में कोहराम मच गया। शुक्रवार को उनका अंतिम संस्कार सलैया के अस्मशान घाट पर हुआ। पति सीता राम रवि ने मुखाग्नि दी। इस दौरान बसपा, राजद सहित अन्य दलों के नेताओं के साथ कई सामाजिक कार्यकर्ताओं शोक सभा में शामिल होकर मृतका की आत्मा की शांति की कामना की। दाह संस्कार व शोक सभा में राजद नेता कमलेश कुमार यादव, बसपा के पूर्व प्रदेश सचिव प्रमोद कुमार रवि, जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार यादव, प्रखण्ड अध्यक्ष सुरजमल राम, चितरंजन बौद्ध, रवि कुमार, सुशिल कुमार रवि, बालचंद, शिक्षक नरेंद्र प्रियदर्शी, गोविंद राम, विशुनपुर मुखिया जितु कुमार, डॉ अवध कुमार दास, श्यामसुंदर देहाती, मंगलदेव राम, मनोज राम, मुखिया प्रतिनिधि सनोज गुप्ता, प्रधान महा सचिव राजेंद्र यादव, पंकज कुमार, पवन, बिपुल सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।



## पंडित शंभूनाथ दुबे की मनायी गयी चौथी पुण्यतिथि

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर के प्रसिद्ध समाजसेवी पंडित शंभूनाथ दुबे की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन नप मुख्यालय स्थित स्व दूबे के आवास पर हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित शंभूनाथ दूबे के चित्र पर उनके परिजनों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया। नगड़ी सीओ संतोष शुक्ला, चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार, थाना प्रभारी शशि रंजन व विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने स्व दूबे के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इससे पहले स्व शंभूनाथ दूबे के बड़े पुत्र दया शंकर दूबे ने पिता की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया। वहीं छोटे पुत्र सह युवा समाजसेवी प्रेम शंकर दूबे ने पिता की स्मृति में उनकी कई बातें लोगों के साथ साझा की। कार्यक्रम में भंडारा का भी आयोजन किया गया था। श्रद्धांजलि सभा में नप के प्रथम उपाध्यक्ष अजय बक्स राय उर्फ बढ़कू सिंह, सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह, नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, जेई विभूति भूषण, पूर्व जिला पार्षद मनोज सिंह, सुधीर दूबे, अशोक दूबे, सोनू दूबे, शंकर केशरी, कृष्णा चंद्रवंशी, राजेंद्र केसरी और संजय शाह सहित कई लोग शामिल हुए।



## बचरा में राम रथ शौर्य धर्म यात्रा का स्वागत

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर चौक स्थित जय बाबा सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर के समीप शनिवार को राम रथ सौर्य यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। जानकारी के अनुसार शौर्य यात्रा बचरा पहुंचते ही विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल और भाजपा कार्यकर्ताओं ने बैंड बाजे के साथ शौर्य यात्रा का स्वागत किया। भगवान राम के यात्रा के स्वागत में मंदिर परिसर और आस पास में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाए और बालिकाओं ने भगवा वस्त धारण कर राम रथ यात्रा का स्वागत किया। जिसके बाद बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण से महाआरती होने के बाद रथ यात्रा को आगे के लिए रवाना किया गया।

# स्पोर्ट्स



बांग्लादेश ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 के तीसरे मैच में अफगानिस्तान को छह विकेट से हरा दिया। धर्मशाला से हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले गए मैच में बांग्लादेश ने शानदार जीत दर्ज की।

### मिराज का दोहरा प्रदर्शन, 57 रन की पारी और तीन विकेट लिये, शांतो की भी फिफ्टी

## बांग्लादेश ने अफगानिस्तान को 6 विकेट से हराया

**एजेंसी**

**धर्मशाला।** बांग्लादेश ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 के तीसरे मैच में शनिवार को अफगानिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया। धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले गए मैच में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। वहीं, पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान की टीम 37.2 ओवर में 156 रन पर ऑलआउट हो गई और बांग्लादेश को 157 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में बांग्लादेश की टीम 34.4 ओवर में ही चार विकेट खोकर लक्ष्य का हासिल कर लिया। गौरतलब हो कि लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश टीम की शुरूआत खराब रही। दोनों ओपनर्स सस्ते में आउट हो गए। तंजिद हसन 5 और लिट्टन दास 13 रन ही बना सके। यहां से नजमुल हुसैन शांतो और मेहदी हसन मिराज ने 97 रन की पार्टनरशिप कर टीम को संभाला। जबकि अफगानिस्तान टीम की शुरूआत अच्छी थी। टीम ने पहले 20 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 96 रन बना लिए थे। बांग्लादेश के स्पिनर्स ने मिडल ओवर्स में खेल का रूख बदल दिया। अफगानी खिलाड़ी मिराज-शाकिब की फिरकी को समझने में पूरी तरह नाकामयाब रहे। अफगानिस्तान ने 21 से 38 ओवर के बीच 8 विकेट गंवा दिए।



### शांतो-मिराज ने खेली अर्धशतकीय पारी

बांग्लादेश की ओर से नजमुल हुसैन शांतो ओर मेहदी हसन मिराज ने अर्धशतकीय पारी खेली। अफगानिस्तान के लिए अजमतुल्लाह ओमरजई, नवीन-उल-हक और फजलहक फारूकी ने एक-एक विकेट लिए। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे नजमुल हुसैन शांतो ने अपने वनडे करियर का छठा अर्धशतक लगाया। शांतो ने 83 गेंद पर 59 रनों की पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। वे पारी समाप्त होने तक नाबाद रहे। वहीं, नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने उतरे मेहदी हसन मिराज ने अपने वन डे करियर की तीसरी फिफ्टी जमाई। मिराज ने 73 गेंदों में 5 चौकों की मदद से 57 रन की पारी खेली। उन्हें नवीन-उल-हक ने आउट किया।

## कबड्डी फाइनल में हंगामा, पहले भारत फिर ईरान के खिलाड़ी धरने पर बैठे

### एशियाड में पहली बार देखने को मिला ऐसा नजारा

**हांगझोउ (एजेंसी)।** एशियाई खेल 2023 एक बार फिर विवादों में घिर गया है। कबड्डी में पुरुष टीम के फाइनल में भारत और ईरान के बीच जमकर विवाद हुआ। हालांकि, खिलाड़ी आपस में नहीं भिड़े। मैच रेफरी और दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच जमकर बहस हुई। कभी भारत के खिलाड़ी धरने पर बैठे तो कभी ईरान के खिलाड़ियों ने मैट पर बैठकर अपना विरोध जताया। मैच अधिकारी बार-बार अपना फैसला पलटते रहे। जिस टीम ने ज्यादा दबाव बनाया फैसला उसी के पक्ष में हो गया। 40 मिनट में खत्म हो जाने वाला कबड्डी का मैच विवाद की वजह से लगभग एक घंटे तक रुका रहा। अंत में फैसला भारत के पक्ष में हुआ। भारत को निर्णायक बढ़त मिली और टीम इंडिया ने यह मैच 33-29 से अपने नाम किया। कबड्डी टीम से पहले भारत के किशोर जेना और ज्योति याराजी के मुकाबले भी विवादों रह चुके हैं। हालांकि, दोनों मौकों पर भारतीय खिलाड़ी सही थे।



### कैसे शुरू हुआ विवाद

इस मैच में शुरूआत से ही दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर थी। पहले हाफ के बाद भारतीय टीम 17-13 से आगे थी। दूसरे हाफ में ईरान ने वापसी की और अंत तक कांटे की टक्कर जारी थी। जब मैच में सिर्फ दो मिनट का खेल बचा था और स्कोर 28-28 की बराबरी पर था, तब रेफरी के एक फैसले को लेकर विवाद हो गया। भारतीय कप्तान पवन शेहरावत रेड के लिए गए थे। वह किसी भी डिफेंडर को छुए बिना लॉब में चले गए और रेफरी ने उन्हें आउट करार दिया। नियमों के अनुसार यह फैसला सही था, लेकिन पवन के साथ-साथ ईरान के पांच खिलाड़ी भी लॉबी में चले गए। इस पर रेफरी ने सिर्फ एक खिलाड़ी को आउट करार दिया, जबकि भारतीय टीम की मांग थी कि लॉबी में जाने वाले सभी खिलाड़ियों को आउट करार दिया जाए।

**तनाव : जीएम ऑफिस में मची अफरा-तफरी, अपनी-अपनी गाड़ी निकाल कर भागे लोग**

# नियोजन की मांग को लेकर रैयतों ने काटा जीएम ऑफिस का रास्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



रास्ता काटकर विरोध प्रदर्शन करते रैयत विस्थापित।

**तेतुलमारी।** तेतुलमारी में रैयतों ने नियोजन और रेगुलाईजेशन की मांग को लेकर शानिवार को बीसीसीएल एरिया-4 और 5 के जीएम कार्यालय का रास्ता जेसीबी मशीन लगाकर काट दिया। इससे कार्यालय आने-जाने का रास्ता अवरुद्ध हो गया। रैयतो द्वारा एकाएक जेसीबी लगाकर रास्ता काटे जाने के बाद महाप्रबंधक कार्यालय में अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया। अधिकारी और कर्मचारी अपनी-अपनी गाड़ियों निकाल कर भागने लगे, ताकि उनकी गाड़ी एरिया ऑफिस में ही ना फंस जाए। वहीं, रैयत काफी आक्रोशित दिख रहे थे। मरने मारने पर उतारू थे। रैयतों ने बताया कि बीसीसीएल और ग्रामीणों के बीच 33.71 डिसमिल जमीन पर एक पैकेज डील हुआ था। जिसमें बीसीसीएल ने 34 नियोजन देने की बात वर्ष 1991 में की थी। वार्ता के मुताबिक वर्ष 1996 में आठ नौकरी दी गयी। जो आज कुछ आदमी सेवानिवृत्ति हो गए। वर्ष 2015 में फिर एक बार 18 नौकरी और वर्ष 2018 में दो नौकरी दी गयी। लेकिन बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा आज तक किसी को भी रेगुलराइजेशन नहीं किया गया। रैयतों ने बताया कि 34 नौकरी में से छह नौकरी अभी बाकी है। रैयतो का सब्र का बांध शनिवार को टूट गया और महाप्रबंधक कार्यालय का रास्ता काटकर अपना विरोध जताया। दूसरी ओर प्रबंधन का कहना है कि ग्रामीणों ने अब तक जमीन को बीसीसीएल के नाम रजिस्ट्री नहीं की है। इस दौरान आंदोलन करने वालों में भरत महतो, भोलानाथ महतो, मधुसूदन महतो, योगेश महतो, रामू कुम्हार, नागेंद्र कुम्हार, श्रीनाथ कुम्हार, दुलाल कुम्हार, मनोज रवानी आदि शामिल है।

# 2024 लोकसभा-विधानसभा चुनाव से पहले ही कांग्रेस में गुटबाजी चरम पर

## मंत्री बन्ना गुप्ता के जिला प्रभारी मंत्री व धनबाद लोकसभा समन्वय समिति के संयोजक के पद से इस्तीफे के बाद मान-मनौव्वल शुरू

**कांग्रेसी नेताओं ने बैठक कर बन्ना गुप्ता से की इस्तीफा वापस लेने की अपील**

**- कहा : राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय संगठन प्रभारी और प्रदेश प्रभारी से मिलकर इन विषयों पर करेंगे चर्चा**



शब्बीर हुसैन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** 2024 में होने वाले लोकसभा-विधानसभा चुनाव से पहले ही प्रदेश-जिला कांग्रेस में गुटबाजी चरम पर पहुंच गई है। शुक्रवार को मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा जिला स्तर के अपने विभिन्न पद से इस्तीफा देने के बाद मान मनौव्वल का दौर भी शुरू हो गया है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव रवींद्र वर्मा के आवासीय कार्यालय में शनिवार को बैठक कर प्रभारी मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा दिए गए इस्तीफा को वापस लेने का आग्रह किया गया। रवींद्र वर्मा ने कहा कि बन्ना गुप्ता द्वारा गत शुक्रवार को जिला के प्रभारी मंत्री, 20 जिला सूत्री अध्यक्ष और धनबाद लोकसभा समन्वय समिति के संयोजक के पद से इस्तीफा देने की घोषणा से सभी कार्यकर्ता आहत है। उनके द्वारा पार्टी हित में किए गए कार्यों से सभी कार्यकर्ता पूरी तरह संतुष्ट हैं। उनके कार्यों और प्रयासों से धनबाद सहित राज्य में संगठन पहले से ज्यादा सशक्त हुआ है। गंभीरता से पुनर्विचार करते हुए प्रभारी मंत्री से इस्तीफे की घोषणा को वापस लेने की अपील करते हैं। कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी की बात करते हैं। दूसरी ओर ओबीसी से आने वाले बन्ना गुप्ता को एक साजिश के तहत टारगेट किया जा रहा है, जो संगठन के सशक्तिकरण के लिए उचित नहीं है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सचिव शमशेर आलम ने कहा कि समन्वय बैठक में कुछ कार्यकर्ता प्रभारी मंत्री बन्ना गुप्ता को बदनाम करने के लिए उल जलूल बयान दिये है जो संगठन के लिए अच्छा नहीं है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के, राष्ट्रीय संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल और झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे से मिलकर इन विषयों पर चर्चा की जाएगी। गौरतलब हो कि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता शुक्रवार को धनबाद दौरे पर थे। वहां जन सुनवाई कार्यक्रम में शामिल होने के बाद जिला मुख्यालय के एक विवाह भवन में कांग्रेस की ओर से आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए धनबाद लोकसभा समन्वय समिति की पहली बैठक की गई। जिसमें कांग्रेस के जिला स्तर के कई दिग्गज नेताओं के अलावा पदाधिकारी व वरीय कार्यकर्ता भी मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता समिति के संयोजक सह प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष अजय दूबे, जबकि संचालन जिला कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष सिंह कर रहे थे। बैठक में लोकसभा को लेकर पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूती और चुनावी राय शुमारी चल रही थी। बैठक सात घंटे चली। जिसमें पार्टी में गुटबाजी, सरकार में रहते हुए प्रशासनिक व मंत्रियों द्वारा कार्यकर्ताओं की उपेक्षा, पार्टी में रहकर भितरघात, बाहरी प्रत्याशी जैसे प्रमुख मुद्दे जमकर उछले। इस दौरान बेकारो समेत जिला स्तर के कुछ नेताओं ने मंत्री बन्ना गुप्ता पर कई आरोप लगाये। उनपर व उनके सचिव पर विगत 10 दिनों से उनका फोन तक नहीं उठाने का आरोप भी लगाया। इससे तिलमिलाए मंत्रीजी ने बिना कुछ कहे जिला के प्रभारी मंत्री, 20 जिला सूत्री अध्यक्ष और धनबाद लोकसभा समन्वय समिति के संयोजक के पद से इस्तीफा देने की बात कही। इससे वहां मौजूद सभी लोग चौंक गए। हालांकि मंत्री बन्ना गुप्ता ने इसका कोई ठोस कारण भी नहीं बताया। कहा कि सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर अपने इस्तीफा देने की बात कहकर चले गए। इससे बाद से राजनीतिक गलियारे में चर्चा का बाजार गरमा गया है। वहीं, बैठक में जहीर अंसारी, प्रभात सुरुलिया, हुमायूं रजा, प्रीतम रवानी, प्रमोद सिंह चंद्रवंशी, संदीप कक्कू, राजीव पांडे, राजेश्वर सिंह यादव, प्रोफेसर डीके सिंह, अनवर शमीम, सुजीत मिश्रा, संजय जयसवाल आदि उपस्थित थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## डैम के समीप पानी में डूबने से व्यक्ति की मौत



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** मैथन डैम के निचले हिस्से में अहले सुबह टेक्निशियन बैरक के रहने वाले धर्मेंद्र केवट उर्फ मोटू केवट की मछली पकड़ने के दौरान पानी में डूबने से मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक धर्मेंद्र शानिवार तड़के मछली पकड़ने डैम के समीप गया था। उसके साथ एक अन्य युवक भी था। जब धर्मेंद्र पानी में डूबने लगा तो उससे साथ मौजूद युवक मदद के लिए चिल्लाने लगा। यह देख पास में ही मछली पकड़ रहे दूसरे लोग दौड़े और धर्मेंद्र को पानी से निकालकर डीवीसी बीपी नियोगी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के बारे में बताया जाता है कि वह अच्छा तैराक था पर वह मिर्गी की बीमारी से ग्रसीत था। मृतक को दो पुत्री एवं एक पुत्र है।

## अनपति देवी स्कूल में छात्र-छात्राओं के बीच चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** फुसरो स्थित अनपती देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय में कक्षा 8वीं से 10वीं तक के छात्र-छात्रओं के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। संयोजक के रूप में आचार्य किशोर कुमार एवं नोडल अधिकारी के रूप में नवल किशोर सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अभियान में 300 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। वक्ताओं ने कहा कि अपने आस पास के लोगों के बीच चुनाव के प्रति संवेदनशील रहकर शत प्रतिशत संख्या में मतदान में भाग लेकर लोकतंत्र को मजबूत करने का प्रयास करना है। प्रधानाचार्य पंकज मिश्रा ने भी विद्यार्थियों को जागरूक किया।

## 50 साल पुराने हॉट स्ट्रिप मिल के वाटर पाइप लाइन का किया गया नवीनीकरण

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** 50 साल पुरानी हॉट स्ट्रिप मिल की नवीनीकृत वाटर पाइप लाइन का उद्घाटन अधिशासी निदेशक (संकार्य) वीरेंद्र कुमार तिवारी ने शनिवार को किय। इस दौरान मुख्य महाप्रबंधक (मैकेनिकल) वीके सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (हॉट स्ट्रिप मिल) शरद गुप्ता, प्रकाश कुमार महाप्रबंधक (कैपिटल रिपेयर -मैक), हॉट स्ट्रिप मिल के महाप्रबंधक राजन कुमार, आरके झा, एसएन भगत, पीके सिंह, ए टंडन आदि उपस्थित थे। हॉट स्ट्रिप मिल की वाटर पाइप लाइन लगभग 50 पूर्व वर्ष 1973 में स्थापित की गयी थी। लंबे समय से लगातार इस्तेमाल के कारण हॉट स्ट्रिप मिल के निर्बाध उत्पादन के लिए इनका नवीनीकरण आवशयक था। इसे देखते हुए मई 2023 में विभिन्न आकार के लगभग 3.5 किलोमीटर वाटर पाइप लाइन के नवीनीकरण का कार्य हॉट स्ट्रिप मिल के मैकेनिकल अनुरक्षण विभाग के महाप्रबंधक आरके झा और कैपिटल रिपेयर (मैकेनिकल) के महाप्रबंधक प्रकाश कुमार की देख-रेख में शुरू हुआ। वहीं, अधिशासी निदेशक (संकार्य) वीरेंद्र कुमार तिवारी ने हॉट स्ट्रिप मिल विभाग व इस कार्य से जुड़े पूरी टीम को बधाई दी है।

# अपना अधिकार पाने के लिए यूनियन नेताओं व मजदूरों को झोंकनी होगी ताकत: मन्नान मल्लिक

**कोल इंडिया में आहूत हड़ताल को लेकर विश्वकर्मा परियोजना में संयुक्त मोर्चा ने की सभा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनसार।** कोल इंडिया में तीन दिवसीय हड़ताल को सफल बनाने को लेकर शनिवार को संयुक्त मोर्चा की ओर से विश्वकर्मा परियोजना में सभा की गयी। जिसमें संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने 12, 13 व 14 अक्टूबर को आहूत हड़ताल को सफल बनाने के लिए सभी को एकजुट होने का आह्वान किया। इंटक नेता एके झा व कांग्रेस के पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक ने संयुक्त रूप से कहा कि देश के इतिहास में पहली बार देखा जा रहा कि कोयला उद्योग से जुड़े मजदूरों का वेतन बढ़ाने पर कोई अधिकारी वर्ग अदालत का दरवाजा खटखटाया हो। यह पूरी साजिश कोल इंडिया, बीसीसीएल और अधिकारियों की है। हड़ताल को सफल बनाना समय की मांग है। अन्यथा कोयला उद्योग में कार्यरत मजदूर और उनकी आवाज उठाने वाले यूनियन का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। मन्नान मल्लिक ने कहा कि अपना हक-अधिकार पाने के लिए सभी को पूरी ताकत झोंकनी होगी। प्रबंधन एवं अधिकारी वर्ग द्वारा दिए गए इस चुनौती को मजदूर वर्ग पूरी करेंगें और लड़ाई में जीत हासिल करेंगें। वहीं, जमसं के केंद्रीय सचिव अरविंद सिंह ने कहा कि एनसीडब्ल्यू के समझौते के अनुसार भुगतान हो। अगर इसके तहत भुगतान नहीं किया गया तो मजदूर किसी हद तक जाने को तैयार है। हड़ताल में उत्पादन व डिसपैच पूरी तरह बंद किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो अधिकारियों के आवास को भी घेरेंगे। इस मौके पर हरि प्रसाद पप्पू, मिथिलेश सिंह, शिशिर कुमार, अवधेश सिंह, नंदलाल महतो, भूषण महतो, छोटू राम, रवि सिंह, उमा चौहान, अजीत सिंह, बबलू सिंह, धरम बाउरी, खाखी पासवान, बलवंत सिंह, भोला पासवान, बजरंगी पार्थ सारथी आदि उपस्थित थे।

# ज्ञान यज्ञ, अखंड ज्योति पाठ और विश्वस्तरीय गायत्री मंदिर निर्माण में सहयोग का लिया संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** गायत्री शक्तिपीठ बस्ताकोला में शनिवार को जिला स्तरीय प्राण वाण कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ। जिसका मार्गदर्शन तपोभूमि मथुरा से आए वरिष्ठ प्रतिनिधि अशोक कुमार पांडे, सच्चिदानंद सिंह और राधेश्याम ने किया। गोष्ठी में वर्तमान स्थिति एवं भविष्य की कार्य योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं गायत्री शक्तिपीठ बस्ताकोला के संरक्षक उपेंद्र लाल दास अपनी पत्नी के साथ उपस्थित थे। इस दौरान वर्ष 2024 में अखंड ज्योति पाठ की संख्या दोगुणा करने, गायत्री तपो भूमि मथुरा में विश्व स्तरीय गायत्री मंदिर निर्माण के लिए सहयोग करने और क्षेत्रीय स्तर पर जिले में ज्ञान यज्ञ का आयोजन करने का संकल्प लिया गया। साथ ही जन-जन तक परम पूज्य गुरुदेव वेद मूर्ति पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के विचारों को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। मौके पर शक्तिपीठ के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी विभूति शरण सिंह, शशिभूषण कुमार गुप्ता, नरेश भट्ट, संजय शर्मा, अनिल कपिला, गजेंद्र सिंह, वशिष्ठ कुमार, बाल गोविंद राम गुप्ता, रेखा प्रसाद, साधना सिंह आदि मौजूद थीं।

## सामाजिक कार्यकर्ता रिकी सिंह की मां का हुआ निधन



**कतरास (आजाद सिपाही)।** छाताबाद निवासी सामाजिक कार्यकर्ता रिकी सिंह की मां गुरमीत कौर (60) का शनिवार की सुबह हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वह कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। उनका अंतिम संस्कार लिलोरी मंदिर श्मशान घाट में किया गया। वह अपने पीछे दो बेटे और दो बेटियों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गयी है। उधर, निधन की खबर पाकर बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो, जनशक्ति दल के सुप्रीमो सूरज महतो, पार्षद प्रतिनिधि मासूम खान ने शोक जताया।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, रामगढ़
"अप्रेन्टिसशिप मेला" दिनांक 09.10.2023

आवश्यक सूचना

DGT, Ministry of Skill Development & Entrepreneurship, Govt. of India के निंदेशानुसार MSDE भारत सरकार द्वारा राधागोविंद विश्वविधालय, ललकी घाटी, रामगढ़ परिसर में दिनांक:– 09.10.2023 को ßPM National Apprenticeship Mela – PMNAMÞ का आयोजन किया जा रहा है।

अतः सभी इच्छुक प्रशिक्षणार्थी अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं फोटोग्राफ के साथ स–समय पूर्वाहन 10 बजे उपरोक्त वर्णित स्थल पर आयोजित अप्रेंटिसशिप मेला मे भाग लेना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त संदर्भ में राज्य अवस्थित सभी औद्योगिक ईकाईयों से अनुरोध है कि अपनी प्रविश्टि जिला नियोजनालय, रामगढ़ अथवा (https://www.apprenticeshipindia.gov.in/candidate-login) में दर्ज करते हुए उक्त आयोजित मेला में भाग लेने की कृपा करें।

ह०/–
जिला नियोजन पदाधिकारी,
रामगढ़

PR 308583 Labour Employment and Traning(23-24)D

जिला पशुपालन पदाधिकारी ,हजारीबाग

Pet Shops एवं Dog Breeding Centre पंजीकरण हेतु आवश्यक सूचना :–

जिला हजारीबाग अंतर्गत सभी Pet Shops एवं Dog Breeding Centre जो राज्य जीव–जन्तु कल्याण बोर्ड ,झारखण्ड रांची से बिना निबंधन कराये अपनी संस्था का संचालन कर रहे है या वैसे संस्थान जो पूर्व में निबंधित थे एवं वर्तमान में बिना Renewal के ही संस्थान का संचालन कर रहे है वैसे सभी Pet Shops एवं Dog Breeding Centre को सूचित किया जात है कि एक माह के अंदर अपने संस्थान का पंजीकरण/ नवीनीकरण हेतु अपना आवेदन जीव–जन्तु कल्याण बोर्ड ,झारखण्ड हेसांग ,रांची से कराना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा नियमानुसार उन पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी ।

नोट :– अधिक जानकारी हेतु संबंधित क्षेत्र के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी /भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी एवं जिला पशुपालन पदाधिकारी ,हजारीबाग से सम्पर्क करें ।

निवेदक :–
जिला पशुपालन पदाधिकारी,हजारीबाग

PR 308627Animal Husbandry(23-24).D

## लोयाबाद सात नंबर में डेढ़ महीने बाद लगा ट्रांसफार्मर

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** सात नंबर का ट्रांसफर्मर करीब डेढ़ महीने बाद शनिवार को लगाया गया। रविवार को लाइन बहाल होने की उम्मीद है। इस बार यहां करीब एक हजार केवीए का ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। पहले 750 केवीए का ट्रांसफार्मर था। हालांकि यहां पहले 800 एम्पेयर के स्वीच के बदले 400 एम्पेयर का स्वीच दिया गया है। लोड अधिक है इसलिए स्वीच कितना काम करेगा यह समय बताएगा। इस दिन इलेक्ट्रिक इंजीनियर तरुण कुमार ने अपने अगुवाई में ट्रांसफर्मर को मंगवा कर स्थापित किया है। इंजीनियर तरुण व भाजपा नेता मनोज मुखिया सुबह से ट्रांसफर्मर लाने में लगे रहे। मौसम खराब होने की वजह से ट्रांसफार्मर लाने में देरी हुई। इधर, ट्रांसफॉर्मर आने के बाद लोगों मे काफी खुशी है।

**सफलता : सीआइएसएफ और बीएसएफ में सेवा के लिए चुने गये**

# एसएससी-जीडी परीक्षा में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए एक्सेल-30 के चार छात्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** भारत की अग्रणी इस्पात उत्पादक वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड को उनके प्रेरणा एक्सेल-30 सेंटर के चार प्रतिभावान छात्रों विश्वजीत चौधरी, विक्रम कुमार पाठक, चंदन कुमार चौबे और प्रेम कुमार गोप की उल्लेखनीय सफलता पर गर्व है। इन छात्रों ने परीक्षा को उत्तीर्ण होकर और अपना ज्वाइनिंग लेटर प्राप्त करके असाधारण उपलब्धि हासिल की है, जो राष्ट्र के लिए उनकी सेवा की एक नई शुरूआत है। विश्वजीत चौधरी, विक्रम पाठक और चंदन कुमार चौबे को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में सेवा के लिए चुना गया है, जबकि प्रेम कुमार गोप को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में शामिल होने का अवसर मिला है। इन प्रतिष्ठित संगठनों में उनका चयन उनके अटूट समर्पण और प्रेरणा एक्सेल 30 सेंटर में प्राप्त कठोर प्रशिक्षण का एक अदभूत प्रमाण है। वेदांता ईएसएल का प्रेरणा एक्सेल-30 सेंटर प्रतिभा को पोषित करने और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए अनुकूल सीखने का माहौल प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता के लिए प्रसिद्ध है। प्रेरणा एक्सेल 30 सेंटर के सार्थक सस्टेनेबल डेवलपमेंट फाउंडेशन (एसएसडीएफ) के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर मदन महतो ने कहा कि हम विश्वजीत चौधरी, विक्रम कुमार पाठक, चंदन कुमार चौबे और प्रेम कुमार गोप को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए बधाई देते हैं। उनका अविश्वसनीय समर्पण और कड़ी मेहनत रंग लाई है। वे अब सभी इच्छुक उम्मीदवारों के लिए एक प्रेरणा के रूप में खड़े हैं। हमें उनकी उपलब्धियों पर गर्व है। विश्वास भी है कि वे विशिष्टता के साथ देश की सेवा करना जारी रखेंगे। वेदांता ईएसएल ने चारों छात्रों को राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा में निरंतर सफलता और भविष्य की कामना की है।

झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)
कार्यालय: जिला कृषि पदाधिकारी, खूँटी

किसान भाईयों के लिये आवश्यक सूचना

खूँटी जिला के किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि विभिन्न अनुदानित उर्वरकों का कम्पनीवार प्रति बोरी अधिकतम खुदरा मुल्य (MRP) निम्न प्रकार है :–

| Sl. No. | Company | UREA Ind/Imp | DAP Ind/Imp | MOP | SSP | Complex 20:20:0:13 | Complex 12:32:16 | Complex 16:16:16 | Complex 14:28:00 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | IFFCO | 266.50 | 1350.00 | - | - | 1200.00 | - | - | - |
| 2 | NFL | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| 3 | YARA | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| 4 | KFL/KRIBHCO | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| 5 | Indorama | 266.50 | 1350.00 | - | 645.00 | 1470.00 | - | - | 1550.00 |
| 6 | IPL | 266.50 | 1350.00 | 1700.00 | - | 1250.00 | - | 1250.00 | - |
| 7 | MATIX | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| 8 | HURL | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| 9 | PPL | - | 1350.00 | - | - | 1250.00 | - | - | - |
| 10 | SAI | - | - | - | 575.00 | - | - | - | - |

नोट :–
1. युरिया की प्रति बोरी 45 कि0ग्रा0 पैक साईज की होती है एवं शेष उर्वरकों की बोरी 50 कि0ग्रा0 पैक साईज की होती है।
2. यदि किसी भी खुदरा विक्रेता द्वारा उक्त निर्धारित दर (MRP) से अधिक मुल्य पर उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, जिले के जिला कृषि कार्यालय तथा संयुक्त कृषि निदेशक के कार्यालय में इसकी शिकायत की जा सकती है।
3. यदि किसी विक्रेता द्वारा जबरन अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर अनुदानित उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित विक्रेता की अनुज्ञप्ति रद्द करते हुए उनके विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के तहत् सख्त कारवाई की जाएगी।

जिला कृषि पदाधिकारी
खूँटी

PR 308603 Agriculture (23-24)_D

**न्यूज रील्स**

### जेपी नड्डा और अमित मालवीय पर केस

**जोधपुर।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और आइटी सेल के हेड अमित मालवीय के खिलाफ जोधपुर कोर्ट में मानहानि का परिवाद दर्ज हो गया है। कांग्रेस नेता ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए राहुल गांधी को रावण बताने पर ये परिवाद दर्ज कराया है। अतिरिक्त मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट कोर्ट नंबर 1 में दायर इस परिवाद पर 11 अक्तूबर को सुनवाई होगी। परिवाद दर्ज कराने वाले कांग्रेस विधि विभाग के जिलाध्यक्ष और एडवोकेट दिनेश जोशी का आरोप है कि भाजपा के एक्स अकाउंट (ट्विटर) से राहुल गांधी की छवि धूमिल करने के लिए ये पोस्ट डाली गई थी।

# सीएम ने अमित रोहिदास को 1.5 करोड़ इनाम देने की घोषणा की

- सीएम ने भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ियों और सहयोगी कर्मचारियों के लिए 5 लाख रुपये देने की भी घोषणा की।

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** अमित रोहिदास के लिए डेढ़ करोड़ रुपये की इनाम राशि की घोषणा। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने भारतीय हॉकी टीम के उड़िया युवक अमित रोहिदास के लिए इस विशेष पुरस्कार की घोषणा की है। मुख्यमंत्री नवीन ने एशिया हॉकी स्वर्ण पदक के लिए रोहिदास को डेढ़ करोड़ रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। सूचना मुताबिक, भारतीय टीम ने कल एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए हॉकी में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय हॉकी टीम ने जापान के खिलाफ फाइनल में एकतरफा जीत दर्ज की। इसके साथ ही भारतीय हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक का टिकट भी हासिल कर लिया है। भारत ने पुरुष हॉकी में 16वां पदक जीतकर ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया है। हालांकि, जहां भारतीय हॉकी टीम को इसके लिए शुभकामनाएं दी गयी, वहीं ओड़िशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने भी कल वीडियो कॉल के जरिए उनसे बात की और अपनी शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय हॉकी टीम इसी तरह जीत का सिलसिला बरकरार रखे और देश का मान बढ़ाये और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री नवीन ने भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ियों और सहयोगी कर्मचारियों के लिए 5 लाख रुपये देने की भी घोषणा की। हालांकि, मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने आज भारतीय हॉकी टीम के उड़िया युवक अमित रोहिदास के लिए डेढ़ करोड़ रुपये के विशेष पुरस्कार की घोषणा की।

# एमसीएल ने प्रतिष्ठित डी एंड बी पीएसयू पुरस्कार जीता

आजाद सिपाही संवाददाता






**भुवनेश्वर।** संबलपुर महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) जो कि ओड़िशा में कारोबार करने वाली कोल इंडिया की प्रमुख सहायक कंपनी है, उन्होंने कोयला खनन क्षेत्र में व्यावसायिक उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित डन एंड ब्रैडस्ट्रीट पीएसयू पुरस्कार -2023 जीता है। कंपनी की ओर से, नयी दिल्ली में सार्वजनिक उपक्रम और सरकारी शिखर सम्मेलन के 15वें संस्करण में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के महाप्रबंधक/तकनीकी सचिव डॉ शंभू ने पुरस्कार प्राप्त किया। जिसमें डॉ. विवेक जोशी, आईएएस, सचिव, भारत सरकार-वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय ने भी भाग लिया। ओ पी सिंह, सह-प्रबंध निदेशक और कंपनी के कार्यात्मक निदेशकों ने इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को जीतने के लिए टीम एमसीएल को बधाई दी है और भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दी हैं। सीएमडी ने कहा, वर्ष 2023 के लिए डी एंड बी पुरस्कार टीम एमसीएल के लिए प्रेरणा का एक महत्वपूर्ण स्रोत है, क्योंकि यह देश में ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में सभी सदस्यों के सामूहिक और प्रतिबद्ध प्रयासों को स्वीकार करता है। अटूट उत्साह के साथ व्यावसायिक संचालन में उत्कृष्टता के लिए। डन एंड ब्रैडस्ट्रीट, एक अग्रणी वैश्विक बी2बी एनालिटिक्स और बिजनेस इंटेलिजेंस समाधान प्रदाता है, और दुनिया भर की कंपनियों को उनके व्यावसायिक प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद करता है। कोयला मंत्रालय के तहत एमसीएल भारत सरकार का एक अग्रणी सार्वजनिक उपक्रम है,कोयला खदानों का संचालन करता है।

## उड़िया जवान सरोज दास का पार्थिव शरीर भुवनेश्वर पहुंचा

# राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने श्रद्धांजलि दी

आजाद सिपाही संवाददाता





**सिक्किम की बाढ़ में सरोज शहीद हो गये**



**भूवनेश्वर।** शहीद उड़िया जवान सरोज कुमार दास का पार्थिव शरीर आज उनके जन्मस्थान पहुंचा। सरोज का पार्थिव शरीर भुवनेश्वर हवाईअड्डे पर पहुंचने के बाद गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राज्यपाल प्रोफेसर गणेशी लाल और मुख्यमंत्री पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद पार्थिव शरीर को एक विशेष करिडर में ढेंकनाल जिला कलेक्टर के कार्यालय ले जाया जायेगा। वहां जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धांजलि देने के बाद पार्थिव शरीर को शोभायात्रा में केंदुढीप गांव ले जाया जायेगा। अंतिम संस्कार राष्ट्रीय मयार्दा के अनुसार किया जायेगा। सिक्किम में आई प्रलयंकारी बाढ़ में 22 जवान बह गये। उनमें से एक जवान थे सरोज दाश, सरोज के साथ कोई संपर्क नहीं हो सका। सरोज के बड़े भाई के मोबाइल पर बचाये गये 5 जवानों के शवों की तस्वीरें भेजे गये। फटो को पहचान। इसके बाद घर में कोहराम मच गया। सरोज की शादी पिछले साल फरवरी में हुई थी।

# लक्ष्मण सिंह ने बूथ सशक्तिकरण को लेकर की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**राजधनवार।** धनवार प्रखंड क्षेत्र के जरीसिंघा और गादी में भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह के नेतृत्व में बूथ सशक्तिकरण को लेकर बैठक आयोजित गयी। बैठक के दौरान सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा आम जनमानस का विश्वास जीतने में कामयाबी रही है और पार्टी सबका साथ और सबका विकास और सबका प्रयास से निरंतर आगे बढ़ रही है। आगामी 2024 का चुनाव के लिए भाजपा के कार्यकर्ता अभी से तैयार हो जायें। देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संस्कृति को बचाने और भारत माता का परम वैभव पर पहुंचने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को भी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ देश के खातिर सहयोग करने की जरूरत है। सिंह ने कहा कि आने वाले लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव में पार्टी को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने के लिए अभी अल्पकालीन विस्तारक अपने पंचायत में जाकर पार्टी से संबंधित पंचायत के प्रभारी संयोजक के साथ मिलकर बूथ समिति को सशक्त बनायें। कड़ी में गादी सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में भी बूथ सशक्तिकरण के दौरान ग्रामीणों के सिंह ने कई सवाल खड़ा किये, जिसमे ग्रामीणों ने कहा कि सांसद आदर्श ग्राम होने के बावजूद इस गांव का मुख्य सड़क काफी जर्जर है। इसको यहां के ग्रामीणों ने चंदा लगा कर आने जाने लायक बनाया। वहीं देश के प्रधानमंत्री द्वारा हर घर नल योजना जो आज तक सांसद आदर्श ग्राम को नहीं मिल पाया है। कहा कि इस सांसद आदर्श ग्राम गादी में एक बड़ा तालाब है, जो यहां के किसानों के लिए खेती के लिए बरदान साबित होता है, जिसकी मरम्मत और रखरखाव के लिए जब से भाजपा संसाद रीतलाल वर्मा हुआ करते थे, तब से यह मांग ग्रामीण कर रहे है, लेकिन आजतक कोई पहल नहीं हुई। इसपर सिंह ने विभागीय पदाधिकारियो से बात की तथा लोगों की शिकायत को हल करने की बात कही।

# प्रतिष्ठित चेयर प्रोफेसरशिप स्थापित करने के लिए आइआइटी मुंबई ने जिंदल स्टेनलेस के साथ साझेदारी की

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** आईआईटी बॉम्बे ने संस्थान में चेयर प्रोफेसरशिप स्थापित करने के लिए जिंदल स्टेनलेस के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किये। यह चेयर स्टेनलेस स्टील क्षेत्र में औद्योगिक प्रक्रियाओं और उत्पाद प्रौद्योगिकियों में अनुसंधान का समर्थन करेगा और उसे बढ़ायेगा। शोध कार्य के उत्कृष्ट ट्रैक रिकॉर्ड वाले आईआईटी बॉम्बे के एक मौजूदा और प्रतिष्ठित प्रोफेसर को प्रतिष्ठित कुर्सी पर नियुक्त किया जायेगा। पहले चेयर प्रोफेसर का चयन संस्थान के आईआईटी बॉम्बे के धातुकर्म इंजीनियरिंग और सामग्री विज्ञान विभाग से किया जायेगा। इस पहल के बारे में बोलते हुए, आईआईटी बॉम्बे के निदेशक, प्रोफेसर सुभासिस चौधरी ने कहा, यह स्टेनलेस स्टील क्षेत्र के भीतर अनुसंधान और विकास को आगे बढ़ाने का एक शानदार अवसर है, क्योंकि अध्यक्ष मौजूदा ज्ञान आधार का लाभ उठायेगा और इस क्षेत्र में अकादमिक कार्य और अग्रणी अनुसंधान को बढ़ावा देगा। इससे समस्या-समाधान में सहायता मिलेगी और न केवल शैक्षणिक समुदाय के भीतर, बल्कि इंजीनियरिंग समुदाय के भीतर भी सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा मिलेगा। हम इस क्षेत्र में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए भारत के सबसे बड़े और विश्व स्तर पर प्रशंसित स्टेनलेस स्टील निमार्ता के साथ साझेदारी करके खुश हैं। इस विकास के बारे में आगे बताते हुए, जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक, अभ्युदय जिंदल ने कहा, जिंदल स्टेनलेस संक्षारण मुक्त भारत के निर्माण के बड़े उद्देश्य के साथ उद्योग-अकादमिक सहयोग को गहरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह चेयर प्रोफेसरशिप उसी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है, क्योंकि यह इस्पात धातु विज्ञान के क्षेत्र में अधिक नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देने में मदद करेगी। हमारा लक्ष्य टिकाऊ और टिकाऊ बुनियादी ढांचे में नये मानक बनाना और उनका अनुकरण करना है। आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान के साथ साझेदारी में मदद करेगी।























**वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची**

VERMA PRESS

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !












आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**